RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 166
नई दिल्ली, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़ा बदलाव

राष्ट्रीय-10

# हनुमान चालीसा को लेकर पीएम का कांग्रेस पर तंज



राजस्थान के टोंक में मंगलवार को एक जनसभा के दौरान भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी का सम्मान किया।

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर/रायपुर/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दो अलग अलग चुनावी रैलियों में धन के पुनर्वितरण पर मौजूदा विवाद को लेकर कांग्रेस पर हमला जारी रखा और आरोप लगाते हुए कहा कि सबसे पुरानी पार्टी कभी भी कांग्रेस शासित राज्यों में हनुमान चालीसा का पाठ और राम नवमी के उत्सव की अनुमति नहीं देती है। अपने राजस्थान दौरे में मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विस्तार करने और इसे मुसलमानों को देने की कोशिश की और एक बार फिर पार्टी पर लोगों की संपत्ति छीनने और इसे चुनिंदा लोगों के बीच वितरित करने की गहरी साजिश रचने का आरोप लगाया। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के तहत किसी की आस्था का पालन करना मुश्किल है और उस पार्टी के शासन में हनुमान चालीसा सुनना भी अपराध बन जाता है। उनकी टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब देश हनुमान जयंती मना रहा है।

टोंक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस ने केंद्र में सरकार बनाई, उसका पहला काम आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी आरक्षण को कम करना और मुसलमानों को देना था। उन्होंने कहा, मोदी आपको खुले दिल से गारंटी दे रहे हैं कि दलितों और पिछड़ों आदिवासियों का आरक्षण न तो खत्म होगा और न ही इसे धर्म के नाम पर बंटने दिया जाएगा। अपनी धन के पुनर्वितरण वाली टिप्पणी पर विवाद के बीच, प्रधानमंत्री ने फिर से आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों का धन छीन लेगी और इसे चुनिंदा लोगों को वितरित कर देगी। मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक भाषण दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

मोदी ने दावा करते हुए कहा, एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004 और 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की, लेकिन कानूनी बाधाओं और सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण ऐसा नहीं हो सका।' उन्होंने कहा, 2011 में कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के लिए एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए अधिकारों को छीनने और दूसरों को देने का खेल खेला। कांग्रेस ने जानबूझकर और संविधान और बीआर अम्बेडकर की परवाह किए बिना ऐसा किया। मोदी ने आरोप लगाया कि जब कर्नाटक में भाजपा सरकार को मौका मिला तो उसने सबसे पहला काम एसटी और एससी से छीनकर बनाए गए मुस्लिम कोटा को खत्म करने का किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरक्षण की संवैधानिक सीमा 2020 में समाप्त हो रही है और उन्होंने दलित और आदिवासियों के आरक्षण को अगले 10 वर्षों के लिए बढ़ा दिया है।

मोदी ने कहा कि राजस्थान के बांसवाड़ा में अपने हालिया संबोधन में उनके वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस और इंडिया गठबंधन नाराज हो गए थे। कांग्रेस पर हमला करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस शासन में हनुमान चालीसा सुनना भी अपराध हो गया है और उन्होंने कांग्रेस शासित कर्नाटक की एक घटना का जिक्र किया जहां हनुमान चालीसा सुनने पर एक दुकानदार की पिटाई कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान रामनवमी जुलूस पर पथराव करने वालों को संरक्षण दिया गया था और ऐसे जुलूस पर प्रतिबंध लगाए गए थे। लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद आस्था पर सवाल उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है। उन्होंने कहा, अब आप शांति से हनुमान चालीसा का पाठ भी करेंगे और रामनवमी भी मनाएंगे, ये भाजपा की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर अपने शासनकाल के दौरान मालपुरा, करौली, छबड़ा, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंकने का भी आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ के सक्ती में एक अन्य चुनावी रैली में, मोदी ने गोवा ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में मंगलवार को हल्की बारिश लोगों को गर्मी से राहत मिली। फोटोः रंजन डिमरी

## एशिया ने सबसे अधिक झेला मौसमी आपदाओं का दंश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पिछले साल,** एशिया ने दुनिया में सबसे अधिक विषम मौसम के 79 आपदाओं को झेला, जिसमें चरम मौसम जैसे अधिक गर्मी, सर्दी और बारिश के साथ जलवायु संबंधित खतरनाक स्थितियों से 90 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और 2,000 से अधिक लोगों की जान चली गई। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ)की एक नई रिपोर्ट में इस प्रकार के जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी की रक्षा के लिए ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को जारी रिपोर्ट 'एशिया में जलवायु की स्थिति 2023' में कहा गया कि एशिया वैश्विक औसत की तुलना में तेजी से गर्म हुआ है और 1961-1990 की अवधि के बाद से वैश्विक वार्मिंग की प्रवृत्ति लगभग दोगुनी हो गई है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि सतह के तापमान, ग्लेशियर के पीछे हटने और समुद्र के स्तर में वृद्धि जैसे प्रमुख जलवायु परिवर्तन संकेतकों की तेज़ दर से एशिया, इसकी अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिक तंत्र पर बड़े परिणाम होंगे। ( शेष पेज 9 )

### मौसम के अचानक बिगड़ते मिजाज से जूझी दिल्ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को हुई तेज हवाओं और बारिश ने दिल्लीवासियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली। अचानक वायुमंडलीय परिवर्तन से तापमान में गिरावट आई, हालांकि मौसम अधिकारियों ने अगले सात दिनों तक लू की स्थिति नहीं होने की भविष्यवाणी की है। मौसम कार्यालय ने बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने, हल्की बारिश/आंधी के साथ ओलावृष्टि और आंधी आने( शेष पेज 9 )



## बच्चों को माता-पिता के साथ सीट दें एयरलाइन :डीजीसीए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**विमानन नियामक** डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा, एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिताा अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है। मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ ( शेष पेज 9 )

## केजरीवाल को जेल में दी गई इंसुलिन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रक्त शर्करा** के स्तर पर चल रहे विवाद के बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने के बाद इंसुलिन की छोटी खुराक दी गई है। इस बीच, राउज एवेन्यू अदालत ने कथित आबकारी शुल्क घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) ने हनुमान जयंती के मौके पर प्राप्त हुई इस जानकारी का स्वागत किया और कहा कि यह बजरंग बली के आशीर्वाद का नतीजा है।

तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गई, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर मुख्यमंत्री को इंसुलिन मिल ही गया। सिंह ने कहा, भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि केजरीवाल को 23 दिनों के बाद इंसुलिन दिया गया। हम कह रहे थे कि केजरीवाल को इंसुलिन दिए जाने की जरूरत है लेकिन उन्होंने (जेल प्रशासन) अब इंसुलिन दिया। दिल्ली के लोग केजरीवाल के बारे में चिंतित थे लेकिन उनका संघर्ष सफल हुआ। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बजरंग बली की जय। हनुमान जयंती पर मिली खुशखबरी। तिहाड़ प्रशासन ने अरविंद केजरीवाल को आखिरकार इंसुलिन दी। यह हनुमान जी के आशीर्वाद और दिल्ली वालों के संघर्ष का नतीजा है। इस संघर्ष के दौर में भी बजरंग बली का आशीर्वाद हम सब पर बना हुआ है। आतिशी के मंत्रिमंडल सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि अधिकारी केजरीवाल को जानबूझकर इंसुलिन नहीं दे रहे थे। भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज साफ हो गया कि मुख्यमंत्री सही थे। उन्हें इंसुलिन की जरूरत थी लेकिन भाजपा नीत केंद्र सरकार के अधिकारी जानबूझकर उनका इलाज नहीं कर रहे थे। बताओ भाजपा वालों, अगर इंसुलिन की जरूरत ही नहीं है तो अब क्यों दे रहे हैं ? क्योंकि पूरी दुनिया इन पर लानत भेज रही है।

## केरल में भाजपा को समर्थन के मुद्दे पर बंटे हैं चर्च

कुमार चेल्लप्पन। कोच्चि

**केरल में** लोकसभा चुनाव होने में मुश्किल से चार दिन बचे हैं, दो प्रमुख ईसाई संप्रदाय केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के खिलाफ सामने आ गए हैं। सोमवार को जैकोबाइट चर्च के प्रमुख जोसेफ मार ग्रेगोरियोस ने घोषणा की कि उनके संप्रदाय के अनुयायी सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ द्वारा मैदान में उतारे गए उम्मीदवारों के लिए सामूहिक रूप से मतदान करेंगे। जेकोबाइट चर्च ने कहा, केरल में एलडीएफ सरकार ने हमेशा चर्च का समर्थन और मदद की है। सीपीआई (एम) चर्च की मांगों के साथ खड़ी है और इसलिए हम एलडीएफ उम्मीदवारों को चुनकर उनकी मदद करने के लिए बाध्य हैं। लेकिन जब



उनसे कांग्रेस उम्मीदवार बेनी बेहन्नान, कांग्रेस उम्मीदवार और जैकोबाइट चर्च के सदस्य के बारे में पूछा गया, जो चलक्कुडी निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई (एम) और एनडीए द्वारा मैदान में उतारे गए दो हिंदू उम्मीदवारों के खिलाफ खड़े हैं, तो वह टाल गए। ग्रेगोरियोस ने कहा विश्वासियों को जमीनी हकीकत का अध्ययन करने के बाद अपना निर्णय लेने दें। चर्च के हित मजबूत होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जैकोबाइट चर्च के पास चर्चों के नियंत्रण को लेकर कई मुद्दे हैं और यह सीपीआई (एम) है जो हमेशा संप्रदाय के साथ खड़ी रही है।

इस बीच, तटीय केरल के एक प्रमुख वर्ग लैटिन कैथोलिक चर्च ने घोषणा की कि वह कभी भी भाजपा का समर्थन नहीं करेगा। केरल क्षेत्र लैटिन कैथोलिक परिषद, संप्रदाय की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था ने सोमवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार ने लैटिन कैथोलिक चर्च के लिए निर्धारित धन को रोककर मिशनरी कार्यों (धर्मांतरण, धर्म प्रचार और शिक्षा) को नष्ट कर दिया है। यह आश्वासन देने के बाद भी कि चर्च के लिए आवंटित धनराशि को रोका नहीं जाएगा, केंद्र सरकार ने दो और खातों को रोक दिया है और इससे मिशनरी कार्य असंभव हो गए हैं। केआरएलसीसी ने ( शेष पेज 9 )

UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
आचार्य बालकृष्ण,
स्वामी रामदेव,
हरिद्वार, उत्तराखंड

# विश्व पटल पर आज नोएडा का नाम है : राजनाथ

● भ्रष्टाचार का नहीं, भारत के विकास का सेंटर बना गौतमबुद्ध नगरः रक्षा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दादरी में आयोजित जनसभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सम्मानित करते गौतमबुद्धनगर के भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा।

दादरी पहुंचे केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा हिन्दू और मुसलमानों को बांटकर केन्द्र में अपनी सरकारें बनाई हैं। कांग्रेस अब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हिन्दू और मुसलमानों को बांटने का जो आरोप लगा रही है वह पूरी तरह गलत है।

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दादरी पहुंचकर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में वोट मांगे। राजनाथ सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए तीसरी बार देश के यशस्वी नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

दादरी के बिसाहड़ा में स्थित राणा संग्राम सिंह इंटर कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया।

इस जनसभा में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूद अपार भीड़ को संबोधित किया। रक्षामंत्री ने अपना संबोधन भारत माता की जय के उद्घोष से शुरू किया। जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जनता ने बेहद गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत किया है। इसका मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि एक समय था कि पूर्व में नोएडा राजनेताओं और अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का एक बड़ा सेंटर था, लेकिन केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने आज इस क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।

आज नोएडा करप्शन का सेंटर नहीं बल्कि भारत के विकास का सेंटर बन गया है। विश्व पटल पर आज नोएडा का नाम है। आज नोएडा पर्यटन और कानून व्यवस्था के लिए देश भर में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो जेवर में एयरपोर्ट के प्रस्ताव को लेकर केन्द्र की सरकार के पास गए थे, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को बनाने का संकल्प लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले उप्र की गिनती गरीब राज्यों की श्रेणी में होती है। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने करिशमाई काम किया है और मुझे ये कहते हुए गर्व है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 मिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है जो वायदे करती है तो उन्हें पूरा भी करती है। केन्द्र में बहुमत की सरकार बनने के बाद भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त किया।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया। साथ ही तीन तलाक की कुप्रथा को भी समाप्त कर लाखों बहन-बेटियों को उनका सम्मान लौटाया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज विपक्ष प्रधानमंत्री पर अंगुली उठा रहा है कि वह हिन्दु-मुस्लिम को बांटकर राजनीति कर रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तक हिन्दु-मुस्लिम व अन्य सम्प्रदायों में कोई फर्क नहीं किया। कांग्रेस हमेशा जनता को धोखे में रखकर राजनीति करती है।



रैली में भारी संख्या में भाजपा समर्थक।

जनसभा में राजनाथ सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था, रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान फंसे 25 हजार भारतीय बच्चों को सुरक्षित वापस लाने तथा रक्षा के क्षेत्र में हुए विकास तथा भारत का दुनिया में बढ़ रहे सम्मान की बात रखी। अपने संबोधन के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने क्षेत्र में काफी विकास करवाया है और अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए वह मंत्रियों को बहुत परेशान करते हैं।

उन्होंने जनता से अपील की कि अगर देश का अगला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है तो इस क्षेत्र से डा. महेश शर्मा को 5 लाख से अधिक वोटों से जिताकर संसद में भेजें। जनसभा में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, नरेन्द्र भाटी, सिकन्द्राबाद की विधायक लक्ष्मी राज सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी, त्रिलोक त्यागी, मदन चौहान, सरोज सिंह मुंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरठ में गरजीं मायावती, याकूब कुरैशी ने भेंट किया सोने का मुकुट

● मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में की जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




रैली को संबोधित करती बसपा प्रमुख मायावती।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भरतीय जनता पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए जनता से हर बार धोखा किया है। यही कारण है कि बसपा अपना घोषणा पत्र चुनाव में लेकर नहीं आती है, क्योंकि बसपा कहने में नहीं, करने में विश्वास रखती है। बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती मंगलवार को मेरठ पहुंचीं। वहीं, कार्यकर्ताओं ने मायावती का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान मंच पर पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी व हाफिज इमरान ने मिलकर बहन मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं, समर्थकों के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा।

मायावती ने कहा कि इस बार अगर वोट डालने वाली मशीन में गड़बड़ी नहीं हुई तो चुनाव परिणाम बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में अगर हमारी सरकार आएगी तो हम पश्चिम उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाएंगे। आगे कहा कि मेरठ काफी समय से हाई कोर्ट बेंच की मांग कर रहा है। हम सत्ता में आते ही इस मांग को भी पूरा करेंगे। बसपा प्रमुख ने अपने कार्यकर्ताओं से किसी के बहकावे में न आने और बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के पक्ष में मतदान करने का संदेश भी दिया। बसपा अध्यक्ष ने मंगलवार को हापुड़ रोड स्थित गांव अलीपुर में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा की। बता दें कि जनसभा का यह कार्यक्रम हापुड रोड पर अल्लीपुर में रखा गया। यहां मायावती ने बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से देवव्रत त्यागी को वोट करने की अपील की। इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंची हैं। यहां उन्होंने मंच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंच से वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही।

मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को भी गन्ने का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया।

वहीं एक दिन पूर्व बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने सिकंदराबाद में राजेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा में विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने 26 अप्रैल को बसपा के पक्ष मतदान करने की अपील की। बसपा सुप्रीमो की रैली में युवाओं, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

सिकंदराबाद में बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गुर्जर समाज को लगता होगा कि बसपा ने गुर्जर समाज को टिकट नहीं दिया क्योंकि इस सीट से बसपा ने अधिकांश समय गुर्जर समाज के प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया है लेकिन इस बार क्षत्रिय समाज के राजेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है।

ऐसा हमें इसलिए करना पड़ा है क्योंकि यहां पर हमने कई लोकसभा चुनावों में गुर्जर समाज को टिकट दिया लेकिन वहीं दूसरी पार्टी से भी गुर्जर समाज के प्रत्याशी के खड़ा हो जाने के कारण उनका वोट बंटता रहा और जिसका पूरा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है और वह कई बार चुनाव जीतती रही है। इसीलिए, हमने भाजपा को रोकने के लिए, गुर्जर समाज नहीं बल्कि क्षत्रिय समाज को खड़ा करने का फैसला लिया।

कड़ी सुरक्षा के बीच होगा गौतमबुद्ध नगर लोकसभा चुनाव

# सात सुपर जोन में 10 हजार जवान रहेंगे तैनात, लखनऊ से होगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर लोकसभा चुनाव में इस बार करीब 6.75 लाख मतदाता अपना वोट देंगे। इस चुनाव को लेकर जिला प्रशासन से लेकर पुलिस तक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

26 अप्रैल को होने वाले मतदान में दस हजार जवान सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। इसमें पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी शामिल होंगे। पूरे जिले को सात सुपर जोन और 120 सेक्टर में बांट दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर में होने वाले चुनाव में डीसीपी और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।

हर बूथ पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। जिसकी निगरानी जिले में कंट्रोल रूम के अलावा लखनऊ से भी की जाएगी। सुबह 5:00 बजे से पुलिसकर्मी बूथ पर तैनात हो जाएंगे। आचार संहिता लगने के बाद से ही पुलिस सख्ती में है। गौतमबुद्ध नगर में चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ ना कर सके इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। क्षेत्र में पुलिस लगातार पैदल गैस कर रहा है।

पैरामीट्री फोर्स ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस का दावा है कि व्यवस्था ऐसी होगी कि कोई कानून व्यवस्था हाथ में लेने की कोशिश नहीं कर पाएगा।

13 आईपीएस सहित कुल 35 से अधिक राजपत्रित अधिकारियों के कंधे पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी। संसाधनों से लैस पुलिस सीसीटीवी की मदद लेकर असामाजिक तत्वों को पकड़ने का प्रयास करती रहेगी।

जिन 10 हजार जवानों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है उनमें कुछ जिले में तैनात पुलिसकर्मी होंगे जबकि कुछ अन्य जिलों से चुनाव से ठीक पहले जिले में आएंगे। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार 26.75 लाख लोग अपना वोट देंगे। पूरी लोकसभा सीट पर 26,75,148 लोग अपने मत का इस्तेमाल करेंगे।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

*नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र में सोमवार देर रात सेल्समैन की हत्या करने वाले बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। घटना में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसके बाद उसे को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया बदमाश 25 हजार रुपये का इनामी है। घायल बदमाश ने 31 मार्च को अपने साथियों के साथ मिलकर सेल्समैन की हत्या कर दी थी। उसके साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। सोमवार देर रात थाना बिसरख पुलिस द्वारा एक मूर्ति चौराहे पर चेकिंग की जा रही। इसी दौरान एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर गैलेक्सी वेगा गोलचक्कर की तरफ से आ रहा था। जिसको रुकने का इशारा किया गया, जो नहीं रुका और तेजी से कट मारकर सर्विस रोड पर चार मूर्ति की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ भागने लगा। बदमाश होने के शक पर पीछा किया गया तो बाइक सवार युवक द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से अवैध असलहा से फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, बदमाश की पहचान नाजिम निवासी ग्राम खरदोनी शेखपुर थाना इंचोली जिला मेरठ के रूप में हुई।*

## गाजियाबाद में स्वाइन फ्लू से कारोबारी की हुई मौत

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन निवासी कारोबारी की स्वाइन फ्लू से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुखार आने पर कारोबारी की तबियत बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें 18 अप्रैल को कविनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनकी मौत हो गई।

कारोबारी को पहले से कोई बीमारी नहीं थी। सांस लेने में दिक्कत और बुखार के चलते परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

जांच में निमोनिया की पुष्टि होने पर उनका एन1एच1 टेस्ट कराया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इलाज चल रहा था।

# जिला उपभोक्ता आयोग ने सीईओ को भेजा नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ को दो मई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा है।

आदेश का पालन करने के लिए वादी महेश मित्रा ने आयोग में गुहार लगाई थी। आयोग ने कहा कि पूर्व सीईओ के तबादले के बाद आदेश के पालन का उत्तरदायित्व वर्तमान पद पर पदस्थ अधिकारी का है। वर्तमान में पद पर तैनात अधिकारी पालन के लिए उत्तरदायी हैं। आयोग ने सीईओ रवि कुमार एनजी को धारा 251 दंड प्रक्रिया संहिता का नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस दिया है। अहम है कि राज्य उपभोक्ता आयोग ने महेश मित्रा के मामले में सुनवाई के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को दो माह में 1000 वर्ग मीटर से 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का भूखंड पूर्व नियमों एवं शर्तों पर आवंटित करने का आदेश दिया था। लेकिन अभी तक ग्रेनो प्राधिकरण से इसका पालन नहीं किया है।

## संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त समस्या का निस्तारण करते हुए।

### ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग स्थानों से दो शव बरामद

नोएडा। शहर में अलग-अलग जगहों पर दो लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस दोनों शवों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहर के दनकौर थाना क्षेत्र के सरकपुर गांव के पास नहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। तो वहीं दूसरे शव दादरी थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के बाहर भी एक अज्ञा युवक का शव पड़ा हुआ मिला। फिलहाल दोनों ही शवों की पहचान नहीं हो पाई है। थाना दनकौर के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़ गया। जिस कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई। वहीं दादरी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त युवक लावारिस हालत में घूमता रहता था और जहां जगह मिल जाती थी वहीं सो जाता था।

### भाजपा कार्यकर्ता का हत्यारोपी सपा जिला सचिव फरार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र के बंबावड़ गांव में भाजपा कार्यकर्ता धीरेंद्र उर्फ फिरे नागर की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले चौंका देने वाला खुलासा हुआ है। फिर नागर को पीटने वालों में सपा का जिला सचिव भी शामिल था, जो अभी फरार बताया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ मृतक का परिवार डर के साए में जिंदगी गुजार रहा है। परिवार को डर है कि आरोपी पक्ष फिर से हमला कर सकता है। मृतक धीरेंद्र उर्फ फिरे नागर के बेटे प्रवीण नागर ने बताया कि उनके पिता भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता थे। वह खुद भी भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं, लेकिन अभी नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन उनके पिता घर जा रहे थे, तभी रास्ते में आरोपी पक्ष के लोग उनसे चुनाव को लेकर बहस करने लगे। जिसका उन्होंने विरोध किया तो आरोपी पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पीट-पीटकर उनके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया,जहां रविवार रात उनकी मौत हो गई।

### सफाई में नोएडा मॉडल को अपनाएगा भिलाई निगम

नोएडा। छत्तीसगढ़ का भिलाई नगर निगम नोएडा के साफ-सफाई के मॉडल को अपनाएगा। इस बाबत भिलाई की टीम ने नोएडा का दौरा किया और साफ-सफाई का पूरा सेटअप देखा। दौरे के बाद टीम ने नोएडा में स्वच्छता संबंधी कराये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा यहां के पिंक शौचालय के मॉडल को भी अपनाने की इच्छा व्यक्त की। नोएडा में दौरे के दौरान अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा और कंसल्टेंट हरीश ठाकुर उपस्थित रहे। टीम ने नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में डीजीएम एसपी सिंह के साथ बैठक कर नोएडा प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों और योजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद स्थल भ्रमण किया गया। सबसे पहले टीम ने कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट देखा। इसके बाद पिंक शौचालय का निरीक्षण किया।

# नलगढ़ा में अरबों की सरकारी जमीन पर कब्जे की जांच शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-145 स्थित नलगढ़ा गांव की 2800 बीघा जमीन पर फर्जी चकबंदी के आदेशों की आड़ में कब्जा करने की जांच उपसंचालक चकबंदी ने शुरू कर दी है।

इस मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से की गई थी। अपसंचालक चकबंदी के आदेशों की भी जांच कर रहे हैं। अहम है कि यहां हुई हेराफेरी का आरोप पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कई लोगों पर लगा था। मुख्यमंत्री को दी शिकायत में ग्राम नलगढ़ के किसान विजेंद्र ने आरोप लगाया है कि दादरी तहसील के नलगढ़ा गांव में 7 खसरा में 2781 बीघा जमीन थी। जिस पर बंजर ग्राम सभा दर्ज थी। जमीन पर कब्जा का मुकदमा न्यायालय मुंसिफ बुलंदशहर में चला था। जिसको 24 अप्रैल 1961 को निरस्त कर दिया गया था। जमींदारी खात्मा कानून लागू होने के बाद 7 जुलाई 1952 को खतौनी 1359 फसली में भूमि बंजर ग्राम सभा दर्ज कर दी गई थी। जबकि देशभक्त नामक व्यक्ति व अन्य अपने को नंबरदार द्वारा पट्टा किया जाना बताकर मालिक बता रहे थे। कुछ लोग इस जमीन पर अपना कब्जा बता रहे थे। नलगढ़ा में 1981 में चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें कुछ लोगों ने जमीन पर संक्रमणीय दर्ज कराने की मांग की। वहीं चकबंदी अधिकारी गाजियाबाद की न्यायालय में मुकदमा चला था। लेकिन चकबंदी अधिकारी ने किसानों को कब्जे के आधार पर मालिक नहीं माना।

## बिल्डर ने जमा कराए 125 करोड़, खरीदारों को जल्द मिलेगा आशियाना

नोएडा। फ्लैट खरीदारों की सहूलियत के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू हुए चार महीने का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक मात्र 15 परियोजनाओं के बिल्डर ही पैसा जमा करने के लिए आगे आए हैं।

करीब 27 बिल्डरों ने पैसा जमा नहीं किया है। ऐसे में अब बिल्डरों पर सख्ती की तैयारी है। नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट शासन को भेज दी है। यूपी कैबिनेट की मंजूरी के बाद अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को 21 दिसंबर 2023 को लागू कर दिया गया था। नोएडा में 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका किसी न्यायालय या किसी तरह का विवाद नहीं है। परियोजनाओं के बिल्डरों के साथ सीईओ ने बैठक की थी।

# प्रेमिका संग रवि काना थाईलैंड से गिरफ्तार

● जल्द भारत लाने की प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





गौतमबुद्ध नगर के सबसे बड़े स्क्रैप माफिया रवि काना को गिरफ्तार किया है। रवि काना के साथ उसकी प्रेमिका काजल झा को भी पुलिस ने थाईलैंड से गिरफ्तार किया है। अब उसको बहुत जल्द इंडिया लाया जाएगा।

स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ 500 पन्नों की चार्जशीट नोएडा पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर कोर्ट में दाखिल की हैं। नोएडा पुलिस ने चार्जशीट दाखिल करते हुए रवि काना को काले कारोबार का सरगना बताया है। इसके अलावा काजल झा को काले कारोबार में बराबर का हिस्सेदार बताया गया है। पुलिस ने काले कारोबार का पूरा चिट्ठा कोर्ट के सामने पेश किया है। रवि काना हरेंद्र प्रधान दादुपुर का छोटा भाई है।

हरेंद्र प्रधान की हत्या वर्ष 2015 में सुंदर भाटी ने करवाई थी। हरेंद्र नागर हत्याकांड गौतमबुद्ध नगर के चर्चित हत्याकांड में शामिल है। हरेंद्र नागर की हत्या होने के बाद स्क्रैप और सरिया तस्करी का सारा काम रवि काना ने संभाल लिया। हरेंद्र प्रधान हत्याकांड के बाद रवि काना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी और सरकार ने रवि काना को पुलिस सुरक्षा दी। सुरक्षा मिलने के बाद रवि ने इसका दुरुपयोग किया। रवि काना ने स्क्रैप माफिया और तस्करी के लिए पुलिस सुरक्षा का इस्तेमाल किया था। रवि के अलावा उसकी भाभी यानी कि हरेंद्र नागर की बीवी बेवन नागर और भाई राजकुमार नागर को भी पुलिस सुरक्षा मिली। हालांकि, रेप का मुकदमा दर्ज होने से करीब 6 महीने पहले रवि काना की पुलिस सुरक्षा हटा ली गई थी। स्क्रैप माफिया रवि काना ने पुलिस सुरक्षा में रहते हुए काफी बड़े अपराध किया।

इस समय रवि के खिलाफ 11 मुकदमे दर्ज हैं। 10 मुकदमे दर्ज होने तक तो रवि काना बाहुबली बनकर घूमता रहा, लेकिन 11वां मुकदमा दर्ज होने के बाद रवि काना के उल्टे दिन शुरू हो गए रवि काना को स्क्रैप की दुनिया का बादशाह भी कहा जाता है।




# चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस का रहा दबदबा

**● यहां पर कांग्रेस 9 बार और भाजपा को 5 लोकसभा चुनाव में मिली जीत**

**संजय राय।** नई दिल्ली

चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र सामान्य श्रेणी में आता है। इसमें, मध्य दिल्ली और उत्तरी दिल्ली जिले के कुछ हिस्से आते हैं। उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिले के भी कुछ हिस्से इस सीट के अंतर्गत आते हैं। यहां की साक्षरता दर 75.9 फीसदी है।

भारतीय जनता पार्टी के डॉ हर्षवर्धन यहां के सांसद हैं। वह पिछले दो बार से यहां से चुनाव जीतते आ रहे हैं। हालांकि इस बार उनका टिकट कट गया है।

भाजपा ने इस बार के चुनाव में प्रवीण खंडेलवाल पर भरोसा जताया है। कांग्रेस ने अनुभवी जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। इन दोनों नेताओं के बीच होने मुकाबला दिलचस्प होगा। मोदी लहर पर सवार प्रवीण खंडेलवाल का मुकाबला राजनीति के कद्दावर नेता जयप्रकाश अग्रवाल से है। अग्रवाल का चांदनी चौक सीट से चार दशक पुराना नाता है। उन्होंने वर्ष 1984 में लोकसभा चुनाव में पहली बार चांदनी चौक से जीत दर्ज की थी। उसके बाद वर्ष 1989 और 1996 का चुनाव भी चांदनी चौक से जीत तो वर्ष 2009 में उत्तर पूर्वी दिल्ली से चौथी जीत हासिल की थी हालांकि वर्ष 1991 और 2019 में घरेलू मैदान के साथ वर्ष 2014 में उत्तर पूर्वी दिल्ली से हार का स्वाद भी चखा था। उनका मुकाबला इस बार व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। मोदी लहर पर सवार खंडेलवाल से पार पाना जयप्रकाश अग्रवाल के लिए भी आसान नहीं होगा लेकिन उनके नाम की घोषणा ने चांदनी चौक के चुनावी घमासान को जरूर दिलचस्प बना दिया है । एक तरफ उनके पास 40 वर्ष का राजनीतिक अनुभव है तो क्षेत्र में उनका नाम है जबकि प्रवीण खंडेलवाल राजनीति में नए हैं लेकिन व्यापारियों के बीच वह भी लंबे समय से सक्रिय है साथ ही राम मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे मोदी सरकार की वादों को पूरा करने की गारंटी है।

प्रवीण खंडेलवाल वर्ष 2008 में भाजपा के टिकट पर चांदनी चौक विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन तब उन्हें आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक प्रहलाद सिंह साहनी से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से वह व्यापारी सियासत में अधिक सक्रिय रहे हैं जो उनके लिए अवसर के रूप में तब्दील हुआ और उन्हें टिकट मिला।

जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें दस बार चुनाव लड़ने का मौका दिया है। इनमें से 8वीं बार चाँदनी चौक से चुनाव लड़ने का मौका दिया है। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ चाँदनी चौक क्षेत्र का मतदाता भी हैं। चाँदनी चौक दिल्ली का दिल है और यहां रहने वाले हर व्यक्ति चाहे वो गरीब हो, अमीर हो, मध्यम वर्ग का हो, रेहड़ी पटरी वाला हो, मजदूर हो, व्यापारी, दुकानदार, स्थानीय निवासी सबसे मेरे घरेलू संबध है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने संसद में यहां की जनता के लिए शब्द भी नहीं बोला और पूरे समय मुंह बंद करके रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी हक में 1000 से भी अधिक सवाल पूछे।

### किस समाज के कितने लोग

*चांदनी चौक लोकसभा सीट पर 8,48,303 पुरुष मतदाता और 7,13,393 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय सीट पर लगभग 25 फीसदी वैश्य वोटर हैं, जबकि 14 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के हैं। इसके अलावा एससी जाति के 21.14 फीसदी, जैन 1.24 फीसदी और सिख 2.26 फीसदी चांदनी चौक में रहते हैं।*


जयप्रकाश अग्रवाल


प्रवीण खंडेलवाल

### सीट पर वैश्य व व्यापारी प्रभावी भूमिका में

चांदनी चौक में करीब 25 फीसदी के साथ वैश्य और व्यापारी समुदाय प्रभावी भूमिका में है इसलिए दोनों दलों ने यहां से वैश्य समुदाय से प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि 14 फीसदी के साथ मुस्लिम समुदाय का झुकाव गठबंधन की ओर देखा जा सकता है। संसदीय क्षेत्र से 9 बार कांग्रेस और पांच बार भाजपा को चुनाव में जीत मिली है।

# हनुमान की कृपा से सीएम को मिली इंसुलिन : आप

**● आप नेता आतिशी, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने इसे ईश्वर का आशीर्वाद माना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ऐसा भगवान हनुमान के आशीर्वाद के कारण हुआ है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बजरंग बली की जय। हनुमान जयंती पर मिली खुशखबरी। तिहाड़ प्रशासन ने अरविंद केजरीवाल को आखिरकार इंसुलिन दी। यह हनुमान जी के आशीर्वाद और दिल्ली वालों के संघर्ष से संभव हुआ है। इस संघर्ष के दौर में भी बजरंग बली का आशीर्वाद हम सब पर बना हुआ है।

तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गई, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज हनुमान जयंती के मौके पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां भगवान हनुमान की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने इंसुलिन की शीशियों वाला एक कट-आउट गले में पहना हुआ था और भारद्वाज गदा लिए एक वाहन पर सवार होकर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया, हनुमानजी ने अपने भक्त अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दिया है।

अदालत ने आदेश पारित किया, जेल ने इनकार किया लेकिन हनुमानजी के कारण केजरीवाल को इंसुलिन मिला। हम केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य, लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करते हैं और वह जल्द ही रिहा होंगे। इससे पहले दिन में भारद्वाज ने आरोप लगाया था कि अधिकारी केजरीवाल को जानबूझकर इंसुलिन नहीं दे रहे थे। भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज साफ हो गया कि मुख्यमंत्री सही थे।


उन्हें इंसुलिन की जरूरत थी लेकिन भाजपा नीत केंद्र सरकार के अधिकारी जानबूझकर उनका इलाज नहीं कर रहे थे। बताओ भाजपा वालों, अगर इंसुलिन की जरूरत ही नहीं है तो अब क्यों दे रहे हैं ? क्योंकि पूरी दुनिया इन पर लानत भेज रही है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर मुख्यमंत्री को इंसुलिन मिल ही गई। सिंह ने कहा, भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि केजरीवाल को 23 दिनों के बाद इंसुलिन दिया गया। हम कह रहे थे कि केजरीवाल को इंसुलिन दिए जाने की जरूरत है लेकिन उन्होंने (जेल प्रशासन) अब जाकर इंसुलिन दिया। दिल्ली के लोग केजरीवाल के बारे में चिंतित थे लेकिन उनका संघर्ष सफल हुआ।


शोभा यात्रा के दौरान इंसुलिन के साथ हनुमान भक्त व साथ में मंत्री सौरभ भारद्वाज।

### सुनीता केजरीवाल ने हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना की

***नई दिल्ली।*** *मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि अगली बार वह अपने पति के साथ मंदिर में आएंगी। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुनीता ने कहा, हनुमान बाबा सभी को सदबुद्धि और समृद्धि दें।*

## केजरीवाल और कविता की हिरासत 7 मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी।

हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। न्यायाधीश ने सीबीआई जांच के अधीन एक भ्रष्टाचार मामले में तेलंगाना विधान परिषद की एक सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ा दी।

# भाजपा का 9745 बूथों पर हनुमान चालीसा का पाठ

**● प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ द्वारका, वीरेन्द्र सचदेवा कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की आरती**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 9745 बूथों पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की।

मंगलवार शाम को प्रदेश भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ हनुमान मंदिर, राजनगर, द्वारका में और दिल्ली अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा प्राचीन हनुमान मंदिर, कनाट प्लेस में कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित हुए।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा की हनुमान सत्य, संकल्प, समर्पण, शक्ति एवं समृद्धि के प्रतिक हैं और उनकी पूजा इंसान को सफलता दायक है। दिल्ली गत कुछ सालों से सरकारी भ्रष्टाचार से त्रस्त है और विकास ठप्प हो गया है और आज का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ विकास एवं समृद्धि की कामना से आयोजित किया है। सचदेवा ने कहा जो वर्ष 2022 तक राम मंदिर का विरोध करते थे वे आज खुद को राम भक्त बताते हैं। लोकसभा चुनाव में ऐसे सभी दोहरे चरित्र के लोगों का हिसाब करेंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकली शोभा यात्रा


पुलिस सुरक्षा के बीच निकाली गई शोभायात्रा। फोटो: रंजन डिमरी

**● सांप्रदायिक झड़प के मद्देनजर पुलिस की रही सख्ती**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर मंगलवार को जहांगीरपुरी शोभायात्रा के दौरान निगरानी के लिए बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों को तैनात करने के साथ सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022 में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के मौके पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक झड़प के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए। राष्ट्रीय राजधानी खासकर के उन इलाकों में सुरक्षा का खास ख्याल रखा जहां शोभा यात्राएं निकाली गईं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, जहांगीरपुरी में शोभायात्रा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा योजना बनाई गई थी। यात्रा को पुलिस की कड़ी निगरानी निकालने के साथ बड़ी संख्या में अर्धसैनिक तैनात रहे।

अधिकारी ने कानून- व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्वाई की चेतावनी जारी की थी। अधिकारी ने बताया, उत्तर पश्चिमी जिले के सभी थानाध्यक्षों को सतर्क रहने और अपने सूत्रों को भी सतर्क रखने को कहा गया था। इस संबंध में थानाध्यक्षों को संकट की स्थिति से जुड़ी हर सूचना पर तुरंत ध्यान देने और व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल पर जाकर ऐसी किसी भी स्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। हमने दमकल विभाग से भी सतर्क रखा था। वहीं शोभा यात्रा के दौरान पुलिस की कड़ी निगरानी रही।

## राज कुमार चौहान के खिलाफ फैसला एआईसीसी पर छोड़ा : डॉ नाथ

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक कमेटी ने डॉ. नरेंद्र नाथ की अध्यक्षता में मंगलवार सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजकुमार चौहान के खिलाफ शिकायत पर एआईसीसी पर छोड़ दिया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अनुशासनात्मक कमेटी उन लोगों की पहचान करेगी जिन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों का मीडिया से परिचित कराने के दौरान नारे लगाए थे और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अनुशासनात्मक कमेटी ने दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वो अनुशासन बनाए रखें और किसी भी पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल हुए बिना लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए काम करें।

# गाजीपुर में ट्रोमल मशीनें नहीं कर रहीं काम : बिधूड़ी

**● बोले, सेग्रेगेशन का काम है ठप, भाजपा शासन में थी तो ठोका था 50 लाख का जुर्माना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने आप से सवाल पूछा के रविवार को कचरे के पहाड़ में आग लगने के बाद अब दिल्ली सरकार बगले क्यों झांक रही है। दो साल पहले जब इसी तरह गाजीपुर के लैंडफिल साइट पर आग लगी थी और नगर निगम में भाजपा सत्ता में थी तो दिल्ली सरकार ने एमसीडी पर 50 लाख रुपए का जुर्माना ठोका था।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को सत्ता में आए करीब डेढ़ साल होने वाला है लेकिन अब तक कूड़े के पहाड़ को हटाने में ज्यादा प्रगति नहीं हुई जबकि एक साल में गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में कूड़े के पहाड़ हटाने का वादा निगम चुनाव में किया गया था। अब इसकी तारीख 2026 तक बढ़ा दी गई है। गाजीपुर में अभी भी 90 मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ही इस बात पर हैरानी जताई है कि राजधानी में रोजाना 11 हजार टन कूड़ा निकलता है और उसमें से 3 हजार टन कूड़े का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा। आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार और नगर निगम में सत्ता में है और अब जिम्मेदारी से बचने का कोई बहाना उसके पास नहीं है लेकिन यह सरकार पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार हर कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए ही उठाती है।

## शिक्षण संस्थान वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करें : जेएनयू कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और ड्रेस कोड में एकरूपता कारगर नहीं है क्योंकि यह देश केवल एक समुदाय विशेष के लिए नहीं है।

पंडित ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करना चाहिए और जो छात्राएं हिजाब पहनना चाहती हैं तो उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं धर्म, जाति या भाषा में एकरूपता पर सहमत नहीं हूं। एक भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। अगर कुछ लोग कुछ राज्यों में इसे बदलकर हिंदी करना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं। लेकिन दक्षिण में यह मुश्किल होगा। पूर्वी भारत में, यहां तक कि महाराष्ट्र में मुझे नहीं लगता कि हिंदी स्वीकार्य होगी। कुलपति ने कहा, मैं कहूंगी कि हिंदी हो सकती है लेकिन एक ही भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए।

जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी दोनों त्रि-भाषा फॉर्मूले की बात करते थे तो वे मूर्ख तो नहीं थे, क्योंकि भारत में, किसी भी रूप में एकरूपता काम नहीं करती है। वह हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने और शिक्षण में माध्यम की मुख्य भाषा बनाने की मांगों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थीं।

## दिल्ली दंगे मामले में आरोपी को जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि हिंसक प्रदर्शन विरोध करने के संवैधानिक अधिकार से परे है तथा यह कानून के तहत दंडनीय अपराध है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मंगलवार को अपलोड किए गए अपने आदेश में कहा कि इस बारे में पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी सलीम मलिक गहरी साजिश में सह साजिशकर्ता था जिसने शांति एवं सद्भाव में कथित तौर पर खलल डालने के लिए धर्म के नाम पर स्थानीय लोगों को उकसाया।

# मतदान करने वालों को होटल और रेस्तरां में मिलेगी छूट

**● एमसीडी 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों को रहने और खाने पर 20 से 50 प्रतिशत तक छूट की पेशकश की**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में इस बार उस तरह का उत्साह मतदाताओं की ओर से नहीं दिखा। उसका असर यह रहा कि 2019 के मुकाबले इस बार मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है। इससे चुनाव आयोग समेत अन्य एजेंसियां चिंतित है। निर्वाचन आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी मतदान प्रतिशत में उत्साहजनक वृद्धि नहीं हो रही है। अब सरकारी एजेंसियां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के की रणनीति पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली नगर निगम ने 25 मई को दिल्ली में होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। मतदान करने वाले मतदाताओं को छूट की पेशकश करने के लिए एमसीडी ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपने साथ जोड़ा है।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) से संबद्ध रेस्तरां वोट डालने वाले ग्राहकों को रहने और भोजन करने पर 20 प्रशित की छूट की पेशकश की है। सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल भी वोट डालने वाले मतदाताओं को 20 प्रतिशत की छूट देगा चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल, व्यापार मंडल सी-4-ई मार्केट जनकपुरी और पश्चिम, केशवपुरम, नजफगढ़, सिटी एसपी, करोलबाग जोन में विभिन्न भोजनालय और होटल मतदान करने वाले मतदाताओं को छूट की सुविधा देंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिल्ली नगर निगम इस दिशा में कई कदम उठा रहा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उच्च मतदान प्रतिशत आवश्यक है।

चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल ने उंगली पर अमिट स्याही का निशान वाले खरीदारों को मंडल के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों पर 10 प्रतिशत की छूट देने की पेशकश की है। खरीदार 27 मई तक इस एकमुश्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसी प्रकार व्यापार मंडल सी-4-ई जनकपुरी मार्केट। लोकतंत्र को बढ़ावा देने, मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और आगामी चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्णय लिया गया है कि अपनी उंगली पर मतदान का निशान दिखाने वाले व्यक्ति बाजार से अपनी खरीदारी पर 5 प्रतिशत की छूट के हकदार होंगे।

पश्चिम क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों ने आगामी आम चुनावों में मतदान के अधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को 10 प्रतिशत-20 प्रतिशत तक की छूट देने का निर्णय लिया है।

एनआरएआई (नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया) से संबद्ध रेस्तरां ने दिल्ली के मतदाताओं को अपनी आईडी और स्याही लगी उंगली दिखाने पर 20 फीसदी छूट देने की घोषणा की है। इसी तरह सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल साकेत ने मॉल में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से पात्र मतदाताओं को वोट छूट की बात कही है।

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए केशवपुरम क्षेत्र में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठान भी शामिल हो गए हैं। इस दिशा में काम करते हुए केशवपुरम जोन में स्थित कई प्रतिष्ठानों ने वोट डालने वाले मतदाताओं को 20-30फीसदी की छूट देने का फैसला किया है। नजफगढ़ क्षेत्र के द्वारका इलाके में स्थित रेडिसन ब्लू होटल ने घोषणा की है कि 25 मई को वोट डालने वाले मतदाताओं को लंच बुफे पर 50 फीसदी और डिनर बुफे पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी।

## संजय सिंह का दावा, केजरीवाल के लिए तिहाड़ बना यातना गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● बोले, पीएम, एलजी सीसीटीवी का लिंक मंगाकर 24 घंटे रख रहे नजर**



आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी और एलजी पर हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के लिए तिहाड़ जेल यातना गृह बन गया है। उन पर 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री और एलजी नजर रख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि वे क्या देखना चाहते हैं कि जेल में केजरीवाल की किडनी, लीवर या स्वास्थ्य खराब हुआ या नहीं। पीएम को महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन उनको तो केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की चिंता है।

सिंह ने पीएम को सलाह दी है कि अगर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री से मुकाबला करना चाहते हैं, तो वो भी काम की राजनीति करें और केजरीवाल की तरह अच्छे स्कूल, अस्पताल और सड़कें बनाकर दिखाएं। संजय सिंह मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल जनता का काम छोड़कर ये देखने में लगे हुए हैं कि केजरीवाल को कितनी प्रताड़ना और यातनाएं दी जा रही हैं। केजरीवाल ने बच्चों की अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा का इंतजाम किया, मुफ्त बिजली, पानी का इंतजाम किया। उनसे पीएम से क्या दुश्मनी है। उन्होंने आईआरएस की नौकरी छोड़ दी, 49 दिन में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लात मार दिया, जबकि कोई चपरासी की भी नौकरी नहीं छोड़ना चाहता है। पीएम केजरीवाल के मनोबल को गिराना चाहते हैं।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ में लगी आग

## पर्यावरण, वातावरण में घुला जहरीला धुआं

## सुबह सवा 5 बजे से जलता रहा कूड़े का पहाड़, दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम-फरीदाबाद** रोड स्थित बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ पर मंगलवार की सुबह 05:15 बजे आग सुलग गई। देखते ही देखते आग कूड़े में फैलती चली गई। आग की सूचना पाकर पुलिस और फायर विभाग को दी गई।

सूचना के कुछ समय बाद ही दमकल विभाग की गाड़ियों मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। देर शाम तक आग बुझाने का काम जारी रहा।


फरीदाबाद मार्ग पर कूड़े के पहाड़ में लगी आग।

गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर बंधवाड़ी गांव के पास गुरुग्राम और फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्रों का कूड़ा डाला जाता है। दोनों शहरों के कूड़े से अब बंधवाड़ी में कूड़े का ढेर कूड़े के पहाड़ में तब्दील हो चुका है।

हालांकि गुरुग्राम-फरीदाबाद का डोर-टू डोर कूड़ा उठाने वाली इको ग्रीन कंपनी को यहां पर कूड़े से बिजली संयंत्र लगाना था, लेकिन यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। हालांकि दावे बड़े-बड़े किए गए थे। ऐसे में कूड़े का निस्तारण होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही। कूड़े का पहाड़ खत्म नहीं हो पा रहा। इसी कूड़े


गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर कूड़े के पहाड़ में आग बुझाने पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियां।

के पहाड़ में मंगलवार की सुबह सवा पांच बजे धुआं उठता नजर आया। इसकी सूचना पाकर दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची। दमकल की गाडियों को आग बुझाने के लिए कूड़े के पहाड़ पर पहुंचाना आसान नहीं था। इसलिए किसी तरह प्रयास करके पानी की पाइन लाइन को ऊपर ले जाया गया। काफी ऊंचाई पर आग लगी थी। इसलिए दमकल विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सेक्टर 29 से 3 फायर वाहन, सोहना से 1, उद्योग विहार से 1, आईएमटी मानेसर से 1, पटौदी से 1, फरीदाबाद से 3 गाडियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया। एक के बाद एक पानी से भरकर गाडियां पहुंचती और वह कुछ ही देर में खाली हो जाती। एक दर्जन से अधिक गाडियों द्वारा पानी डालने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग बुझ नहीं पाई थी।

**कूड़े में आग लगने का कई कारणों का अंदेशा :** बंधवाड़ी में कूड़े के ढेर में आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि कूड़े में मिथेन गैस बन जाती है, जो कि आग लगने का कारण हो सकती है। इसी तरह कूड़े में शीशा आदि होता है, जिसके गर्म होने के कारण आग उत्पन्न हो सकती है। ऐसी संभावना ना के बराबर है कि इतनी ऊंची जगह पर जाकर किसी ने आग लगाने की हरकत की हो।

# श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने किया भव्य जागरण का अयोजन


हनुमानजी के जागरण में भजन प्रस्तुत करती कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मेरे** बालाजी महाराज, तने पूजे यो संसार....जैसे बेहतरीन शब्दों के साथ कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

श्री हनुमान जन्मोत्सव (हनुमान जयंती) के अवसर पर जागरण में मशहूर भजन गायक श्याम रतन पप्पू शर्मा ने एक से एक बढ़कर भजन पेश किए। वृंदावन निवासी अनंत हरिदास मीनू शर्मा ने बजरंगबली और कृष्ण भक्ति के ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी। दिल्ली शंकर नगर स्थित डीएवी स्कूल ग्राउंड में आयोजित 34वें श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन में दिल्ली समेत एनसीआर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। खाटू श्याम भक्त व गायक पप्पू शर्मा ने बाबा बजरंग बली, राम लला, कृष्ण जी समेत श्याम बाबा के बेहतरीन भजन पेश किए। उन्होंने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि बाबा के चरणों में हाजिरी लगाने का इससे बढ़िया मौका और नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि संस्था कि ओर से आयोजित कार्यक्रम में वो बरसों से आ रहे है। आज मैं जहां भी हूं बाबा की कृपा से ही हूं।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन उद्योगपति रविंद्र अग्रवाल ने किया। उपायुक्त अंशुल सिरोही, डीसीपी सुरेंद्र चौधरी, विधायक अनिल वाजपेयी, पार्षद संदीप कपूर, पार्षद नीलम जीतू चौधरी, पार्षद प्रिया कंबोज के अलावा उद्योगपति परमानंद मालानी आदि मौजूद थे।

# गुरुग्राम के गांव बाघनकी में मिली 400 साल पुरानी धातु की मूर्तियां


गुरुग्राम के गांव बाघनकी में मिली ये धातु की मूर्तियां।

**गुरुग्राम।** जिला के गांव बाघनकी में मकान निर्माण के दौरान खुदाई करते समय तीन धातु की मूर्तियां मिलीं। इसकी सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। मूर्तियां मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मूर्तियों को कब्जे में ले लिए। साथ ही पुरातत्व विभाग को इसकी सूचना दी गई। मकान मालिक को प्लॉट में निर्माण के लिए मना कर दिया गया है। अब पुरातत्व वहां पर खुदाई करके जांच करेगा कि कहीं और मूर्तियां तो वहां नहीं है। बताया जा रहा है कि ये मूर्तियां करीब 400 साल पुरानी हैं।

जानकारी के अनुसार बाघनकी गांव में एक व्यक्ति द्वारा प्लॉट में मकान बनाया जा रहा है। इसके लिए वह प्लॉट में जेसीबी से नींव की खुदाई करवा रहा था। वहां एक के बाद एक तीन मूर्तियां आई। पहले तो प्लॉट के मालिक ने इन मूर्तियों के बारे में जानकारी छिपाने का प्रयास किया। उसने जेसीबी चालक को भी किसी को ना बताने के लिए पैसे का लालच दिया। मकान मालिक अपने घर में ही मूर्तियों को छिपाकर रखना चाहता था। दो दिन तक तो किसी को इस बात की भनक नहीं लगी। जेसीबी चालक को मकान मालिक ने लालच के पैसे भी नहीं दिए। इसलिए जेसीबी चालक ने मूर्तियां मिलने की बात को बिलासपुर थाना में बता दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस बाघनकी गांव पहुंची और मकान मालिक के घर दबिश दी। ये मूर्तियां भगवान विष्णु की खड़े हुए, माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक अन्य मूर्ति और माता लक्ष्मी की आशीर्वाद देते हुए मूर्ति है। पुरातत्व विभाग की उप-निदेशक बनानी भट्टाचार्य व डॉ. कुश ढेबर बिलासपुर थाना पहुंचे। पुलिस ने तीनों मूर्तियों को पुरातत्व विभाग को सौंप दी। हालांकि ग्रामीणों ने इन मूर्तियों को पंचायत को सौंपने का अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की ओर से उस प्लॉट में मंदिर बनाने की भी बात कही गई। पुरातत्व विभाग ने मूर्तियों को गांव को देने से मना कर दिया। वे मूर्तियां देश की सरकार की संपत्ति है।

# श्मशान घाट की दीवार का गिरना अत्यंत दुखदायी : बोधराज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राम** बाग श्मशान घाट मदनपुरी की अचानक दीवार गिरने से दो बच्चों व तीन पुरुषों की मौत दिल को हिला देने वाला दृश्य था। हादसे में भयावह अकस्मात हृदयविदारक स्थिति थी। पंजाबी बिरादरी महासंगठन गुरुग्राम के अध्यक्ष बोधराज सीकरी पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारियों रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, अनिल कुमार, गजेंद्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, गौरी शंकर, रवि मनोचा, हरीश कुमार, नरेश अरोड़ा और पांच अन्य बिरादरी के लोगों के साथ सभी पांचों मृतक के घरों पर हमदर्दी के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार के सभी सदस्यों को सांत्वना भी दी। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित


गुरुग्राम के मदनपुरी श्मशान घाट की दीवार गिरने के मामले में पीड़ितों को सांत्वना देते बोधराज सीकरी।

बिरादरी के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करके पंजाबी बिरादरी महा संगठन की ओर से एक सहयोग राशि सहायता के रूप में भी प्रदान की।

सीकरी ने कहा कि जन्म मरण, सुख दुख के भोग, हानि लाभ, प्यारों का मिलना बिछुडना, यह सब काल के अधीन है। होनी बड़ी बलवान है। ऐसा विचार कर किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है। बोधराज सीकरी ने परिवार के सदस्यों को आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो बिरादरी अवश्य करेगी।

# नवीन गोयल ने शहर में कई स्थानों पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों में की शिरकत


हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम में शिरकत करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के शहरभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने अनेक कार्यो में शिरकत करके हनुमान जी को नमन करते हुए आमजन को हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। नवीन गोयल ने अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर अतुल कटारिया चौक में आयोजित हवन एवं भण्डारा कार्यकम में शिरकत की।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर 17-सी में सुरजीत यादव की ओर से आयोजित सुंदरकांड पाठ, सेक्टर-45 स्थित कम्युनिटी सेंटर में अत्तर सिंह यादव द्वारा आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, श्री हनुमान मंदिर खोखरा जोहड़ सेवा समिति द्वारा आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, गांव वजीराबाद में अशोक सोलंकी के यहां आयोजित भण्डारा कार्यक्रम, श्री हनुमान मंदिर संस्था विष्णु गार्डन द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ व भण्डारा कार्यक्रम, न्यू रेलवे रोड पर आनंद भाटिया के यहां आयोजित सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सुंदर कांड पाठ का श्रवण किया और प्रभु के चरणों में माथा टेक गुरुग्राम वासियों की तरक्की, खुशहाली और सुखद जीवन की कामना की।

# देश के छोटे व मंझोले उद्यमियों पर मोदी सरकार का चलता रहा चाबुक : अशोक बुवानीवाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** औद्योगिक सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया है। घोषणा पत्र में कराधान और टैक्स में सुधार के लिए जो बिन्दु शामिल किए गए हैं, उन पर सरकार बनने पर काम किया जाएगा। पहले से ही इस पर तैयारियां भी की गई हैं।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने देश पर करों का बोझ लाद दिया। आम जन भी करों की मार झेल रहा है। सरकार ने अपनी कमाई करने के लिए देश की साधारण जनता पर इतने कर लगा दिए, जिससे कि जनता ना केवल परेशान हुई, बल्कि करों ने उनका कारोबार भी प्रभावित कर दिया।


अशोक बुवानीवाला।

बहुत से उद्योग बंद हो गए और बहुत से बंद होने की कगार पर पहुंच गए। सरकार ने पूंजीपतियों को तो सदा लाभ देने का काम किया, लेकिन देश के छोटे व मंझोले उद्यमियों पर सरकार का चाबुक चलता रहा। दिखावे के लिए सरकार ने मेक इन इंडिया जैसे नारे दिए, लेकिन धरातल पर इन नारों में दम नजर नहीं आया।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि सरकार की ओर से लिया जाने वाला टैक्स शासन का मूल है। भाजपा/एनडीए सरकार के पिछले 10 साल में बेलगाम टैक्स वसूलने का मामला सामने आया है।

अप्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी के कारण आम जनो और गरीबों द्वारा भुगतान किए जाने वाले टैक्स का हिस्सा काफी बढ़ गया है। कारपोरेट्स द्वारा भुगतान किए जाने वाले टैक्स का हिस्सा कम हो गया है। ऐसा होना एक प्रगतिशील टैक्स नीति के बिल्कुल विपरीत है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि नोट बंदी और जीएसटी के माध्यम से टैक्स बेस बढ़ाने के बड़े-बड़े दावों के बावजूद पिछले दशक में भारत की जीडीपी में कुल कर नहीं बढ़ा है। ऐसा होने से व्यय में वृद्धि होने की बहुत कम गुंजाइश बची है।

# वनअर्थ फाउंडेशन ने अर्थ डे 2024 के अवसर पर अंडर प्रिविलेज्ड क्षेत्र के एक विशेष स्कूल को प्लास्टिक वेस्ट को रिसायकल किए हुए टेबल और बेंच दान किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अर्थ** डे 2024 को मनाने और स्वच्छ वातावरण में योगदान देने के लिए, वनअर्थ फाउंडेशन ने 30-दिवसीय ड्राइव अगेंस्ट प्लास्टिक पॉल्यूशन (डीएपीपी) अभियान के दौरान एकत्र किए गए लो वैल्यू प्लास्टिक वेस्ट से रिसायकल किए हुए स्टडी टेबल और बेंच ओल्ड गोवा के एक अंडर प्रिविलेज्ड क्षेत्र के एक विशेष स्कूल को दान किए। प्लास्टिक पॉल्यूशन से निपटने और सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में 59 वर्कशॉप और क्लीनअप ड्राइव के द्वारा 1300 से अधिक लोगों और छात्रों को जागरूक किया गया। इस दौरान गोवा कोस्ट लाइन के साथ 120 किमी की दूरी तय की गई और 1.4 टन कचरा एकत्र किया गया।



वनअर्थ फाउंडेशन की यह पहल केवल एक प्रतीकात्मक भाव नहीं है, बल्कि उनके मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। यह कचरे को सस्टेनेबल तरीके से मैनेज कर के पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक समाज बनाने में विश्वास रखते है। आने वाले समय में वनअर्थ फाउंडेशन का फोकस सरकारी स्कूलों, डिफरेंटली एबल्ड स्कूल्स, और अंडर प्रिविलेज्ड इंस्टीट्यूशन्स पर है, जिनके पास रिसोर्सेस और अवसर कम हैं। फाउंडेशन का लक्ष्य है, कि ये कम्युनिटीज को पर्यावरण संरक्षण के लिए नॉलेज और टूल्स के साथ सशक्त करने के लिए एंगेजिंग क्लाइमेट एजुकेशन वर्कशॉप्स और प्रोग्राम्स प्रदान करना। वनअर्थ फाउंडेशन के फाउंडर फर्डिन सिल्वेस्टर ने कहा, ''हम जागरूक कम्युनिटीज और होलिस्टिक सिस्टम की पावर में विश्वास करते हैं, जो हमारे हर एक्शन में दिखता है। आज हम इन यंग बच्चों को लो वैल्यू प्लास्टिक वेस्ट से बने स्टडी टेबल और बेंच देकर अपने कंट्रिब्यूशन पर गर्व महसूस करते हैं। अगर हमने ये प्लास्टिक वेस्ट क्लीनअप ड्राइव के दौरान इकठ्ठा नहीं किया होता, तो ये सब लैंडफिल्स या समुन्द्र में चला जाता। इन बच्चों ने अपनी जिंदगी में वेस्ट (कचरे) के प्रभाव को समझा और अब वे वेस्ट को एक्टिवली अलग करने की तरफ बढ़ गए हैं, जबकि पहले उनके स्कूल में एक बेसिक डस्टबिन भी नहीं था। यह जानकर हमें बेहद खुशी होती है, कि हमारी ऑर्गनाइजेशन ने उनकी जिंदगी में सचमुच एक सकारात्मक बदलाव किया है। आने वाले समय में हमारे फोकस एरिया में रीसाइक्लिंग के जरिए सर्कुलर मॉडल का इम्प्लीमेंटेशन, क्लाइमेट रेसिलिएंस पर युवाओं को शिक्षित करना, मैंग्रोव पुर्नस्थापन को बढ़ावा देना।

# ट्रूकॉलर एवं गुरुग्राम पुलिस डिजिटल संचार में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**डिजिटल** संचार में सुरक्षा को बेहतर बनाने, साइबर अपराध से निपटने और नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, गुरुग्राम पुलिस ने कॉलर आई.डी. और स्पैम ब्लॉकिंग के विश्वस्तरीय ऐप, ट्रूकॉलर के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। है। श्री विकास कुमार अरोड़ा, आई.पी.एस., पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिटल क्षेत्र में बढ़ती हुई धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ सक्रियतापूर्ण उपायों के द्वारा, यह साझेदारी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित साइबरस्पेस स्थापित करने की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने का उद्देश्य रखती है।

इस साझेदारी में साइबर धोखाधड़ी को रोकथाम करने और ऑनलाइन क्षतियों की जानकारी प्रदान करने के बारे में नागरिकों को




शिक्षित करने के लिए गुरुग्राम पुलिस के साथ साझेदारी में ट्रूकॉलर के नेतृत्व में आयोजित किए जानेवाले साइबरवाइज प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रूकॉलर ने प्रतिरूपण के माध्यम से की जाने वाली धोखाधड़ी से निपटने के लिए सत्यापित पुलिस संपर्क नम्बरों को शामिल करके, गुरुग्राम में अपनी सरकारी डायरेक्टरी सेवाओं का विस्तार किया है। यह समाकलन उपयोगकर्ताओं को सत्यापित नम्बरों को आसानी से पहचानने में सक्षम बनायेगा, जिससे प्रतिरूपण से संबंधित घोटालों का शिकार होने का जोखिम कम हो जाएगा। ऑनलाइन सुरक्षा की जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए, ट्रूकॉलर और गुरुग्राम पुलिस पूरे राज्य में इस पहल का विस्तार करेगी और हरियाणा पुलिस की एक गैर-लाभकारी प्रयास, 'उत्कृष्ट सोसाइटी फॉर सेफ्टी' में सहयोग प्रदान करेगी। ट्रूकॉलर संचार में सुरक्षा को बढ़ावा देने और स्पैम और धोखाधड़ी से निपटने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है, इस प्रकार एक सुरक्षित डिजिटल परिवेश स्थापित करने में योगदान देती है। इस साझेदारी पर अपने विचार प्रकट करते हुए, पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम, श्री सिद्धांत जैन, पुलिस उपायुक्त (साइबर स्टाफ), दक्षिण गुरुग्राम ने कहा, ''गुरुग्राम पुलिस सक्रिय रूप से साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने और नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

# भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर रेरा ने बिल्डर पर ठोंका 50 लाख का जुर्माना

## प्राधिकरण ने 2 मार्च को प्रकाशित विज्ञापन पर प्रमोटर को नोटिस भेज जवाब मांगा था

## प्रमोटर प्राधिकरण के रिकॉर्ड में संशोधित लेआउट के अनुसार पंजीकरण विवरण में संशोधन करने में रहा विफल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) गुरुग्राम ने समाचार पत्र में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए शहर स्थित रियल एस्टेट प्रमोटर कंट्री वाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने 2 मार्च को प्रकाशित विज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए प्रमोटर को कारण बताओ नोटिस भेजकर जवाब मांगा था।

प्राधिकरण ने पाया कि रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 11(2) और 13(1) के तहत अनिवार्य प्रावधानों के बावजूद प्रमोटर ने विज्ञापन में विवरण का उचित तरीके से वर्णन नहीं किया, जो कि एक दंडनीय अपराध है। यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि प्रमोटर (कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) संभावित आवंटियों को सूचित विकल्प चुनने में भ्रमित करने के लिए एक भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने में शामिल है। इसलिए प्राधिकरण अधिनियम 2016 की धारा 61 के तहत 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाता है, आदेश में कहा गया है।

दो पूर्ण रंगीन विज्ञापनों के अवलोकन से पता चलता है कि एक पूर्ण पृष्ठ में एक बगीचे/पार्क (सपनों का बगीचा) की तस्वीर है। दूसरे पृष्ठ पर एक क्लब की तस्वीर प्रदर्शित है, जो परियोजना का हिस्सा नहीं है।

HARERA GURUGRAM

रेरा का प्रतीक चिन्ह।

बाकी विज्ञापन में उपलब्ध सुविधाएं दिखाई गई हैं, जो स्पष्ट रूप से स्क्वैश कोर्ट, अत्याधुनिक क्लब हाउस, कवर्ड पूल और स्पा, आउटडोर लाइब्रेरी, कायाकल्प करने वाली मूर्तिकला चट्टानों, कॉफी लाउंज काउंटर आदि जैसी परियोजना का हिस्सा नहीं हैं। यह सब भ्रामक है, आदेश ने कहा।

कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड 2021 में रेरा पंजीकरण प्राप्त करने के बाद दीन दयाल जन आवास योजना अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग पॉलिसी 2016 के तहत सेक्टर 70-ए में एक किफायती प्लॉटेड कॉलोनी ग्रीन ओक्स विकसित कर रहा है।

यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि प्रमोटर ने संभावित निवेशक को यह विश्वास दिलाने के लिए आकर्षक छवियां दिखाने के लिए डीडीजेएवाई प्लॉटेड कॉलोनी के लिए एक भ्रामक विज्ञापन जारी किया है कि परियोजना में क्लब हाउस और ऐसी सुविधाएं शामिल हैं, जो परियोजना में मौजूद नहीं हैं। परियोजना के वास्तविक लेआउट या साइट योजना का कोई विवरण, जानकारी या दृश्य संभावित आवंटी को परियोजना में निवेश करने का निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए प्रदान नहीं किया गया है।

इसके अलावा प्रमोटर प्राधिकरण के रिकॉर्ड में संशोधित लेआउट के अनुसार पंजीकरण विवरण में संशोधन करने में विफल रहा है, जो 2021 में अनुमोदित लेआउट योजना को दर्शाता है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि परियोजना 2021 में लॉन्च की गई थी और लेआउट योजना थी 2023 में संशोधित।

# इस पृथ्वी दिवस पर सेल्स फोर्स इंडिया सस्टेनेबल भविष्य के लिए इनोवेशन लेकर आ रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सीआरएम** सॉल्यूशंस में ग्लोबल लीडर, सेल्सफोर्स ने इस पृथ्वी दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र की पाँच एजेंसियों-संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र युवा कार्यालय, खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र, और डिजिटल जन सामग्री गठबंधन के सहयोग से जलवायु पर केंद्रित इनोवेशन हैकेथॉन की श्रृंखला 'रिबूट द अर्थ' पेश की है। हैदराबाद में आयोजित इस हैकेथॉन का उद्देश्य युवा कंप्यूटर प्रोग्रामर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स, आर्किटेक्ट्स, सेल्सफोर्स के परिवेश से परिचित लोगों, वैज्ञानिकों एवं अन्य इच्छुक लोगों को साथ लाना है ताकि जलवायु के मौजूदा संकट से निपटने के लिए समाधानों का विकास हो सके। सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित रहते हुए सेल्सफोर्स ने हाल ही में जलवायु



परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए इंडिया सीएसआर ग्रांट्स के अंतर्गत विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। पिछले साल वनीकरण की परियोजनाओं द्वारा आज तक 4 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। कुछ मुख्य अभियानों में शामिल हैं।

**मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट :** मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट हैदराबाद में एक 17 एकड़ की स्थानीय झील, रेगुला कुंटा पर चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य झील में पानी धारण करने की क्षमता बढ़ाना और समुदाय एवं पर्यावरण में सुधार के लिए प्राकृतिक सीवेज ट्रीटमेंट की विधियों का क्रियान्वयन करना है। इस निवेश से हैदराबाद में मियावाकी विधि द्वारा 6,000 स्थानीय प्रजातियों के पौधारोपण में भी मदद मिली है। इस अभियान से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

**मियावाकी वनीकरण प्रोजेक्ट :** घोलाई नगर, ठाणे में वनीकरण प्रोजेक्ट द्वारा हरित यात्रा के साथ एक पूर्व डंपयार्ड को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया और मियावाकी विधि द्वारा यहाँ 3.5 एकड़ भूमि में 33,334 पौधे लगाए गए।

# रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में सेगमेंट में सबसे अच्छी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के साथ रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की, साथ ही रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स क्रमश: 17,999 रुपये और 1499 रुपये में पेश किए

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**भारत** के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन-रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा।

नई रियलमी पी सीरीज 5जी ''परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ'' होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है,




जो यूजर्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000mAh की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 कैमरा, 120हर्ट्ज कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000mAh की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे।

# बीएससी की मोनिका को मिला मिस सरस्वती का खिताब

**सरस्वती महिला कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस की अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल मथुरा रोड में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सेल्फ फाइनेंस के अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी।

आयोजित फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य ने अपने सुंदर शब्दों से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज का समय लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करने का है। बिना मेहनत आपको बहुत कुछ मिल जाएगा, यह सोच गलत है। इसलिए चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या फिर खेलकूद या अन्य। सभी में बेहतर करने से ही आपकी पहचान बनेगी, अन्यथा नहीं। मेहनत ही एक जरिया है ऊंचाइयों को छूने का। जीवन में सफलता का रास्ता संघर्ष से होकर ही गुजरता है। सफलता को हासिल करने का कोई शॉर्टकट नहीं हैं। अंत में प्राचार्य ने छात्रों को उनके आने वाले समय की शुभ कामनाएं दीं। इस दौरान छात्राओं ने मिस सरस्वती प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मिस चंचल रावत, मिस डॉली भारद्वाज और डॉ. श्वेता गांधी ने जज की भूमिका निभायी। मिस सरस्वती का खिताब मोनिका बीएससी मेडिकल को मिला। दूसरा स्थान अंजलि बीसीए ने जीता और तीसरे स्थान पर खुशबू बीबीए रही। मंच संचालन रचना सौरोत ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में प्लास्टिक थीम पर मनाया पृथ्वी दिवस




**पलवल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुसलीपुर में स्थित हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के कार्यालय पर विद्यालय प्रभारी हेमराज तंवर की अध्यक्षता में ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम पर आधारित विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के संचालक भगवत शास्त्री ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, नेचर क्राफ्ट, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के जिला सचिव रिसाल सिंह ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने पर बल दिया। सभी सदस्यों एवं बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा करने एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर हेमराज, भगवत प्रसाद, कंचन बाला, इंद्रराज, योगेंद्र सुशील बंसल, वीरा, प्रीता, संयोगिता, पूनम बाला एवं सभी छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया।

### कैंसर के इलाज का किया दावा



**रोहतक।** रोहतक स्थित पोजीट्रोन अस्पताल ने एक प्रेसवार्ता में कैंसर के इलाज का दावा किया गया। अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि अस्पताल की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक हम 1000 से ज्यादा कैंसर के ऑपरेशन व 500 से ज्यादा मरीजों की कीमोथेरेपी कर चुके है। इस अवसर पर पीजीआई से सेवानिवृत्त डॉ. जिले सिंह कुण्डू ने बढ़ते हुए कैंसर से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ संजय बड़ेसरा, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष शर्मा व डॉक्टर मनोज तायल मौजूद रहे।

# फरीदाबाद में 5.20 लाख रुपये लेते ईटीओ गिरफ्तार

**ट्रांसपोर्टर की गाड़ी को छोड़ने के लिए ली रिश्वत, चपरासी व दलाल भी चढ़े हत्थे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आयकर** विभाग (इनकम टैक्स) में तैनात एक ईटीओ भूषण कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पांच लाख 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दो दिन बाद ही उसकी रिटायरमेंट थी। अपने दफ्तर के चपरासी व एक बिचौलिए की मदद से ये रिश्वत ली थी। एसीबी ने चपरासी व दलाल को भी हिरासत में ले लिया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में एक्साइज टैक्सेशन ऑफिसर भूषण कुमार ने ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पकड़ी थी। इसको छुड़वाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी ने इटीओ से संपर्क किया तो इसके लिए पांच लाख 20 हजार रुपये मांगे गए। ईटीओ ने ये रिश्वत अपने कार्यालय के चपरासी मनोज फौजी व एक दलाल चुन्नी लाल के माध्यम से ली। एसीबी ने इन दोनों को भी हिरासत में ले लिया है। एसीबी ने ईटीओ द्वारा रिश्वत मांगने की सूचना के बाद मंगलवार को जाल बिछाया। सेक्टर-12 स्थित कार्यालय में पहले चपरासी को पकड़ा। उसने पूरे मामले का खुलासा किया कि वह चुन्नी लाल की माध्यम से ईटीओ के लिए रिश्वत ले रहा था। इसके बाद चुन्नी लाल व ईटीओ को भी पांच लाख 20 हजार रुपये की राशि के साथ पकड़ा गया। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

हरियाणा सरकार भले ही जीरो टोलरेंस की नीति के लाख दावे करती हो, लेकिन सरकार में तैनात अधिकारी सरकार के इन दावों की हवा निकाल देते हैं। पकड़ा गया आरोपी जीएसटी विभाग में तैनात ईटीओ भूषण दो दिन बाद ही अपनी रिटायरमेंट पूरी कर घर जाने वाला था, लेकिन घर जाने से पहले वह हवालात पहुंच गया। फिलहाल एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तीनों की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।







# बृजभूषण मामले में क्लोजर रिपोर्ट पर 20 मई को आएगा आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दायर यौन उत्पीड़न की शिकायत को रद्द करने के अनुरोध संबंधी पुलिस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर दिल्ली की एक अदालत का 20 मई को आदेश आने की संभावना है।

अदालत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थी, लेकिन इसने कहा कि मामले में कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पिछले साल एक अगस्त को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान, नाबालिग पहलवान ने अदालत को बताया था कि वह मामले में दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और पुलिस ने जो क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी, वह उसका विरोध नहीं करती। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को अदालत को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें नाबालिग पहलवान से जुड़े मामले को रद्द करने का अनुरोध किया गया था क्योंकि उसके पिता ने जांच के बीच में यह चौंकाने वाला दावा किया था कि उन्होंने सिंह से बदला लेने के लिए उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए थे।

# आईजीआई टर्मिनल-1 की इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** अलायंस एयर ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर टर्मिनल एक पर स्थित उसके दफ्तर से सटी इमारत में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना दी गई और आग को बुझाने के लिए दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अलायंस एयर ने एक बयान में कहा, सुबह के समय अलायंस एयर के दफ्तर से सटी इमारत में मामूली आग लग गई।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग को सुबह सात बजकर 20 मिनट तक बुझा दिया गया। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी और आग में कुछ कंप्यूटर और मशीन जलकर खाक हो गईं।

अधिकारी ने बताया कि यह घटना टर्मिनल के गैर-परिचालन क्षेत्र में हुई। एयरलाइन का कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर अलायंस भवन में है।


**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all the public at large that the name of my previous husband Late Sh. Mohammed Azeemulla Shariff who expired on 03/05/2021 inadvertently got mentioned in the birth certificate of my child (MCDOLIR-0123-0710279774) and hospital records. My baby boy was born in Orchid Hospital on 05/10/2023 from my live-in-partner whose name I do not want to disclose as I am a single mother of the child. Ms. SYEDA FATIMA QUADRI D/o SYED KAREEM ULLA QUADRI R/o House No. D-23-24, Sita Puri, Panka Road Palam Village, Delhi-110045.

**PUBLIC NOTICE**

The is to inform public at large that my client Ms. Monika Batra, W/o Late Sh. Mahesh Batra, R/o C-3/2, 2nd Floor, Krishna Nagar Delhi-51, has severed all relations with her son Deepak Kr. Batra and his wife Ms. Bharti Batra and their son Benoy Batra and disinherit them from her all the properties. My client's son and his wife have gone astray and disobedient, which has caused mental torture. harassment to our Client and brought disrepute to her name in the society. Any person dealing with Deepak Kr. Batra and Ms. Bharti Batra shall do the same at their own risk and cost. My client shall not be responsible for any of their act.

**Naresh Kumar Joshi, Advocate**
**F-722, Karkardooma Courts, Delhi -32**

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**नाम परिवर्तन**

**मैं कमलेश पत्नी श्री रविंद्र कुमार निवासी गांव ढाणी डाबड़वास पोस्ट डाबड़वास तहसील बहरोड़ जिला कोटपूतली बहरोड़ राजस्थान ने तहसील बहरोड़ में दिनांक 03/04/2024 के शपथ पत्र के अनुसार अपना नाम कमलेश से कमलेश देवी में बदल दिया है।**

PD(282)A

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that We (1) Kamlesh Malik W/o late Mohinder Kumar Malik (2) Ajay Malik S/o late Mohinder Kumar Malik (3) Vishal Malik S/o late Mohinder Kumar Malik are filing application in L&DO for substitution of the property no. K-40AB, Kalkaji, New Delhi-110019 in the name of (1) Kamlesh Malik (2) Ajay Malik (3) Vishal Malik, on the grounds of Death Certificate/ Legal Heirs. If there are any objections / claims from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan, New Delhi or through an email at ldo@nic.in, within 30 days of publication of this notice.

Name : Kamlesh Malik
Ajay Malik
Vishal Malik
Adrress : K-40, Kalkaji, New Delhi-110019
Phone : 9871097379

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of my clients Sh. Chanderhas S/o Sh. Jai Ram and Smt. Suman W/o Sh. Chanderhas both R/o House No. 85, V.P.O Hasanpur, Tehsil Manesar, Gurugram-122001 presently at House No. 2200, Sector-46, Gurugram- 122001 for the cancellation of agreement to sell dated April 07, 2024 entered between my clients and Smt. Sudesh Kumari Yadav W/o Harikant Yadav R/o House No. 18, Gali No.2, Gate No.1, Dharam Colony, Palam Vihar-Extn., Gurugram-122001(herein after referred to as "the buyer") in respect of property bearing no. House No. 2200, Sector-46, admeasuring 84.75 Sq. Mtrs, Gurugram-122001 (herein after referred to as "the Property"). That due to some unforeseen circumstances and personal difficulties, my Clients does not want to sell the property to the buyer and cancelled the above mentioned agreement to sell vide notice for cancellation dated April 23, 2024 and had cancelled the same with immediate effect. My clients, therefore, is hereby cautioned the general public at large to not to deal with the buyer for the property in any manner and any dealing qua the property will not be binding on my clients, whatsoever maybe the cause or reason, if anyone chooses to deal with the property, it shall be at his/her on risk and Peril.

**RAMAN KUMAR, ADVOCATE**

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that my clients Sh. Sahender Pal S/o Chander and Smt. Kamlesh W/o Sh. Sahender Pal, both R/o d-3/33, sector 20, Rohini, north west Delhi-,Delhi-110086 have served all their relations with their son **Jatin** and his wife namely **Versha** due to their non obedience. Both of my above named clients have disowned and debarred his said son and daughter-in-law from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with **Jatin** and his wife namely **Versha** will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by **Jatin** and his wife **Versha**.

**Rishipal singh (Advocate)**
**Enrol No-D/1120/2005, ED-17C, PITAMPURA, DELHI-110034(OPP ROHINI COURT)**

यू.पी. रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण, लखनऊ
चौथी मंजिल, इंदिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
पत्र संख्या– 118
अपील
सं0–377/2023/यूपीआरईएटी/2024/लखनऊ
दि0: 19.04.2024

गौरसन्स हाई टेक इन्फास्ट्रक्चर प्राइवेट लि० .....अपीलकर्ता
बनाम
प्रशान्त कुमार एवं कल्याण कश्यप .....विपक्षी

प्रति–विपक्षी श्री प्रशान्त कुमार एवं श्रीमती कल्याण कश्यप
**पता :** एस–31 स्कूल ब्लाक शकरपुर, पूर्व दिल्ली पिन–110092

**विषय– रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 44 के तहत अपील के सम्बन्ध में**

एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ऊपरि वर्णित अपील दिनांक 21.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत थी। इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त अपील का जबाव देने के लिये अधिनियम की धारा–56 में वर्णित व्यक्तिगत रूप से या कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों अन्यथा उक्त अपील पर आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई की जायेगी।

**अपील की सुनवाई दिनांक 26.04.2024 को निर्धारित है।**

हस्ताक्षर/–
निबन्धक
उ०प्र० भू सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **देवेन्द्र पाल मलिक और सुनीता मलिक** को **21.01.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLLAJ00244554** की राशि **रू.12,62,268.39 (रूपये बारह लाख बासठ हजार दो सौ अड़सठ और उनतालीस मात्र)** और **20.01.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने दिनांक **27.06.2023** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता सौपा है, जिसे सुधार अनुबंध दिनांक **04.08.2023** के साथ पढ़े ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.04.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.12,62,268.39 (रूपये बारह लाख बासठ हजार दो सौ अड़सठ और उनतालीस मात्र) 20.01.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
फ्लैट नं. 1603, सोलहवीं मंजिल, टावर बी 1, सुपरटेक स्पोर्ट्स विलेज, सेक्टर 27, प्लॉट नं. एससी-02, ग्रेटर नोएडा।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.04.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : ग्रेटर नोएडा (102- ट्रस्ट)

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **उपासना रावत, युग राज सिंह और चंपा रावत** को **17.01.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLDCP00340144** की राशि **रू. 40,04,095.30 (रूपए चालीस लाख चार हजार पचानवे और तीस पैसे मात्र)** और **20.12.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने दिनांक **27.06.2023** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता सौपा है, जिसे सुधार अनुबंध दिनांक **04.08.2023** के साथ पढ़े ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.04.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 40,04,095.30 (रूपए चालीस लाख चार हजार पचानवे और तीस पैसे मात्र) 20.12.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
"इको विलेज-3" से पहचाने जानेवाली आवासीय परियोजना में, टावर/ब्लॉक-ए9 में, इक्कीसवीं मंजिल पर फ्लैट बेअरींग नंबर 2102, जिसका सुपर क्षेत्र 1290 स्क्वे. फीट, प्लॉट नं. जीएच-06 पर स्थित, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201303, उत्तर प्रदेश, एक कवर्ड कार पार्किंग के साथ ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.04.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : नोएड़ा (102- ट्रस्ट)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार श्रीमती रानी पत्नी श्री विक्रम,दूसरी मंजिल और तीसरी मंजिल के फ्रंट साइड प्रापर्टी नंबर सी–3,(पुराना प्लाट नंबर3),अ,न,एरिया 100वर्ग गज के मालिक हैं। खसरा नंबर 213,गांव बिंदापुर, उत्तमनगर,नई दिल्ली,के मालिक है तथा श्रीमती रानी पत्नी श्री विक्रम ने विषय भूखंड 1.श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय श्री उदयवीर और 2.श्री महिंदर सिंह चौहान, सेल डीड दिनांक 15.03.2023 और) श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय श्री उदयवीर और 2.श्री महिंदर सिंह चौहान ने श्रीमती अतरकाली उर्फ अटेरकली से अलग अलग नोटरी कृत जीपीए और इसके संबंधित दस्तावेजों दिनांक 26.12.2027 को खरीदी। तथा, यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय श्रीमती रानी के बीच, मान्या नही होगा,तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखेन.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरैम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई देल्ही.- ७५. म. ९८९९०१३९१८

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **चिराग अग्रवाल, सुभाष चंद अग्रवाल, मिथलेश अग्रवाल और अग्रवाल एसोसिएट्स इंफ्रा रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड** को **31.01.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLVAS00346967** की राशि **रू.16,18,167.94 (रूपए सोलह लाख अठारह हजार एक सौ सडसठ और चौरानवे पैसे मात्र)** और **30.01.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.04.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.16,18,167.94 (रूपए सोलह लाख अठारह हजार एक सौ सडसठ और चौरानवे पैसे मात्र) 30.01.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
सुपरटेक अप-कंट्री से पहचाने जानेवाले प्रोजेक्ट में सत्रहवीं मंजिल पर फ्लैट नं.1712 जिसका सुपर क्षेत्र 500 स्क्वे.फीट, टीएस-1 पर स्थित , सेक्टर-17ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201303, उत्तर प्रदेश।

सही/-
दिनांक : 19.04.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : ग्रेटर नोएडा इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**INDAG इन्डैग रबर लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038
पंजी. कार्यालय : खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली–110017
फोन : 011–26963172/73, 26863310, 26961211, 41664818, फैक्स : 011–26856350
ई–मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

**सूचना**
**(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**
कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अनिवार्य अंतरण।

यह सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और प्रत्यर्पण) नियमावली, 2016 ("उक्त नियमावली") समय समय पर संशोधितानुसार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचिबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 39(4) के अनुसरण में प्रकाशित की जा रही है।
नियमों के अधीन, अन्य के साथ, कम्पनी द्वारा एसे सभी शेयर जिनके संबंध में वित्तीय वर्ष 2016–2017 के लिए अंतिम लाभांश का भुगतान और मागंदावा लगातार विगत 7 वर्षो से नहीं किया गया है, 25 जुलाई 2024 से 30 दिन के भीतर, उक्त नियमावली में निर्धारित विधि में, केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अतंरित किए जाने की अपेक्षा की जाती है।
तदनुसार, कम्पनी द्वारा उन सबंधित शेयरधारकों को उनके अंतिम ज्ञात पते पर या ईमेल आईडी पर व्यक्तिगत सूचना भेजी है, जिनके शेयर नियमों के तहत आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित किए जाने के भागी हैं। ऐसे शेयरधारकों का पूर्ण विवरण तथा उनके फोलियो नंबर अथवा डीपीआईडी–क्लाइटं आईडी कंपनी की वेबसाइट www.indagrubber.com पर अपलोड कर दिया गया हैं, जो आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरण के प्रयोजनार्थ कम्पनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाने, यदि भौतिक रूप में धारित हैं, के संबंध में उचित सूचना मानी जाएगी।
संबंधित शेयरधारक ध्यान दें कि, ऐसे शेयरों पर कोई भावी लाभांश, जिसमें कार्पोरेट लाभ सम्मिलित हैं, आईईपीएफ खाते में क्रेडिट किए जाएंगे। ऐसे शेयर उक्त डीमैट खाते में क्रेडिट किए जाने पर, मांगदावा नहीं किए गए लाभांश और आईईपीएफ खाते में अंतरित किए गए ऐसे शेयरों के संबंध में कम्पनी के विरूद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा। तथापि, शेयरधारक आईईपीएफ नियमों के तहत दी गई प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चता आईईपीएफ प्राधिकरण से क्रेडिट किए गए शेयर तथा अदावित लाभांश राशि वापस करने की मांग कर सकते हैं। इस संबंध में मांगदावा प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया www.mca.gov.in तथा www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।
इस विषय में किसी अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए, संबंधित शेयरधारक कम्पनी को इंडैग रबर लिमिटेड, खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017, फोन : 011–26963172–73 ई–मेल : info@indagrubber.com के पते पर लिख सकते हैं अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट – स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी–153/ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020, फोन : 011–26812682–83, ई–मेल : admin@skylinerta.com के साथ सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
तिथि : 23 अप्रैल, 2024 हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सेक्रेटरी

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील कुमार/ कमला प्रसाद सिंह/ LBDEL00004741135 | यूनिट नंबर 59, सैंडल स्ट्रीट, रिटेल प्लॉट नंबर 22, सेक्टर 135, गौतम बुद्ध नगर/ अप्रैल 20,2024 | दिसंबर 13, 2021 रु. 64,93,916/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 24, 2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

**एसेट्स केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट ऑफिस : युनिट नं.502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नं.सी-66, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,मुंबई-400051, फोन नं: 022 68643101**
**पंजीकृत कार्यालय: 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019**
**ई-मेल : acre.arc@acreindia.in वेबसाईट : www.acreindia.in CIN : U65993DL2002PLC115769**

**सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति (यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए.की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता नं. HHLDCP00209770 1. समित व्यास (पीओए होल्डर प्रदीप व्यास द्वारा) 2. प्रदीप व्यास | फ्लैट नं. 0704, सातवीं मंजिल, टॉवर -एच-4, ईको विलेज-4, प्लॉट नं.जीएच-01, सेक्टर -16बी, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201303, उत्तर प्रदेश | 31.12.2022 | रू.71,90,760.50 (रूपये इकहत्तर लाख नब्बे हजार सात सौ साठ और पचास पैसे मात्र) 04.04.2024 के अनुसार |
| 2 | कर्ज खाता नं. HHENOI00428967 1. नरेंद्र सिंह पटवाल 2. संतोष पटवाल 3. स्टार एसएस इंटरप्राइजेज (उनके पार्टनर्स द्वारा) | फ्लैट नं. 1512, पंद्रहवीं मंजिल, टॉवर -सीएसटी/गार्डन होम्स, ईको विलेज -1, प्लॉट नं.8, सेक्टर -1, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, -201303, उत्तर प्रदेश | 31.12.2022 | रू.2,05,754.48 (रूपये दो लाख पाँच हजार सात सौ चौवन और अडतालीस पैसे मात्र) 31.03.2024 के अनुसार |
| 3 | कर्ज खाता नं. HHLNOI00427920 1. नरेंद्र सिंह पटवाल 2. स्टार एसएस इंटरप्राइजेज (उनके पार्टनर्स द्वारा) 3. संतोष पटवाल | फ्लैट नं. 1512, पंद्रहवीं मंजिल, टॉवर -सीएसटी/गार्डन होम्स, ईको विलेज -1, प्लॉट नं.8, सेक्टर -1, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201303, उत्तर प्रदेश | 31.12.2022 | रू.16,77,176.54 (रूपये सोलह लाख सतहत्तर हजार एक सौ छिहत्तर और चौवन पैसे मात्र) 31.03.2024 के अनुसार |
| 4 | कर्ज खाता नं. HHENOD00243880 1. सचिन गुप्ता (पीओए होल्डर विजय लक्ष्मी गुप्ता द्वारा) 2. विजय लक्ष्मी गुप्ता | फ्लैट नं. 2512, पच्चीसवीं मंजिल, ब्लॉक एच2, टॉवर -अल्बेरिया, ईको विलेज-1, प्लॉट नं.08, सेक्टर -1, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201307, उत्तर प्रदेश | 03.01.2022 | रू.2,22,627.04 (रूपये दो लाख बाईस हजार छ सौ सत्ताईस और चार पैसे मात्र) 01.04.2024 के अनुसार |
| 5 | कर्ज खाता नं.D001OXVIII-1 (आईएचएफएल का पहले कर्ज खाता नं.HHLNOD00462969) 1. सोनिया कौशिक (सह-उधारकर्ता, स्व.दीपक कौशिक की पत्नी एवं कानूनी वारिस) 2. दीप्या (प्राकृतिक संरक्षक द्वारा स्व.दीपक कौशिक की नाबालिग बेटी एवं कानूनी वारिस) 3. भारती (गारंटर) | युनिट नं. एन/सीए-1308, तेरहवीं मंजिल, टॉवर -एन, आदित्य सिटी अपार्टमेंट, प्लॉट नं.जीएच 06, आदित्य वर्ल्ड सिटी, इंटीग्रेटेड टाउनशिप, VIII, शाहपुर-बम्हेता, गाज़ियाबाद-201001, उत्तर प्रदेश | 23.03.2021 | रू.34,72,371.47 (रूपये चौंतीस लाख बहत्तर हजार तीन सौ इकहत्तर और सैंतालीस पैसे मात्र) 08.04.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार," कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता "
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है ।

स्थान:ग्रेटर नोएडा/गौतम बुद्ध नगर/गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
एसेट्स केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड
एसीआरई-102 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता अनुसार कार्यरत

# कम मतदान

## चिन्ता का विषय

**कम मतदान चिन्ता का विषय** है। सभी पार्टियों को इसकी जिम्मेदारी लेकर यह प्रवृत्ति उलटने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान चुनाव में चिन्ता का प्रमुख कारण खासकर हिंदी पट्टी में कम मतदान है। इस प्रवृत्ति ने राजनीतिक पार्टियों में खतरे की घंटियां बजा दी हैं और उनको इस निष्क्रियता के जमीनी कारणों पर गहराई से विचार करने तथा लोकसभा चुनाव के बाकी चरणों में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने की रणनीति बनाने को मजबूर किया है। हिन्दी ह्रदय प्रदेश का असाधारण चुनावी महत्व है, लेकिन यहां 19 अप्रैल को मतदान का प्रतिशत निराशाजनक रूप से कम रहा। भारतीय निर्वाचन आयोग के आंकड़ों अनुसान यहां लगभग 62 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में लोकसभा चुनाव के यहां 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। लेकिन, यह प्रवृत्ति कोई स्थानीय परिघटना नहीं है क्योंकि 21 राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के 102 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ था। क्या इसका कारण भयानक गरमी या अन्य जरूरी काम थे? यदि इसका संबंध मौसम से है तो बात समझ में आती है, पर यदि इसका कारण राजनीतिक निराशा है तो यह गंभीर चिन्ता का विषय है। इसका कारण अनुपयुक्त ढांचागत संरचनायें, मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें तथा मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में कठिनाई जैसी 'लाजिस्टिक' चुनौतियां भी हो सकती हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई के अनेक प्रयासों के बावजूद बड़ी संख्या में मतदातों ने अपने वोट डालने के लिए बाहर जाना उचित नहीं समझा। गर्मियों में हमारे देश में अनेक चुनाव हुए हैं जहां मतदाताओं की मतदान केन्द्रों पर भीड़ रही। हो सकता है कि



मतदाताओं की कम उपस्थिति का कारण राजनीतिक व्यवस्था में खोती हुई दिलचस्पी हो, हालांकि इस बारे में अभी कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। अनेक मतदाता राजनीतिक प्रक्रिया से स्वयं को अलग समझ सकते हैं। उनको लगता है कि उनके वोटों का नीति-निर्माण पर समुचित प्रभाव नहीं पड़ता है या उनके सरोकारों पर गौर नहीं किया जाता है। इस निराशा का कारण अक्सर राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने वादे पूरे न करना हो सकता है। इससे मतदाता स्वयं को ठगा अनुभव करते हैं। परंपरागत रूप से शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत हमेशा कम रहा है, पर अब ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता भी संभवत: मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते हैं। कम परिवहन सुविधाओं वाले क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों तक पहुंचना, खासकर वृद्धों तथा दिव्यांगों के लिए बहुत कठिन हो सकता है। मतदान का एक चिन्ताजनक आयाम पहले चरण में नगालैंड के 6 जिलों में शून्य मतदान है। यह अभूतपूर्व तथा आश्चर्यजनक है। इस क्षेत्र की एक संस्था स्थानीय स्तर पर अलग 'प्रशासनिक व्यवस्था' चाहती थी और आश्वासन न मिलने पर उसने मतदाताओं से मतदान बहिष्कार का आह्वान किया था। कारण जो भी हो, कम मतदान देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। कुछ चीजें मतदाताओं में निष्क्रियता का कारण बनती हैं। इसमें सामाजिक व आर्थिक आयाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनसंख्या का एक हिस्सा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, निरक्षरता व बेरोजगारी जैसे मुद्दों का सामना करता है और इस कारण चुनाव प्रक्रिया में उसकी सहभागिता प्रभावित होती है। हिन्दी ह्रदय प्रदेश में 'पहचान की राजनीति' तथा 'ध्रुवीकरण' से भी मतदाताओं में निराशा पैदा हो सकती है। राजनीतिक पार्टियों को ऐसे में मतदाताओं के प्रति अपनी ऐसी प्राथमिकतायें निर्धारित करनी चाहिए जो चुनाव चक्रों से आगे जाती हों। मतदाताओं से संवाद विकसित करना तथा उनमें लगातार संप्रेषण व पारदर्शी प्रशासन से विश्वास पैदा करना भी जरूरी है।

# मायावती का राजनीतिक दांव

**बसपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवत: वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासांगिक रहेंगी।**



सिद्धार्थ मिश्रा
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)

बसपा नेता व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवत: वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनी रहना चाहती हैं। मायावती ने यह मुद्दा लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उठाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 19 अप्रैल को यहां सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबा, रामपुर व पीलीभीत चुनाव क्षेत्रों में मतदान हो गया है। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ व मथुरा के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

इनमें से बुलंदशहर आरक्षित सीट है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इन सीटों पर बहुजन समाज पार्टी-बसपा नेता तथा उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 'अलग राज्य' बनाने का पुराना मुद्दा फिर से उठाया है। संभवत: ऐसा कर वे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में प्रासांगिक बनी रहना चाहती हैं। उन्होंने अपनी इस मांग के लिए संविधान निर्माता डा. बी.आर. अंबेडकर का जन्म दिवस चुना। इस अवसर पर मायावती ने मुजफ्फरनगर में आयोजित एक बड़ी रैली में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देंगी। उन्होंने केन्द्रीय सत्ता में आने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ गठित करने का वादा भी किया। मायावती की इस घोषणा से एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देने का मामला सुर्खियों में आ गया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग 'हरित प्रदेश' बनाने की कल्पना राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने की थी। अजीत सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे कद्दावर नेता तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। 'हरित प्रदेश' की अवधारणा के समर्थकों का कहना था कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन अलग-अलग राज्यों-पश्चिमी, मध्य व पूर्वी में बांटने की अवधारणा पेश की थी। अंबेडकर का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को छोटे राज्यों में बांट कर प्रशासन को बेहतर बनाना था।




1955 में डा. अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांटने की परिकल्पना अपनी पुस्तक 'थाट्स आन लिंग्विस्टिक स्टेट्स', यानी भाषाई आधार पर राज्यों के गठन पर विचार में की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांट कर पूर्वी उत्तर प्रदेश की राजधानी इलाहाबाद तथा पूर्वी क्षेत्र की राजधानी कानपुर में बनाने की कल्पना भी की थी। बहुजन समाज पार्टी-बसपा ने यही विचार सामने रख कर 2011 में राज्य के विभाजन का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासनकाल में मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य के पुनर्गठन के बारे में एक प्रस्ताव भी पास कराया था। इस प्रस्ताव के अनुसार उत्तर प्रदेश को चार छोटे राज्यों-पश्चिमी, मध्य, पूर्वी व बुंदेलखंड में बांटा जाना था। इसके पहले वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश के सभी पहाड़ी जिलों को अलग कर अलग 'उत्तराखंड' का गठन किया जा चुका था। लेकिन अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के दृष्टिकोण से सुश्री मायावती द्वारा उत्तर प्रदेश के विभाजन का प्रस्ताव डा. अंबेडकर की अवधारणा के उलट चुनावी गणित पर आधारित था। जब सुश्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव सामने रखा था तब उनके दिमाग में इस क्षेत्र में रहने वाली बड़ी संख्या में दलित व मुस्लिम जनसंख्या थी।

मायावती ने अपने इस प्रस्ताव से 'दलित-मुस्लिम' गठजोड़ को मजबूत बनाने का प्रयास किया था। इस गठजोड़ ने 2007 में समाजवादी पार्टी-सपा के मुस्लिम-यादव गठजोड़ को पराजित कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। उस समय बसपा को सवर्ण समाज का भी व्यापक सहयोग मिला था जिससे मायावती के नेतृत्व में बसपा प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थी। इस प्रकाशन के लिए इस शताब्दी के आरंभ में रिपोर्टर के तौर पर काम करते हुए हमें यह अच्छी तरह याद है कि उस समय जमीनों पर अपने अधिकार के चलते जाटों तथा उच्च जातियों ने दलितों को चुनाव प्रक्रिया में हाशिये पर धकेल दिया था। उस समय इस समाचार पत्र के संपादक स्वर्गीय डा. चंदन मित्रा ने इस रिपोर्टर की स्टोरी को एक हेडलाइन दी थी-'फेयर पोल्स, फ्री आफ दलित्स'। इसका संकेत इस ओर था कि दलितों की सहभागिता के बिना किसी चुनाव को निष्पक्ष व न्यायोचित कैसे कहा जा सकता है। इस स्थिति में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के उभार से व्यापक बदलाव आया था। खासकर 2004 में और उसके बाद लोकसभा चुनावों में बसपा के उभार के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दलित इस प्रक्रिया में न केवल 'शाब्दिक', बल्कि 'भावनात्मक' रूप से सही अर्थों में जुड़े थे। इसी समय प्रदेश की राजनीति में दलित-मुस्लिम गठजोड़ उभरा था जिसने राज्य की चुनावी गणित को काफी सीमा तक बदल दिया था। बहुजन समाज पार्टी-बसपा को देश में अनेक राजनीतिक विश्लेषक दलित आंदोलनों की अग्रणी राजनीतिक शक्ति मानते हैं जिसके चलते दलित समाज के बड़े हिस्से में आत्मविश्वास और गौरव की भावना पैदा हुई है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम जनसंख्या का भी राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ा था। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या 71,217,132 थी जिसमें से 72.29 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'खड़ी बोली क्षेत्र' की जनसंख्या 29,669,035 थी जिसमें 59.19 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'बृज क्षेत्र' की जनसंख्या 29,754,755 थी जिसमें 82.78 प्रतिशत हिन्दू तथा 16 प्रतिशत मुस्लिम थे। 'खड़ी बोली' या हिन्दी भाषा की एक बोली बोलने वाले जिलों में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद के कुछ हिस्से, गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर शामिल हैं। बृज भाषा बोलने वाले जिलों में मथुरा, हाथरस, आगरा, अलीगढ़, एटा, गौतम बुद्ध नगर के कुछ क्षेत्र, बुलंदशहर, इटावा और मैनपुरी शामिल हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है और जनगणना के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, ज्योतिबा फुले नगर, मेरठ और बरेली के आठ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या जहां 1951 की जनगणना में 29.93 प्रतिशत थी, वहीं यह 2011 की जनगणना में बढ़ कर 40.43 प्रतिशत हो गई। मुस्लिम जनसंख्या में इस वृद्धि को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने लगातार 'जनसंख्या नियंत्रण कानून' बनाने की मांग की है।

भाजपा के साथ ही अनेक अन्य हिन्दू समूहों ने भी जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग लंबे समय से की है। देश के कई प्रदेशों, खासकर देश के तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान और वर्तमान बांग्लादेश से सटे पश्चिम बंगाल व असम जैसे प्रदेशों तथा पश्चिमी पाकिस्तान से सटे जम्मू कश्मीर के घाटी क्षेत्र में मुस्लिम जनसंख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इससे भाजपा तथा अन्य हिन्दू-समर्थक दलों व संगठनों को आशंका है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो भारत में 'जनसंख्या संतुलन' बिगड़ जाएगा। उनको आशंका है कि इससे देश की राजनीति, समाज व अर्थव्यवस्था में 'हिंदू स्पेस' में कमी आएगी।

संक्षेप में कहा जाए तो मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक बार फिर अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश या 'हरित प्रदेश' की मांग के पीछे बहुत कुछ छिपा है। हालांकि, अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग शुरुआत से बेहतर प्रशासन के लिए की जाती रही है, लेकिन जनता के बजाय इसका संबंध राजनीति से अधिक है।

# स्वायत्तता के लिए लद्दाख का संघर्ष

> "ऐतिहासिक हाशिए और उपेक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ, स्वायत्तता की ओर लद्दाख की यात्रा में संघर्ष और अथक प्रयास शामिल है।"



हरि ओम
(लेखक, जम्मू विवि में संकायाध्यक्ष रहे हैं)

26 अक्टूबर, 1947 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के भारत में विलय ने रणनीतिक ट्रांस-हिमालयी लद्दाख क्षेत्र में बौद्ध बहुल लेह जिले को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक झटका दिया, जो दुनिया की छत के रूप में प्रसिद्ध है। और लामाओं की भूमि। इसी तरह, लद्दाख के करील जिले में मुख्य रूप से बौद्ध जांस्कर तहसील को इन परिणामों का खामियाजा भुगतना पड़ा, और अपने समकक्ष, लेह की तुलना में और भी अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

1979 में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में मुस्लिम-बहुल कारगिल जिले की उत्पत्ति का उद्देश्य उनके सह-धर्मवादियों और बौद्धों के बीच कलह को बढ़ावा देना था, जिसका उद्देश्य लद्दाख के लिए स्वायत्तता और केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति के लिए बौद्धों की आकांक्षाओं को विफल करना था। इस कदम ने बौद्धों की दुर्दशा को बढ़ा दिया, दो प्राथमिक कारकों के कारण उनके धर्म, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने और जनसांख्यिकीय अखंडता को खतरे में डाल दिया।

सबसे पहले, लगातार कश्मीरी-प्रभुत्व वाले प्रशासनों ने लद्दाख को कश्मीर के उपांग के रूप में देखा, इसकी बौद्ध आबादी की राजनीतिक और आर्थिक आकांक्षाओं की उपेक्षा की। जम्मू प्रांत के समान लद्दाख को भी कश्मीरी शासकों द्वारा एक उपनिवेश के रूप में देखा जाता था, जिससे बौद्धों में हाशिये पर रहने की भावना बनी रहती थी। दूसरे, नई दिल्ली के सत्ता के गलियारों पर कश्मीरी अभिजात वर्ग के हानिकारक प्रभाव ने बौद्धों की आवाज़ को और अधिक हाशिए पर डाल दिया, केंद्रीय अधिकारियों ने लगातार कश्मीरी हितों का पक्ष लिया और लद्दाख की चिंताओं



को खारिज कर दिया। इस प्रणालीगत उपेक्षा के जवाब में, प्रमुख लामा कुशोक बकुला रिनपोछे के कुशल नेतृत्व में, बौद्धों ने सार्थक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और स्वायत्तता की मांग करते हुए 1952 में विरोध प्रदर्शन शुरू किया। उनकी उत्कट अपीलों और चेतावनियों के बावजूद, श्रीनगर और नई दिल्ली दोनों ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे बौद्ध आबादी में निराशा बढ़ गई। अक्टूबर 1989 में असंतोष की पराकाष्ठा भड़क उठी, जिसमें बौद्धों और अधिकारियों के बीच व्यापक विरोध प्रदर्शन और झड़पें हुईं। केंद्र सरकार की मध्यस्थता में 29 अक्टूबर, 1989 के परिणामी त्रिपक्षीय समझौते ने लेह में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) की स्थापना करके अस्थायी रूप से तनाव को कम किया।

हालांकि, इस प्रस्ताव को फारूक अब्दुल्ला सहित कश्मीरी नेताओं के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने इसे कश्मीरी आधिपत्य के लिए खतरे के रूप में देखा।

1995 में एलएएचडीसी लेह की स्थापना के बावजूद, कश्मीर-केंद्रित अधिकारियों के निरंतर हस्तक्षेप के कारण बौद्ध असंतुष्ट रहे, जिससे परिषद अप्रभावी हो गई। नतीजतन, उन्होंने अपनी शिकायतों को दूर करने के लिए केंद्रीय शासन को एकमात्र सहारा बताते हुए, लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा और अन्य मांगों की वकालत करते हुए अपना आंदोलन तेज कर दिया।

निर्णायक मोड़ 19 जून, 2018 के बाद आया, जब केंद्र सरकार ने बौद्ध समुदाय को खुश करने के लिए कई उपायों की शुरुआत करते हुए, जम्मू और कश्मीर का सीधा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। इनमें लद्दाख विश्वविद्यालय की स्थापना, लद्दाख को संभागीय दर्जा देना और अंतत: केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, लद्दाख के विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन किए गए। इन पहलों ने हाशिए पर मौजूद बौद्ध आबादी की आकांक्षाओं को संबोधित करने में केंद्रीय शासन की प्रभावशीलता को रेखांकित किया। राज्य का दर्जा पाने के बजाय, बौद्धों से एलएएचडीसी लेह को मजबूत करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने और जनसांख्यिकीय चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार के साथ सहयोग करने का आग्रह किया जाता है।

2018 और 2023 के बीच की अवधि लद्दाख के लिए एक परिवर्तनकारी चरण का प्रतीक है, जिसमें केंद्रीय हस्तक्षेप ऐतिहासिक अन्याय के निवारण और अपनी बौद्ध आबादी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# आप की बात

## कांग्रेस का हाल

**कांग्रेस** के प्रत्याशी ने सूरत लोकसभा सीट के लिए पर्चा भरा किन्तु खामियों के कारण वह रद्द हो गया और भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित कर दिए गए। वैसे भी आजकल बहुत से कांग्रेसी-कांग्रेस जोड़ो की जगह कांग्रेस छोड़ो के रास्ते पर चल कर दूसरे दलों में भागे ही जा रहे हैं। इससे अनेक सीटों पर कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं तो कहीं जबरन उम्मीदवारों को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया जा रहा है। कांग्रेस की स्थिति पूरे देश में दयनीय होती जा रही है। कहा जाता है कि सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के प्रस्तावकों ने शिकायत कर दी कि उनके कागजों पर हस्ताक्षर फर्जी थे। हालांकि, कांग्रेस ने इसके खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही है, लेकिन उसकी हालत किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस पहले किसी लोकसभा चुनाव में 400 सीटों से कम पर चुनाव नहीं लड़ी, पर इस बार वह क्षेत्रीय दलों के दबाव में लगभग 300 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। लेकिन वह इसे अपनी रणनीति बता रही है। रायबरेली व अमेठी से उम्मीदवार अभी घोषित न करने को भी वह रणनीति बता रही है। लेकिन कांग्रेस की ऐसी रणनीतियां आम जनता तो दूर स्वयं कांग्रेसियों के गले ही उतर नहीं रहीं है। विडंबना है कि कांग्रेस भगवान श्रीराम का नाम भी नहीं ले सकती है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## शिक्षा-सुधार

**भारत** में शिक्षा-सुधार की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किए गए हैंए लेकिन समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के अनुसार, सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की अनुपस्थिति तथा टूटी हुई मेज-कुर्सियों जैसी समस्याएँ गंभीर हैं। इससे स्कूलों में व्यवस्थागत शिथिलता का पता चलता है। हालांकि, नए सुधारों से कुछ आशा जगती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अध्यापक प्रशिक्षण में सुधार और चार वर्षीय प्रशिक्षण को लागू करने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी स्कूलों में छात्र उपस्थिति व नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास आवश्यक हैं। शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, स्कूलों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए परिवहन व्यवस्था भी सुधारने की जरूरत है। हमें नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आशा है कि शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले सुधारों से आने वाले समय में भारत के युवाओं और पूरे देश की प्रगति के लिए नई संभावनाएँ खुलेंगी।

–**अमरजीत कुमार,** औरंगाबाद

## गरीबी की सजा

**भारत** में अक्सर लोगों को कहते सुना है कि गरीब होना सबसे बड़ा पाप और अपराध है। गरीब आदमी जन्म से लेकर मृत्यु तक सिर्फ सजा ही भोगता है। दुनिया के सबसे अमीर देश संयुक्त राज्य अमेरिका में बेघरबार होने वालों को कानूनन अपराधी घोषित कर व पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता है। अमेरिका का बेघर-विरोधी कानून 48 राज्यों में लागू है। इस कानून के अंतर्गत फुटपाथ पर आवागमन में बाधा डालना, इधर-उधर घूमना, हड़बड़ाहट में घूमना, भीख मांगना, अतिक्रमण करना, डेरा डालना, अनावश्यक रूप से विशेष स्थानों पर लंबे समय तक रहना तथा विशेष क्षेत्रों में बैठना, लेटना या सोना आदि अपराध हैं। क्या गरीब को आराम करने या कहीं पर बैठ कर सुस्ताने का अधिकार तक नहीं है? बेघर लोगों एवं भीख मांगने वालों से इतनी ही नफरत है तो सरकार उनके लिए घर क्यों नहीं बना देती? तथा उनके लिए भोजन की व्ययस्था क्यों नहीं कर देती? अमीरों की शानोशौकत पर बेतहाशा पैसा खर्च करने वाला अमेरिका तथा हथियारों के सबसे बड़े सौदागर के रूप में दुनिया में हर साल हजारों लोगों को मारने का जिम्मेदार अमेरिका अब अपने ही नागरिकों के प्रति क्रूर व्यवहार करने पर आमादा है। अमीरों के सर्वोत्तम खोल-लोकतंत्र का यही यथार्थ है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## अमरत्व की इच्छा

**सदियों** से इंसान की चाह अमर होने की रही है और इसके लिए वह प्रयास भी कर रहा है। उम्र बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रयोग निरंतर जारी हैं तथा कई असाध्य रोगों के इलाज खोज लिए गए हैं, मगर अमरत्व पाना अभी मुमकिन नहीं हुआ है। विज्ञान इंसानों की उम्र बढ़ाने में कामयाब हो रहा है और वह इंसानों को अधिक से अधिक शक्तिशाली, बुद्धिमान और दीर्घजीवी बनाने में भी सफल हो रहा है। फिर भी उसकी अमरत्व पाने की लालसा पूरी नहीं हो रही है। वैसे यह लालसा पूरी न हो, यही मानवता के लिए बेहतर होगा। आप कल्पना करें कि अभी रुस, अमेरिका, इजरायल, साउथ अफ्रीका, ईरान, आदि देशों के वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष अमर हो जाएं तो दुनिया का क्या हश्र होगा। मृत्यु निश्चित होने के बावजूद इनकी तथा इनके जैसे अनेक लोगों की लालसाएं पूरी नहीं हो रही हैं। यदि ऐसे लोग अमर हो जाएं तो दुनिया को तहस-नहस करके ही दम लेंगे। अमरत्व की इच्छा के बजाय दुनिया को वर्तमान नागरिकों के साथ भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित व सुंदर बनाने की इच्छा सचमुच जीवन वाले पृथ्वी ग्रह को अमर बना देगी।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन

# दूसरे चरण की 8 लोकसभा सीटों के लिए आज शाम से थम जाएगा चुनाव प्रचार

## 26 अप्रैल को होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में द्वितीय चरण की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल बुधवार 24 अप्रैल को सायं 6 बजे के बाद से इन 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों व उनके प्रत्याशियों द्वारा किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा।

चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के ध्यान में लाना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में द्वितीय चरण की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 26 अप्रैल, 2024 को मतदान होना है, उसमें 9-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाजियाबाद, 13-गौतमबुद्ध नगर, 14-बुलन्दशहर (अ.जा.), 15-अलीगढ़, 17-मथुरा लोकसभा क्षेत्र आते हैं। द्वितीय चरण की ये सभी 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अमरोहा, हापुड़, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ तथा मथुरा जनपद में आते हैं। द्वितीय चरण की इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 91 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## चौथे चरण के लिए अब तक 80 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 80 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। 23 अप्रैल को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 45 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 23 अप्रैल को 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया। इसके पहले ददरौल विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

### 239.20 लाख रुपए कीमत की मादक पदार्थ व नकदी जब्त

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती पर तेज कार्यवाही की जा रही है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 22 अप्रैल तक कुल 31898.16 लाख रुपए की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए हैं। इसमें 3123.56 लाख रुपए नकद धनराशि, 4279.08 लाख रुपए कीमत की शराब, 21177.55 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 22 अप्रैल, 2024 को कुल 239.20 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 154.97 लाख रुपए नकद धनराशि, 56.43 लाख रुपए कीमत की 21047.32 लीटर शराब, 27.80 लाख रुपए कीमत की 297572 ग्राम ड्रग जब्त की गई। 22 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद हमीरपुर की हमीरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 23.09 लाख रुपए नकद, जनपद झांसी की झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 31.85 लाख रुपए नकद तथा जनपद कानपुर नगर की आर्य नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 71 लाख रुपए नकद धनराशि पकड़ी गई। इसके अतिरिक्त जनपद बिजनौर की चांदपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 22.32 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 279000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेसः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/बागपत



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। यह बात साफ करती है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे जबकि वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने 6 दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक शासन करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है। इनके पास कोई विजन नहीं है। इन्हें जब देश की जनता जर्नादन ने सत्ता से बेदखल कर दिया तो फिर से इन्हें गरीबी हटाने की बात याद आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में गरीबी हटाने का काम किया है। उन्होंने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के जरिये 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारा है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का संपत्ति हड़पने का पुराना इतिहास रहा है। यह अपने लिये जीते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग परिवारवादी हैं। सपा ने सभी टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दे दिया। वहीं राष्ट्रीय लोक दल को जब टिकट देने की बारी आई तो जयंत चौधरी ने डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया। पहले देश में आतंकी विस्फोट होते थे। निर्दोष लोग मारे जाते थे और सुरक्षा बलों के जवान शहीद होते थे। वहीं आज भारत में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसने कुछ नहीं किया। पाकिस्तान को मालूम है कि अगर उसने कुछ किया तो फिर उसको लेने के देने पड़ जाएंगे और जान बचाना मुश्किल हो जाएगा।

आपके गलत जगह वोट से देश में फिर से आतंकवाद और माफिया राज लौट सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आपका, जीवन आपका और सुरक्षा आपकी है तो वोट भी आपका है। ऐसे में वोट गलत जगह जाएगा तो आतंकवाद और माफिया राज फिर से लौटकर आएगा। किसानों और गरीबों के हक पर दोबारा डकैती पड़ने लगेगी। इतना ही नहीं बेटी और व्यापारी फिर से असुरक्षित होंगे। वहीं अपना वोट भाजपा और सहयोगी दलों को देंगे तो आतंकवाद को सीमा पार निपटा दिया जाएगा। देश में माफिया और अपराधियों को उसकी मांद में घुस करके राम नाम सत्य की यात्रा पर भेज दिया जाएगा। देश में गरीब, किसान और नौजवान के हक पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा पाएगा, यही गारंटी एनडीए आपको देने के लिए आया है। हमारे लिए सबसे पहले हमारा देश और उसकी सुरक्षा है क्योंकि जब हम सुरक्षित रहेंगे तभी देश समृद्ध होगा। वहीं देश समृद्ध होगा तो हम समृद्ध होंगे। हमें इसी भाव के साथ काम करना है। इसके लिए हमें देश के लिए वोट करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, केपी मलिक, राष्ट्रीय लोकदल की महिला विंग प्रभारी चारु चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, लोकसभा के प्रभारी डॉ. अशोक नागर, बीजेपी के प्रदेश मंत्री और बागपत प्रभारी चंद्र मोहन आदि उपस्थित थे।

## 2014 के पहले आतंकी वारदात और बम विस्फोट होते थेः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अमरोहा

**कांग्रेस** सरकार के समय आतंकी वारदात होती थी तो यह कानों में तेल डालकर सो जाते थे। कहते थे कि हम देख रहे हैं, देखेंगे और आतंकी वारदात कर देता था। समाजवादी पार्टी ने तो बेशर्मी की हदें पार कर दीं। जिन लोगों ने अयोध्या के राम जन्मभूमि व काशी में संकट मोचन मंदिर पर हमला किया था, उन आतंकियों के मुकदमों को सपा ने वापस लेने का दुस्साहस किया, लेकिन न्यायपालिका ने सपा के इस मंशा को पूरा नहीं होने दिया। कोर्ट ने सपा पर तीखी टिप्पणी की थी कि आज आतंकियों के मुकदमे वापस ले रहे हो और कल बेशर्मी के साथ इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजकर देश की जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करोगे। न्यायपालिका यह नहीं होने देगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने मंगलवार को अमरोहा के हसनपुर में जनसभा कर कंवर सिंह तंवर को कमल के फूल चुनाव चिह्न पर वोट देने की अपील की। सीएम योगी ने हनुमान जी का जयकारा लगाते हुए कहा कि आज हनुमान जयंती है। हनुमान के आराध्य श्रीराम को अयोध्या में विराजमान करने का कार्य मोदी ने किया है, इसलिए बोलेंगे- जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और कमल खिलाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले आतंकी वारदात और बम विस्फोट होते थे। लोग भयभीत रहते थे। 2014 के बाद आतंकवाद को नियंत्रित किया गया। 2019 आते-आते मोदी ने ऐसा कार्य किया कि आतंकवाद की जड़ धारा-370 को उखाड़ फेंका गया। भारत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर दिया गया। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा विकास की बात करती है। अमरोहा से दिल्ली की दूरी महज 165 किमी. है। 2014 के पहले इस दूरी को तय करने में पांच घंटे लगते थे। कांग्रेस सुविधा और समय की कीमत को नहीं समझती थी। हम अमरोहा को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ रहे हैं। अब डेढ़ घंटे में दिल्ली, चार घंटे में लखनऊ व छह घंटे में प्रयागराज जा सकते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी नहीं हटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी छूट मिल गई थी। चाहे वह परिवार दिल्ली का हो या सैफई हो। यह लूटते थे और अराजकता फैलाते थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है तो दलित, पिछड़ा, खड़गवंशी, सेमी, गरीब, किसान, माताएं-बहनों और नौजवान कहा जाएंगे। सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेसी और सहयोगी दलों के रूप में आए इंडी गठबंधन वालों ने देश के साथ गद्दारी किया है और फिर गद्दारी करने के लिए यह झूठे घोषणा पत्र के साथ आए हैं। यह कहते हैं कि हमारी सरकार बनी तो सरिया कानून लागू कर देंगे। वे यह जान लें कि देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा, किसी सरिया कानून से नहीं। यह कहते हैं कि जनता की प्रॉपर्टी को हथियाकर फिर बंदरबांट करेंगे। आपके बाप-दादा ने कमाकर संपत्ति रखी है, क्या आप सपा व कांग्रेसियों को अपनी संपत्ति पर डकैती डालने की छूट देना चाहते हैं। इन बेशर्मों की हालत देखिए। एक तरफ आपकी संपत्ति पर कुदृष्टि है तो दूसरी तरफ माफिया व अपराधियों को गले का हार बनाकर फातिहा पढ़ रहे हैं।

## सीएम योगी ने कुंवर सर्वेश सिंह के घर जाकर दी श्रद्धांजलि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/मुरादाबाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुरादाबाद में बीजेपी के प्रत्याशी रहे कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी तस्वीर पर पुष्प भी अर्पित किए। साथ ही उनके परिजनों को सांत्वना भी दी। मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का बीते शनिवार को 71 वर्ष की आयु में एम्स में निधन हो गया था। इस सीट पर 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को ही लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान संपन्न हुआ था। कुंवर सर्वेश सिंह 4 बार मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा सीट से विधायक रह चुके थे, जबकि 2014 में भाजपा से मुरादाबाद के सांसद भी चुने गए। हालांकि, 2019 में वो हार गए थे, लेकिन इसके बावजूद भाजपा ने इस बार उन्हें फिर से लोकसभा टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था।

# अमेठी के कई सपा नेता भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले समाजवादी पार्टी अमेठी के नेताओं में गौरीगंज ब्लॉक प्रमुख रूमा सिंह तथा उनके पति उमेश प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश प्रताप सिंह उर्फ सुरेन्द्र प्रताप सिंह, मुसाफिरखाना ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह (पप्पू), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकली, जिला पंचायत सदस्य धर्मेश, जिला पंचायत सदस्य राम सुफल, पूर्व नगर पालिक अध्यक्ष राजपति देवी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वन्दना श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख रहमतूलनिशा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम किशोर (कल्लू), पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम तिलक पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे तथा डा. अंकुश त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने के लिए भाजपा परिवार में शामिल होने वाले समाजवादी पार्टी के विभिन्न नेताओं का स्वागत है। उन्होंने कहा भाजपा परिवार में प्रत्येक सदस्य को अपनी क्षमता व योग्यता के अनुरूप आगे बढ़ने का पूरा अवसर है। आप सभी के भाजपा से जुड़ने से भाजपा मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ देश का जनमानस जुड़ा है। देश व प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है। बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने के लिए तथा दीदी स्मृति ईरानी को बड़े मार्जन से जिताने के लिए काम करें। प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए हम सब एक साथ जुटकर काम करेंगे।

भव्यता से निकला योगी का रोड शो

# मेरठ की सड़कों पर गूंजा 'जय श्रीराम'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/मेरठ



**मर्यादा** पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान की मंगलवार को जयंती है। अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्ष बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेरठ पहुंचे। उन्होंने यहां अपील की कि मेरठ वाले 'श्रीराम' को सदन में पहुंचा दें। उनके इस आह्वान पर मेरठ के मतदाताओं ने 'योगी को जय श्रीराम' कहकर विश्वास दिलाया कि 400 पार में हमारा भी योगदान होगा। मंगलवार को मेरठ की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी अपने मुखिया का जोरदार अभिनंदन किया।

मेरठ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने रोड शो निकाला। लगभग 45 मिनट से अधिक के रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़कों पर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। हनुमान जयंती पर मंगलवार को निकले सीएम योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते योगी आदित्यनाथ को आश्वासन मिला कि आपने हमें सुरक्षा दी है, हम आपके नेतृत्व में मोदी जी को मेरठ का ताज देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख जनमानस अभिभूत हो उठा। सभी ने जय श्री राम-जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए तो दूसरी तरफ राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं आदि गीतों से भी पूरा माहौल राममय हो गया। मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने भी मेरठ की सड़कों पर जोश भर दिया। महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। सभी ने योगी आदित्यनाथ के रोड शो के पल-पल की छवि अपने मोबाइल में कैद कर ली। क्रांतिधरा मेरठ मंगलवार को भगवामय दिखी। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे। बच्चे हों या भाजपा समर्थक, भगवामय होकर श्री योगी आदित्यनाथ को अपना समर्थन देने पहुंचे। बहुसंख्यक समाज के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी योगी का जोरदार स्वागत किया। रोड शो में मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान के रण में सारथी बनेंगे योगी

**लखनऊ/राजस्थान।** देश की शौर्य भूमि। महाराणा प्रताप की वह धरती जिनका नाम सुनते ही हर भारतीय देश प्रेम के जज्बे और जुनून से भर उठता है। जिसने अपने समय के सबसे ताकतवर मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार करने की बजाय तमाम कठिनाइयों के बावजूद स्वाधीनता और राष्ट्रधर्म को चुना। और खुद में राष्ट्रप्रेम की मिसाल बन गए। ऐसे शूरवीर की धरती पर लोकसभा के इस रण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी हो सकते हैं। दरअसल योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के जिस गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं, उसका और राजस्थान की वीर भूमि मेवाड़ का रिश्ता करीब एक सदी पुराना है। उनके दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ का रिश्ता मेवाड़ से ही था। यह अलग बात है कि मात्र पांच वर्ष की अवस्था में नान्हू सिंह के नाम से जो बालक पीठ में आया, वह कभी वापस मेवाड़ नहीं गया।

# हनुमान जयंती पर मुख्यमंत्री ने की हनुमत महाप्रभु की आराधना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुखदायक और शोकनाशक श्रीहनुमत महाप्रभु की विधि विधान से आराधना की। सभी नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने उनके अरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की। लोकसभा चुनाव में पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार में सीएम योगी की व्यस्तता देशव्यापी है। प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी यह ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। युद्धस्तरीय चुनावी व्यस्तता के बीच सोमवार को अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को गोरखपुर पहुंचे। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने तथा अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेकने के बाद उन्होंने रात विश्राम गोरखनाथ मंदिर में किया। मंगलवार सुबह सीएम योगी की परंपरागत दिनचर्या में हनुमान जयंती पर विशेष आराधना भी शामिल रही। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को होने वाले श्री हनुमत के प्रकटोत्सव के दिन उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया और आरती उतारी।

# समान नागरिकता के लिए 400 पार चाहिए: केशव



**फर्रुखाबाद।** उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश में समान नागरिकता के लिए 400 पार चाहिए। मौर्य ने आज मंगलवार अपराहन करीब 2.45 बजे उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शहर के प्रख्यात महाभारत कालीन गुड़गांव देवी मंदिर समीपवर्ती पंडाल में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत द्वारा आज नामांकन दाखिल किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थ को की आयोजित नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि देश के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन्हें लाभ नहीं मिल पाया इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री ने समीक्षा कराई और 4 जून 2024 को 400 के पार अब की मोदी सरकार के साथ ही 3 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिलेंगे।

उप मुख्यमंत्री मौर्य ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री ने एक देश एक चुनाव की पहल की, सबके लिए एक कानून हो, समान नागरिकता लाने के लिए 400 पार चाहिये हैं। हमारी सरकार 70 वर्षीय बुजुर्गों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री द्वारा धारा 370 हटाए जाने की प्रशंसा करते हुए मौर्य ने कहा कि पाक के कब्जे वाला कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है और हमारी सरकार जब तक वहां तिरंगा नहीं फैहरा लेती तब तक हम चौन से नहीं बैठेंगे।

भारत पर आज दुनिया की नजर है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं इसीलिए भारत का दुनिया में डंका बज रहा है।, कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह वहीं भारत जो कांग्रेस के नेतृत्व में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सका, 10 साल मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढा हैं। मोदी की गारंटी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान से, तीसरी बार मोदी के प्रधान मंत्री बनते ही तीसरे स्थान पर अर्थव्यवस्था होगी। विपक्षियों की तिजोरिया प्रधानमंत्री द्वारा खोलना शुरू किए जाने का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सारे भ्रष्टाचारी नाराज हो गए, भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया। यदि आप सबने मोदी को प्रधानमंत्री नहीं बनाया होता तो पात्र 52 करोड़ देशवासियों को जन धन योजना खातों का लाभ नहीं मिल सकता था, इन खातों के खुलने से दलाली बंद हो गई उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 34 लाख करोड़ मे से 5 लाख करोड़ ही जनता के पास पहुंचता और 29 लाख करोड़ सपा बसपा कांग्रेस डकार जातीऔर किसी को पता भी नहीं चलता और कोई जांच भी नहीं होती। भाजपा का देश सेवा लक्ष्य होने का दावा करते हुए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए 400 पार मोदी सरकार चाहिए। प्रदेश एवं देश में 2047 तक भाजपा सरकार रहेगी। लोकसभा चुनाव 2024 को महाभारत युद्ध की संज्ञा देते हुए उन्होंने बताया कि एक तरफ 20 प्रतिशत तो दूसरी तरफ 80 प्रतिशत लोग हैं और इस 100 प्रतिशत में 80 प्रतिशत हमारा बाकी 20 प्रतिशत में बटवारा, उसमें भी हमारा है।

## हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकली

**कानपुर देहात।** हनुमान जयँती के अवसर पर जनपद के सभी प्रमुख हनुमान मँदिरों में धार्मिक आयोजन किये गये, भक्तों ने रामचरित मानस पाठ, हनुमान चालीसा, सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन किया, शोभायात्रा निकालते हुये प्रसाद का वितरण किया गया तथा भण्डारे का आयोजन किया गया। जनपद के शोभन आश्रम, कडरी आश्रम, काशीपुर के हनुमान मँदिर, रूरा के बालाजी मँदिर, टँकीताला मँदिर, सँकटमोचन महादेव मँदिर, ऑट के बालाजी मँदिर, पवन तनय आश्रम रँजीतपुर सहित अन्य हनुमान मँदिरों में तडके सुबह से ही भक्तें की भीड पूजन अर्चन के लिये उमड पडी, भक्तों ने श्रद्धा के साथ रामचरित मानस के पाठ का उच्चारण किया, लोगों ने हनुमान चालीसा, सुन्दर काण्ड पाठ को भी पूरी आस्था के साथ पढा, हनुमान जयँती के अवसर पर शोभा यात्रायें भी धूमधाम से निकाली गयी, इस मौके पर प्रसाद वितरण के साथ भण्डारों का भी आयोजन किया गया।

# शिवपाल सिंह यादव के आते ही तन गई कुर्सियां, कई नेताओं के उतर गए जूते, आपस में भिड़े सपाई



**फर्रुखाबाद।** सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने आए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव को चेहरा दिखाने के लिए सपाई आपस में ही भिड़ गए। गालीगलौज व धक्कामुक्की हुई। इस कदर अफरातफरी हुई कि कुर्सियां तन गईं। कई कार्यकर्ताओं के जूते उतर गए। कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह के आने से पहले ही कार्यालय गेट के बाहर सड़क तक सपाई खड़े हो गए। प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य बीच में रास्ता छोड़ने की अपील करते रहे। शिवपाल के आते ही सपाइयों में चेहरा दिखाने की होड़ लग गई। धक्कामुक्की होने लगी। सुरक्षा कर्मी उन्हें जैसे-तैसे भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थल तक ले गए।

### शिवपाल के पहुंचते ही शुरू हो गई सपाइयों में धक्का मुक्की

वहां पूजा करने के बाद जैसे ही शिवपाल सिंह पीछे मुड़े तो फिर धक्कामुक्की शुरू हो गई। दो युवक आपस में ही गालीगलौज कर भिड़ गए। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं के जूते हाल में छूट गए। शिवपाल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो मंच पर इतने कार्यकर्ता चढ़ गए कि फिर धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस पर ड्यूटी पर तैनात दारोगा आशू यादव एक अन्य सब इंस्पेक्टर व फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाकर नीचे उतारा। इसी बीच कुर्सी पर बैठने को लेकर फिर विवाद हुआ। कई कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियां तान दीं। शोरशराबा और अफरातफरी के बीच शिवपाल सिंह यादव ने संक्षिप्त संबोधन दिया और पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड के लिए रवाना हो गए। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि युवा कार्यकर्ताओं में जोश है। यह जोश मतदान तक बना रहे तो प्रत्याशी को इसका लाभ मिलेगा।

# जिला कारागार में हनुमान जयंती पर हुआ भण्डारा कार्यक्रम



प्रसाद वितरित करते अधीक्षक व बंदियों को विधिक जानकारी देतीं सचिव।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर कारागार के मुख्य द्वार के बाहर अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में भण्डारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें कारागार में निरूद्ध बंदियों, उनसे मिलने हेतु कारागार में आये मुलाकातियों तथा समस्त जेल कार्मिकों ने भण्डारे के परसाद को ग्रहण किया। जिससे सभी लोगो में अति उत्साह देखा गया।

मंगलवार को जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी के साथ कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुबे, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, सहायक अध्यापक मनोज कुमार कटियार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार, आकाश के साथ अन्य कर्मचारियों ने भण्डारा कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज लवली जायसवाल द्वारा बंदियों को विधिक जानकारी व उन्हे सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ने दर्जनों गांवों में जन संपर्क कर मांगे वोट



**निघासन खीरी।** केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री व लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने निघासन विधानसभा के दर्जनों गांवों का जनसंपर्क कर सभाएं की ये मतदाताओं ने उन्हें तीसरी बार भारी बहुमत से जीतने का आशीर्वाद प्रदान किया। विस क्षेत्र के गांव सोहरिया, सिरसी, बिनौरा, मोहबतिया बेहड़, बिनौरा, त्रिकौलिया, बरोठा, मिर्जागंज, झंडी आदलाबाद आदि गांवों में जनसमपर्क सभा कर वोट मांगे। केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में विपक्ष दिख ही नहीं रहा इस बार लगता है कि एकतरफा चुनाव है दस वर्षों में काफी परिवर्तन हुआ है। जरूरतमंद व्यक्तियों को फ्री में राशन मिल रहा है और मिलता रहेगा।दस वर्ष पहले बिजली आती नहीं थी अब बिजली जाती ही नहीं है। दस साल पहले लोग कोटेदारों के चक्कर लगा रहे थे आज कोटेदार खुद फोन कर राशन देने के लिए बुलाते हैं ए गैस सिलेंडर के लिए लोग पूरा दिन लाइन लगते थे आज घर घर सिलेंडर पहुंच रहे हैं। सभी को किसान सम्मान निधि मिल रही हैं। केंद्र और राज्य की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी ग्रामीणों को मिल रहा है किसी के साथ कोई भेद भाव नहीं हो रहा है। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, इंजीनियर जी एस सिंह, के पी सिंह राना, महेश गुप्ता, नागेन्द्र सिंह सेंगरएआदि लोगों ने किया। रतीराम लोधी, बीरेंद्र मिश्रा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, प्रधान के डी वर्मा, केके तिवारी, प्रधान पिंटू यादव, प्रधान चंद्रहास, कृष्णानंद अवस्थी, मालचंद मोदी, मोहन यादव, शिव कुमार, राधेश्याम मिश्रा, विनोद वर्मा, राम आसरे मौर्य, शारदा प्रसाद, छड़ी राम मौर्य, प्रधान दरवेश यादव, रामेश्वर गौतम, कौशल किशोर शुक्लए खुशी राम लोधी, पूर्व प्रधान रमाकांत गौतम उत्तम लोधीए प्रधान रामगोपाल भार्गव सरोज तिवारी आदि काफी लोग मौजूद रहे। जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है उसी तरह वोटरों में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की लोकप्रियता में इजाफा हो रहा है।

## पुलिस ने बीस लोगों पर की मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के अनुमोदन के उपरांत प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के ग्राम मझपुरवा निवासी उमाशंकर, राम शंकर पुत्रगण चंद्रपाल, ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी चांद खान, अली मोहम्मद उर्फ छोटे, वसीम उर्फ गुड्डू पुत्रगण शमीम खान, मोहल्ला सीमांत नगर निवासी गुड्डू उर्फ जब्बार, अख्तर पुत्रगण अब्दुल सत्तार, जिबरान पुत्र गुड्डू उर्फ जब्बार, समधन के मोहल्ला पछाये निवासी चुनई पुत्र आबिद, उवैस पुत्र चुनई, राहुल पुत्र मुन्ना, मोहल्ला दारासराय निवासी राजा पुत्र इकरार, फैयाज पुत्र अबरार, गढ़िया कछपुरा निवासी सूरजपाल, नीरज पुत्रगण गज्जू, मोहल्ला गर्दाबाद निवासी हाशिम, जुबेर पुत्रगण शरीफ समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी वसीम, निजाम, पुत्रगण इनाम के विरुद्ध 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने चार दिन पूर्व गायब हुए बच्चों को किया बरामद



**संडीला (हरदोई)।** स्थानीय पुलिस ने चार दिन से लापता दो बच्चों को बरामद कर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया है। प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह के अनुसार मोहल्ला बाबा हजाराबाद निवासी राजू पुत्र खेम्मा ने सूचित किया कि उनका पुत्र रितेश अपने साथी कृष्णा पटेल के साथ खेलने के लिए गया था और वापस नहीं लौटा। अपनी टीम के साथ जिसमें एसआई वीर प्रताप सिंह, हेड कॉस्टेबल अंजनी कुमार पाण्डेय, कॉस्टेबल विजय कुमार और महिला पुलिसकर्मी नीतू यादव शामिल थीं। बच्चों की तलाश शुरू की और उन्हें सकुशल बरामद कर न्यायालय के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गयी जान

**संडीला (हरदोई)।** बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दीए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में पुलिसकर्मी ने भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। संडीला मल्लावां रोड पर ग्राम मुसलमानाबाद के पास मोटरसाइकिल से जा रहे एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दीए जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें लगीं। इसकी सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी अजय कुमार मौके पर पहुंचा और उसने घायल युवक को ले जाकर सीएचसी कछौना में भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर हालत हो देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान जीतेन्द्र सिंह पुत्र राजीव कुमार सिंह निवासी रसूलाबाद जनपद उन्नाव के रूप में हुई।

### महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा निवासी फिदा हुसैन की 26 वर्षीय पत्नी खुशबू ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसको उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। वहीं मृतका के ससुर अली हुसैन ने बताया कि मृतका खुशबू और उसकी सास पीर बानो के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। जिससे क्षुब्ध होकर खुशबू ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए तो डॉक्टर मृत घोषित कर दिया है। मृतका 8 वर्षीय पुत्र तौसीफऔर 3 वर्ष की पुत्री रिदा को रोता बिलखता अपने पीछे छोड़कर चली गई है।

### भूसा लदे ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी हिम्मत सिंह का 54 वर्षीय पुत्र शमशेर सिंह खेत से ट्रैक्टर पर भूसा लादकर घर आ रहा था। तभी वह गाँव के समीप ट्रैक्टर के ऊपर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं कानपुर पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव में संदिग्ध अवस्था में युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतिका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव निवासी रामबाबू की 18 वर्षीय पुत्री नेहा ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब युवती को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि 28 अप्रैल को मृतिका की शादी होनी थी उससे पहले ही घर में यह हादसा हो गया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन खुर्द गांव निवासी दीपक कुमार की 24 वर्षीय पत्नी निराशा देवी ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया। मृतका का मायका थाना क्षेत्र के मनावा गांव है।

## कन्नौज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

**कन्नौज।** कन्नौज लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने मंगलवार को अपना नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन कक्ष में अपने प्रस्तावक ज़िला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, नेहा पाठक के साथ नामांकन किया। सांसद व भाजपा प्रत्याशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ला को तेईस पृष्ठ के हलफनामा के साथ नामांकन पत्र सौंपा।

## सामान्य प्रेक्षक आर. सीता लक्ष्मी पहुंची खीरी

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आरण् सीतालक्ष्मी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। वह मंगलवार की शाम खीरी पहुंच गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संबंध में प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रात: 11 बजे से प्रात: 12 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 03 आकर मुलाकात कर सकते है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग में चार दुकानें जलकर स्वाहा, लाखों का नुक़सान



**निघासन . खीरी।** क्षेत्र के झण्डी चौराहे पर शार्ट सर्किट से लगीं आग से चार दुकानें जलकर राख हो गई इस अग्निकांड में होटल ए कास्मेटिक तथा साइकिल की दुकाने जल कर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। अग्निकांड में लाखों की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है। घटना मंगलवार की प्रात: 4 बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम झण्डी चौराहे पर कुर्बान अली की कास्मेटिक की दुकान है। जिसमें करीब 8 लाख रुपये का समान भरा हुआ था जो आग में जलाकर राख हो गया पड़ोस में राज कुमार का होटल है जिसमें एक लाख रुपए की क्षति हुई है वहीं आसिफ मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में आग से करीब दो लाख का समान तथा 25 हजार की नगदी जल गई वहीं पप्पू की साइकिल रिपेयरिंग की दुकान है जिसमें 50 हजार का समान जलकर राख हो गया। उधर सूचना पर मौके पर फायर सर्विस की गाड़ी पहुंचने से पहले दुकान दारों का नगदी समेत सारा सामान आग की भेंट चढ़ चुका था । अग्निशमन विभाग ने किसी तरह आग पर काबू पाया अन्यथा आगरा अग्निकांड की भयावहता और विनाशक साबित हो सकती थी।

## संदिग्ध अवस्था में अधेड़ का शव बरामद

**निघासन.खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चखरा में एक अधेड़ का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।उधर पुलिस ने पूछताछ के लिए पत्नी को हिरासत में लिया है। थाना निघासन क्षेत्र के ग्राम चखरा निवासी ओमप्रकाश 50 का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है।जिसकी सूचना मृतक के साले राम सागर ने लिखित सूचना पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने मौके पर जाकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।उधर मृतक के साले द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में उल्लिखित किया गया है कि उसकी बहन का चाल चलन ठीक नहीं था जिस कारण उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मृतक के साले राम सागर ने यह भी बताया है वह मूल रुप से रकेहटी का निवासी था जो 15 साल से ससुराल में वहीं मकान बनाकर रहता था। मृतक के साले ने अपनी बहन पर गलत चाल चलन का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है।

## होमगार्ड की पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राठ।** मुस्करा थाने के बसवारी गांव में होमगार्ड की पुत्री ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुत्री की मौत पर



स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बसवारी गांव निवासी 19 वर्षीय रविता पुत्री वीरेंद्र कुमार सोमवार की रात कमरे में मां की साड़ी का फंदा डाल फांसी लगाकर ली। सुबह जब स्वजनों ने युवती को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि वह होमगार्ड के पद पर कार्यरत हैं। उसकी पुत्री रविता ने दो वर्ष पहले नौवीं के पेपर देकर पढ़ाई छोड़ दी थी। स्वजन घटना के कारणों को स्पष्ट नहीं बता सके। पुत्री की मौत पर मां नीरज का रो रोकर बुरा हाल है।

## घर में घुसकर महिला को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** जरिया थाने के अलकछवां गांव निवासी सविता पुत्री देवीदीन ने बताया कि वह कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में मनोज राजपूत के मकान में किराए से रहती हैं। शनिवार की रात नौ बजे विनीता पत्नी महेश्वरी प्रसाद अपने चाचा व भतीजों को लेकर किराए के मकान में आए और किराए से रह रहे महेश्वरी प्रसाद के साथ पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब वह बचाने आईं तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट से उसे व महेश्वरी प्रसाद को चोट आई है। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मेधावियों का डीआईओएस ने किया सम्मानित

**खागा ( फतेहपुर )।** सरस्वती बल मंदिर इंटर कॉलेज शहजादपुर में हाई स्कूल एवं इंटर मीडियेट के टॉप टेन में पांच बच्चों ने मेरिट में नाम लाकर जिले और अपने स्कूल का नाम रौशन किया। आज इन मेधावियों का स्वागत/सम्मान करने जिविनि शिवपूजन द्विवेदी ने आज कॉलेज पहुंच कर पांचो मेधावियों को सम्मानित किया और फिर प्रमुख विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कपूर सिंह आदि विद्यालय के अध्यापक मौजूद है।

# जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट जांच आख्या निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं

### निर्वाचन कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**कानपुर देहात।** आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासनध् उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्षए शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में अकबरपुर रानिया लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन में सभी को सतर्क रहनेए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी को अपने.अपने मतदान केंद्रों पर पेयजलए शौचालयए विद्युत व रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सचेत किया। उन्होंने कहा कि समय को व्यवस्थित करने से ही पूर्ण निष्पक्ष मतदान कर सकते हैं इसलिए समय पर सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित करना ही प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी को निर्देश दिए की समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र के वल्नरेबल ए क्रिटिकल बूथों पर स्वयं जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जांच कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित करें। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय एवं संबंधित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## तालाब में मिला शव आढ़ती का निकला

**फर्रुखाबाद।** तालाब में मिले शव की शिनाख्त हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच की।थाना कादरी गेट के सातनपुर आलू मंडी रोड़ पर सेंट्रल जेल चौराहे के निकट कटियार कोल्ड के सामने सड़क किनारे भरे पानी में युवक की लाश उतराती हुई मिली थी। शव को कुटरा निवासी अजय कटियार ने देखा और पुलिस 112 को सूचना दी।सातनपुर निवासी आकाश पुत्र यशपाल ने शव की शिनाख्त पवन प्रताप पुत्र राजबहादुर निवासी सिबिल लाइन एलडीएम ऑफिस के निकट के रूप में की। सूचना पर थानांध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पाण्डेय, कोतवाल फतेहगढ़ हरीश्याम, आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह, फील्ड यूनिट मौके पर पंहुची। भतीजे आकाश ने बताया की पवन की सातनपुर आलू मंडी में आढ़त थी। सूचना मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक पवन प्रताप बीते सोमवार शाम से लापता था, इस संबंध में उनके पुत्र अंशुमान उर्फटीटू ने कोतवाली फतेहगढ़ को तहरीर दी।

# धौरहरा से सपा व भाजपा सहित कुल चार लोगों ने दाखिल किया नामांकन



**लखीमपुर खीरी।** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को नामांकन के पांचवें दिन 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सपा से आनंद भदौरिया ने दो सेट, भाजपा से रेखा वर्मा ने एक सेट, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार और आम जनता पार्टी (इंडिया) से आशुतोष पाठक एक.एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। 28 खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने आज पुन: एक सेट सेट दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली।

### खीरी से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने दाखिल किया दूसरा पर्चा

सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनु. जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। अंतिम दिनांक 25 अप्रैल आयोग द्वारा निर्धारित है।

## सॅंदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से मचा हड़कम्प

**सिकन्दरा, कानपुर देहात।** मंगलवार को रसधान कस्बा स्थित जरौली चौराहा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में औरंगाबाद निवासी रामकुमार का शव पड़ा मिला।शव देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। रसधान कस्बा निवासी राजेश्वरी सविता ने बताया कि 2 दिन पूर्व उसका भाई रामकुमार औरंगाबाद से उसके घर आया था। वह सांस का मरीज था। सोमवार शाम को रसधान से जरौली गांव में शादी समारोह में जाने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद उसका शव मिला। मृतक की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक के दो पुत्र सोनू और रिंकू है। जिनकी शादियां हो चुकी है। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया और परिजन शव लेकर घर चले गए।

# मेला करके लौट रहे चाट दुकानदार की सड़क हादसे में मौत

### सड़क पर नीलगाय आ जाने से अनियंत्रित होकर पिकअप पलटी



मृतक मोहित साहू का फाइल फोटो

**राठ।** जलालपुर थाने के भेड़ी गांव से मेला करके पिकअप से लौट रहे चाट दुकानदार की सड़क हादसे में मौत हो गई। जलालपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मच गया है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी मनीष साहू पुत्र परशुराम ने बताया कि उसके बड़े भाई 45 वर्षीय मोहित साहू मेला में चाट समोसा की दुकान लगाते थे। जिससे परिवार का भरण.पोषण होता था। नवरात्रि के चौथ वाले दिन उसका भाई मोहित जलालपुर थाने के भेड़ी गांव में लगे मेले में चाट समोसा की दुकान किए थे। सोमवार का मेले के समापन पर वह रात को पिकअप गाड़ी से सामान भरकर घर लौट रहे। तभी रात करीब ढाई बजे पचखुरा मोड़ के पास सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप चला रहा युवक फरार हो गया। पिकअप उसके भाई मोहित की थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र हिमांशुए दिव्यांशु और दो पुत्रियां मुस्कान कोमल छोड़ गया है? पति की मौत पर पत्नी सावित्री साहू और मां भगवती साहू का रो रोकर बुरा हाल है।

# दल बदल कानून को मजबूत किया जाए, मुफ्त के उपहार खत्म हों

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि नेताओं द्वारा बार-बार दल बदलना परेशान करने वाला है। उन्होंने दल बदल कानून को और मजबूत करने का आह्वान किया। पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि चुनाव के दौरान कोष के प्रबंधन के बिना मुफ्त के उपहार देने की घोषणा हानिकारक परिपाटी है और इसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए और लोगों को भी दलों एवं नेताओं के इन बड़े-बड़े वादों पर सवाल करना चाहिए। नायडू को सोमवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। दलबदल को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए।

पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, अब, चिंता की बात यह है कि सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बाएं बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है।

एक और अस्वस्थ प्रवृत्ति यह है कि लोग दाएं-बाएं वादे कर रहे हैं, बिना यह सोचे कि पैसा कहां से आएगा, क्योंकि पैसा तो है नहीं। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, राजनीतिक दलों को एक



घोषणापत्र जारी करना चाहिए और दूसरा, राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए और तीसरा,उन्हें बताना चाहिए कि संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे और फिर वे उसे कैसे खर्च करना चाहते हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे सबकुछ मुफ्त में देना संभव है क्योंकि पैसे पेड़े पर नहीं उगते।

नायडू ने कहा कि राज्यों पर लाखों करोड़ रुपए का बोझ है फिर भी नेता सबकुछ मुफ्त में देने के वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मुफ्त के उपहार के खिलाफ हूं। मैं इसके पक्ष में हूं कि दो चीजें शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त दी जानी चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त कीजिए और बाकी अन्य से बचें। वे यह नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के वादों और मुफ्त सुविधाओं को हतोत्साहित किया जाना चाहिए और राजनीतिक दलों से सवाल करना चाहिए कि आप संसाधन कैसे जुटाने जा रहे हैं। घोषणापत्र और संसाधन जुटाने तथा राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य को लोगों के सामने पेश किया जाना चाहिए पूर्व उप राष्ट्रपति ने सार्वजनिक जीवन के मानकों में आ रही भारी गिरावट की निंदा करते हुए कहा कि लोग स्वस्थ आलोचना करने के बजाय अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को गाली दे रहे हैं और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

नायडू ने मतदाताओं से उन उम्मीदवारों को खारिज करने की अपील की जो अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हैं और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि दलों को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय वैकल्पिक नीतियां पेश करनी चाहिए।

आंध्र प्रदेश से जाकर तमिलनाडु बस गए एक धार्मिक संत से मुलाकात का उल्लेख करते हुए नायडू ने कहा कि मुस्लिम मूल के होने के बावजूद वह हर सुबह राम भजन गाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति जीने का तरीका है जबकि धर्म प्रार्थना का तरीका। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, राम देश की संस्कृति हैं और वह धार्मिक व्यक्ति नहीं है। राम एक इंसान के तौर पर, महान शासक के रूप में, महान पिता और पुत्र के रूप में आदर्श हैं, वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को उनका संदेश है कि उन्हें सार्वजनिक जीवन में रुचि लेनी चाहिए न केवल राजनीति में। नायडू ने कहा कि उन्होंने राजनीति में उच्च मूल्यों को बनाए रखा है और याद किया कि कैसे उन्होंने सभापति के रूप में राज्यसभा की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने का प्रयास किया था। उन्होंने सांसदों को सलाह दी कि वे बहस करें, चर्चा करें और निर्णय लें और सदन की कार्यवाही को बाधित न करें।

# कांग्रेस ने देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को नष्ट किया

**खूंटी ( झारखंड )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस पर देश के धर्मनिरपेक्ष ताना-बाना को नष्ट करने और हिंदुओं एवं मुसलमानों को विभाजित करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा के उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में खूंटी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता की भलाई के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश के धर्मनिरपेक्ष ताना-बाना को नष्ट कर दिया... लेकिन भाजपा धर्म या जाति के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव से परहेज करती है।

सिंह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने नई दिल्ली में जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के आरक्षण को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र में संपत्तियों का सर्वेक्षण कराने की बात कहने के संबंध में टिप्पणी की थी। अब उन्हें इस पर



आपत्ति है। संपत्तियों का सर्वेक्षण कराकर आप (कांग्रेस) क्या करना चाहते हैं? देश के संसाधनों पर सभी का समान अधिकार होना चाहिए...।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यह दावा करके राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में सर्वेक्षण के बाद संपत्ति के पुनर्वितरण का वादा किया गया है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि लोगों को मोदी जैसे तपस्वी प्रधानमंत्री के लिए मतदान करना चाहिए, जिन्होंने केवल सात वर्षों में भारत का शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि देश तीन साल में अमेरिका और चीन के बाद शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। सिंह ने कहा, यह प्रधानमंत्री मोदी के अथक परिश्रम का ही नतीजा है कि अब वैश्विक मंचों पर भारत को गंभीरता से लिया जा रहा है... उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करके युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे 22,500 भारतीय छात्रों की वापसी कराई थी।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि यह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है कि एक मुख्यमंत्री लापता हो गया। उन्होंने कहा, फिलहाल वह (सोरेन) सरकारी मेहमान के तौर पर जेल में हैं। सिंह ने कहा कि झारखंड में भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे - बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुबर दास - लेकिन किसी पर भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा शासन के दौरान, झारखंड में किसी भी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई, जो अब बड़े पैमाने पर है। उन्होंने कहा, भाजपा ने आदिवासियों को उचित सम्मान और मान्यता दी।

# दिव्यांग की मां को देखभाल अवकाश देने से इनकार संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दिव्यांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से मना करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने संबंधी सरकार के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों की कामकाजी माताओं को बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया। इसने कहा कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है तथा एक आदर्श नियोक्ता के रूप में सरकार इससे अनजान नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि



केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए। इसने निर्णय देने में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी। इसने हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों को सीसीएल देने संबंधी याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया। याचिकाकर्ता महिला राज्य में भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। पीठ ने कहा, बाल देखभाल अवकाश एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करता है जहां महिलाओं को कार्यबल में समान अवसर से वंचित नहीं किया जाता।

# राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बाराबंकी।** मिनी आडिटोरियम, प्रशासनिक भवन में इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में आज द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रशांत सिंह अटल चीफ स्टैंडिंग काउन्सिल, उच्च न्यायालय, सचिव, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल तथा विनय कुमार सिंह, डीजीसी, गोंडा के कर कमलों द्वारा चांसलर पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर पूजा अग्रवाल, बाइस चांसलर प्रो. डीके शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल तथा डायरेक्टर डॉ. रोहित पी साबरन की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सहायक प्रवक्ता आयुषी तिवारी, (मूट कोर्ट कमेटी) द्वारा परिचय वक्तव्य प्रस्तुत किया गया।



इसमें देशभर की 50 से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बाइस चांसलर प्रोफेसर डीके शर्मा ने डॉ. रोहित और उनकी टीम को लगातार सफल आयोजनों के लिए उनकी विधिक रचनात्मकता की प्रशंसा की। वहीं रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल ने छात्रों को इससे सीख लेने की सलाह दी। मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह अटल ने कहाकि मूट कोर्ट के द्वारा प्रैक्टिस में सहजता और आत्मविश्वास उत्पन्न होना आज की विधिक शिक्षा का महत्वपूर्ण अवयव है और उसका लाभ उठाया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों को मूट कोर्ट द्वारा आत्मविश्वास बढ़ाने का एक अभ्यास करार दिया। आयोजन का समापन 27 अप्रैल को होना है जिसमें 100 से अधिक गणमान्य अधिवक्ता एवं विधि प्रवक्ता जज के रूप में प्रतियोगिता का मूल्यांकन करेंगे। यह श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के विधिक सामाजिक दायरे का एक छोटा सा प्रतिरूपण है। यह विचार अपने अभिभाषण में डॉ. रोहित ने व्यक्त किए। उन्होंने फैकल्टी मूट कोर्ट कोआडिनेटर अभिनव मिश्रा, कार्यक्रम संचालक तान्या की प्रशंसा की तथा महर्षि शुक्ला, अभिषेक कुमार सिंह, अर्चिता, लक्ष्मण सिंह, अदिति आदि की भी सराहना की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

# सपा नहीं चाहती एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले : मायावती

**मेरठ ( उप्र )।** बसपा की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरक्षण का मुद्दे उठाते हुए आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती कि अनुसूचित जाती (एससी)- अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मायावती ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। बसपा प्रमुख मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अलीपुर मैदान में पार्टी उम्मीदवार देवव्रत कुमार त्यागी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व कांग्रेस पर निशाना साधा और आरक्षण के मुद्दे को लेकर सपा को कटघरे में खड़ा किया। मायावती ने कहा, सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों को दिया जाने वाला आरक्षण वर्षों से अभी तक पूरा नहीं हुआ। मायावती ने कहा, उप्र में जब सपा की सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने आम मतदाताओं को सपा से सचेत करते हुए कहा क्या एससी-एसटी के कर्मचारी वर्ग ऐसी पार्टी (सपा) को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने के लिए पूरे जी जान से लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, सपा नहीं चाहती है कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा, जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने संसद में इस बिल को फाड़ दिया था। आप खुद ही बताइए कि ऐसी समाजवादी पार्टी दलितों शोषितों का क्या भला कर सकती है? मायावती ने पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर अलग से राज्य बनाने का भी वादा किया। उन्होंने याद दिलाया कि मायावती सरकार ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा था लेकिन केंद्र सरकार ने उसे अमल में नहीं लाया। 2011 में मायावती सरकार ने उत्तर प्रदेश को विभाजित कर पूर्वांचल, पश्चिमी उप्र और बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र में हमारी पार्टी सत्ता में आई तो पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाया जाएगा। मायावती ने मेरठ लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार को चुनाव जिताने की अपील की। मेरठ में दूसरे चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होना है। मेरठ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अरुण गोविल, समाजवादी पार्टी की सुनीता वर्मा और बसपा के देवव्रत कुमार त्यागी मुकाबले में हैं।

# सरकारी बैंकों के पास कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। अदालत के फैसले के बाद ऐसे बैंकों द्वारा चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद्द हो जाएंगे। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया।

# अदालत ने सैयदना केरूप में मुफद्दल सैफुद्दीन की नियुक्ति बरकरार रखी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2014 के एक मुकदमे को खारिज करते हुए दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें अल-दाई अल-मुतलक (नेता) के तौर पर सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की नियुक्ति को बरकरार रखा। इस मुकदमे में सैफुद्दीन की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति गौतम पटेल की एकल पीठ ने कहा, अदालत ने केवल सबूत के मुद्दे पर फैसला किया है, आस्था पर नहीं। पीठ ने खुजैमा कुतबुद्दीन द्वारा शुरू में दायर किए गए मुकदमे को खारिज करते हुए यह कहा। कुतबुद्दीन ने अपने भाई और तत्कालीन सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन का जनवरी 2014 में 102 साल की आयु में निधन होने के बाद यह वाद दायर किया था। बुरहानुद्दीन के दूसरे बेटे मुफद्दल सैफुद्दीन ने इसके बाद सैयदना का पद संभाला था।

साल 2016 में कुतबुद्दीन के निधन के बाद उनके बेटे ताहिर फखरुद्दीन ने मुकदमे को आगे बढ़ाया और दावा किया कि उनके पिता ने उन्हें अपना पद दिया है।

इस मामले में अदालत से सैफुद्दीन को सैयदना के रूप में काम करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। कुतबुद्दीन ने अपने मुकदमे में दावा किया था कि उनके भाई बुरहानुद्दीन ने उन्हें माजून (दूसरे नंबर का अधिकारी) नियुक्त किया था और 10 दिसंबर, 1965 को माजून की घोषणा से पहले एक गुप्त नास (उत्तराधिकार का चुनाव) के माध्यम से उन्हें निजी तौर पर अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। हालांकि, न्यायमूर्ति पटेल ने कहा कि वादी इस बात को साबित करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं कि उन्हें वैध तरीके से नास के माध्यम से उत्तराधिकारी चुना गया था। उन्होंने मुकदमे को खारिज करते हुए कहा, मैं कोई उथल-पुथल की स्थिति नहीं चाहता। मैंने फैसले को यथासंभव तटस्थ रखा है। मैंने केवल साक्ष्य के मुद्दे पर फैसला सुनाया है।

# नवाचार के क्षेत्र में नए प्रयोग कर रहे विद्यार्थी

**श्रावस्ती।** भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। जिले के 10 कॉलेजों में विशेषज्ञों से सहयोग से बच्चे नवाचार के द्वारा उद्यम स्थापित करने हेतु अपने को तैयार कर रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। इसी तरह का प्रेरक शिविर आज तपसी इंटर कालेज सेमरहना, श्रावस्ती में आयोजित हुआ। कॉलेज के प्रधानाचार्य पद्माकर द्विवेदी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी हैं। खास तौर पर जनजातीय समाज के बच्चे इसका अधिक से अधिक लाभ उठा रहे हैं।



प्रख्यात इन्नोवेटर आनंद पांडेय भी बच्चों को नवाचार से उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जनपद में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रत्येक कालेज में 250 से अधिक विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर अपने को तैयार कर रहे हैं। आंचलिक विज्ञान नगरी के अभय कृष्ण, अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं विज्ञान संचारक संतोष कुमार ने तोड़ - फोड़ के जोड़ के अंतर्गत दैनिक जीवन में काम आने वाले उपकरणों की कार्यप्रणाली बहुत ही सरल वैज्ञानिक ढंग से प्रयोग करके दिखाई। उन्होंने इन उपकरणों के पीछे छिपे विज्ञान के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काफी रुचि ली। इसके साथ ही यहां विद्यार्थियों को समाज के लिए उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार करना और विज्ञान के नए-नए मॉडल बनाना भी सिखाया गया। इसका पूरा खर्च संस्था द्वारा उठाया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए नवाचार संबंधी विज्ञान-तकनीक पर आधारित क्विज भी आयोजित किया गया। परियोजना समन्वयक एचआर नायक ने बताया कि नवाचार के नए प्रयोग करने के लिए आगे आने वाले विद्यार्थियों को संस्था द्वारा तकनीकी व आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

# अल्पसंख्यकों पर राहुल गांधी का एजेंडा वही जो मनमोहन सिंह का था : तावड़े

**मुंबई।** भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने मंगलवार को दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एजेंडा है कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का होना चाहिए, न कि आदिवासियों या दलितों का। वह भाजपा के सहयोगी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के घोषणापत्र के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें जाति आधारित जनगणना का उल्लेख है। कांग्रेस भी ऐसी जनगणना की मांग करती रही है। तावड़े ने संवाददाताओं से कहा, जाति आधारित जनगणना राहुल गांधी का एजेंडा नहीं है। उनका एजेंडा वही है जो मनमोहन सिंह ने पहले कहा था: देश की संपत्ति पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। तावड़े ने कहा कि भाजपा इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर बहस के लिए किसी का भी स्वागत करती है। उन्होंने पूछा, मैं अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग कर रहा हूंअ उन्होंने (मनमोहन सिंह) साफ कहा था कि आदिवासियों और दलितों को कुछ नहीं मिलेगा। और इस पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी, (मल्लिकार्जुन) खरगे की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है, जिसका मतलब है कि वे इसे स्वीकार करते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि (महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष) नाना पटोले और उनके सहयोगी शरद पवार और उद्धव ठाकरे भी वही चाहते हैं जो सिंह ने कहा था?

## पेज 1 का शेष

### हनुमान चालीसा...

के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर फिर से कांग्रेस पर हमला बोला कि तटीय राज्य पर संविधान थोपा गया था, और कहा कि यह देश को तोड़ने की एक चाल थी। उन्होंने कहा, कांग्रेस सत्ता में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की भागीदारी को पचा नहीं पा रही है। अब पार्टी ने एक बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक के एक कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को एक अलग देश घोषित किया जाना चाहिए, अब गोवा से कांग्रेस उम्मीदवार उन्होंने कहा, भारतीय संविधान गोवा में लागू नहीं है। उन्होंने कहा, वह कह रहे हैं कि संविधान को गोवा पर थोपा गया था। उन्होंने यह बात शहजादे (स्पष्ट रूप से राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) से कही है...क्या यह बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान नहीं है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? यह भारत के संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं है? उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग भी कहते थे...आपने (भाजपा को) आशीर्वाद दिया, अब उनके मुंह बंद हैं। अब भारत का संविधान वहां (अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद) लागू है। मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस उम्मीदवार (गोवा में) ने यह बयान सार्वजनिक रूप से दिया और कहा कि उन्होंने अपने नेता को इसके बारे में बताया, जिसका मतलब है कि उनके नेता ने इसके लिए मौन सहमति दी है। उन्होंने दावा किया, यह देश को तोड़ने की एक चाल है। देश के एक बड़े हिस्से ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है और इसलिए पार्टी ऐसे छोटे द्वीप बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा से कांग्रेस उम्मीदवार विरियाटो फर्नांडीस का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने सोमवार को कहा था कि तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि पुर्तगाली शासन से मुक्त होने के बाद गोवा अपना भाग्य खुद तय करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भारतीय संविधान को राज्य पर जबरन थोपा गया।

### एशिया ने...

अकेले भारत में, अप्रैल और जून में भीषण गर्मी के कारण 2023 में हीटस्ट्रोक के कारण लगभग 110 मौतें हुईं, रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में, भारत के कुछ राज्यों में रिकॉर्ड उच्च मासिक औसत तापमान के साथ-साथ अभूतपूर्व रूप से बारिश की कमी का अनुभव किया गया। भारत में जुलाई और अगस्त में तीव्र मानसूनी बारिश के कारण हिमालयी राज्यों में भूस्खलन हुआ। अगस्त 2023 में, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड सहित भारत के कई राज्यों में व्यापक बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई और बुनियादी ढांचे और कृषि को व्यापक नुकसान हुआ। भारी बारिश के कारण हुई इस आपदा ने जून में पहले आए मानसून के प्रभाव को और बढ़ा दिया। भारत ने सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी और बचाव एवं राहत अभियान शुरू कर दिया। आईएमडी ने पिछले साल सामान्य से कम बारिश की सूचना दी थी। भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून के मौसम के दौरान, इसके कारण भारतीय उपमहाद्वीप के कई हिस्सों में वर्षा की कमी हो गई। जून से सितंबर तक भारत में औसत ग्रीष्मकालीन मानसून मौसमी वर्षा, 1971-2000 के औसत से लगभग 6 फीसदी कम थी। लगातार दूसरे वर्ष, दक्षिण-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों, गंगा जलग्रहण क्षेत्र और ब्रह्मपुत्र के निचले हिस्से में सामान्य से कम वर्षा हुई। भारत में, हाल के वर्षों में, गरज के साथ बिजली गिरना मृत्यु का एक प्रमुख कारण रहा है। 2023 में, देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और बिजली ने लगभग 1200 लोगों की जान ले ली। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के दौरान बड़ी संख्या में तूफानों ने सबसे अधिक लोगों को प्रभावित किया और सर्वाधिक आर्थिक क्षति हुई। एशिया ने रिकॉर्ड पर अपना दूसरा सबसे गर्म वर्ष अनुभव किया, जापान और कजाकिस्तान जैसे देशों में रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई।

### मौसम के...

का अनुमान लगाया है। नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्से भी तूफानी हवाओं से प्रभावित हुए। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) की ओर आने वाली कुछ उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया। इसके अलावा, दिल्ली के सैनिक फार्म जैसे इलाकों में पेड़ों के उखड़ने की सूचना है, जिससे बिजली गुल हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिन के दौरान तेज हवाओं के साथ आसमान साफ रहने का अनुमान लगाया था, अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में भी हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश की उम्मीद थी। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था, जो साल के इस समय के लिए सामान्य सीमा के भीतर आता है।

### बच्चों को...

सेवाओं की अनुमति है।डीजीसीए ने कहा कि ऐसी सेवाएं एयरलाइनों द्वारा स्वैच्छिक आधार पर दी जाती हैं और ये अनिवार्य नहीं हैं।

### केरल में....

सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा, युवा पादरियों और पुजारियों का प्रशिक्षण भी धन जारी करने में देरी के कारण अटक गया है। क्रिश्चियन अलायंस एंड एक्शन फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) के संस्थापक केविन पीटर ने कहा, चर्च के कुछ प्रमुख हैं जो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए राज्य सरकार के प्रति बाध्य हैं और इसे उस पृष्ठभूमि में देखने की जरूरत है। केविन पीटर ने कहा, बिशपों और आर्चबिशपों द्वारा जारी किए गए आदेशों का आँख बंद करके पालन करने के दिन बहुत पहले चले गए हैं। आधुनिक ईसाई चर्च प्रमुखों के कहे अनुसार नहीं चलते, कम से कम राजनीति से संबंधित मामलों में। हिंदुओं और ईसाइयों को एक साथ लाने के लिए कुछ भाजपा नेताओं, विशेष रूप से पार्टी के नेताओं, जिन्हें राज्यपाल के पद पर पदोन्नत किया गया था, ने एक कदम उठाया था। सीएएसए के संस्थापक ने कहा, लेकिन इसका उल्टा असर हुआ क्योंकि चर्च कभी भी धर्मांतरण और ईसाई धर्म प्रचार के बिना जीवन के बारे में सोच भी नहीं सकता।

# उप्र के 12 जिलों में दूषित जल के शोधन के लिए कोई सुविधा नहीं

**नई दिल्ली ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में गंगा और उसकी सहायक नदियों में दूषित जल के शोधन में व्यापक अंतर है, जबकि 12 जिलों में कोई शोधन सुविधा मौजूद नहीं है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्रतापूर्वक सुधारात्मक उपाय करने को कहा। एनजीटी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने के मामले पर सुनवाई की। इससे पहले उसने उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड से नदी के प्रदूषण पर विशेष जानकारी मांगी थी।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 23 जिलों की जानकारी दी गई थी। इनमें बागपत, बुलन्दशहर, बलिया, मथुरा, सहारनपुर, ललितपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, मऊ अलीगढ, बरेली, एटा, जालौन, कासगंज, अंबेडकर नगर, शाहजहांपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, हरदोई, गाजीपुर और अयोध्या शामिल है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, जिला कासगंज को छोड़कर सभी 23 जिलों में दूषित जल शोधन में व्यापक अंतर है, जिसे सत्यापित किया जाना बाकी है। एनजीटी ने 16 अप्रैल के आदेश में कहा, बलिया, ललितपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, मऊ अंबेडकर नगर, शाहजहांपुर, अमेठी, हरदोई और गाजीपुर में सीवेज शोधन की कोई सुविधा मौजूद नहीं है। अधिकरण ने पाया कि गंगा के प्रदूषण में सबसे अधिक योगदान देने वाले वाराणसी, प्रयागराज, फर्रुखाबाद, कानपुर, उन्नाव और मिर्जापुर जिलों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। एनजीटी ने कहा कि गंगा की प्रदूषित सहायक नदियां काली (पूर्व और पश्चिम), कृष्णा, हिंडन, बेतवा, सहजवाल, बिशुई, मनहरण, रामगंगा, अरिल, पश्चिम और पूर्व बेगुल, किच्छा, करवन, पहुज, तमसा, सरयू, र्गा, सई, खन्नौत और गोमती हैं।

# टीएमसी के कट मनी को रोकेगी भाजपा : शाह

● गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और घुसपैठ के मुद्दों को लेकर बंगाल की ममता सरकार को घेरा



**भाषा।** करनदिघी (पश्चिम बंगाल)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भ्रष्टाचार और घुसपैठ के मुद्दों को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर सकती है। रायगंज निर्वाचन क्षेत्र के करनदिघी में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल से 35 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। शाह ने मालदा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आज एक रोड शो भी किया। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कल एक फैसला सुनाया, जिसमें हजारों नियुक्तियों (2016 शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गई) को रद्द कर दिया गया। यह शर्म की बात है कि नौकरियां लाखों रुपए में बेची गईं। पश्चिम बंगाल में यह कट-मनी (कमीशन) संस्कृति और भ्रष्टाचार समाप्त होना चाहिए। तृणमूल इसे कभी नहीं रोक सकती, केवल भाजपा ही इसे रोक सकती है। कांग्रेस के नेताओं की सत्ता में आने पर सीएए को रद्द करने संबंधी टिप्पणी पर शाह ने कहा, न तो कांग्रेस और न ही ममता बनर्जी सीएए को छूने की हिम्मत कर सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और ममता बनर्जी सीएए के खिलाफ हैं, क्योंकि वे घुसपैठियों की मदद करना चाहते हैं। भाजपा नेता ने कहा, वे कानून का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि इससे हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता पाने में मदद मिलेगी। केंद्र ने पिछले महीने संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), 2019 लागू किया था। संसद द्वारा यह कानून पारित किए जाने के चार साल बाद इससे संबंधित नियमों को अधिसूचित किया गया था। यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले बिना दस्तावेजों के भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता प्रदान करने के लिए बनाया गया था। उत्तर 24 परगना के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के मामलों के सामने आने की हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि यह शर्म की बात है कि ममता बनर्जी ने एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद दोषियों को बचाने की कोशिश की। उन्होंने दावा किया, वर्षों तक आपकी (ममता बनर्जी) नाक के नीचे अत्याचार होता रहा। तुष्टीकरण के माध्यम से कुछ वोट पाने के लिए आप संदेशखालि के अपराधियों को बचा रही हैं। मालदा में शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तृणमूल शासन के तहत पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। तृणमूल कांग्रेस के शासन में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। ममता दीदी सीएए का विरोध कर रही हैं और शरणार्थियों को नागरिकता नहीं मिलने दे रही हैं। अगर आप घुसपैठ और भ्रष्टाचार रोकना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें। रोड शो अपराह्न करीब एक बजे मालदा दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में प्रधान डाकघर मोड़ से रवीन्द्र प्रतिमा तक हुआ। फूलों और पार्टी के बैनरों से सजी गाड़ी के ऊपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ खड़े शाह को भीड़ की ओर हाथ हिलाते देखा गया। भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शाह की प्रशंसा में नारे लगाए। सड़क के दोनों ओर सैकड़ों लोग जमा थे। इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

## इंदौर में मतदान बढ़ाने के लिए मुफ्त पोहा-जलेबी, आइसक्रीम की पेशकश

**भाषा।** इंदौर



**मतदाताओं** की तादाद के लिहाज से मध्यप्रदेश के सबसे बड़े इंदौर लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान को बढ़ावा देने के लिए लजीज पेशकश की गई है। शहर के अलग-अलग वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों ने तय किया है कि वे मतदान के शुरुआती घंटों में वोट डालने वाले लोगों को पोहा, जलेबी, आईसक्रीम और अन्य खाद्य पदार्थ मुफ्त में परोसेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इन वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों ने जिलाधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में यह फैसला किया। बैठक के बाद सिंह ने संवाददाताओं को बताया, हम इंदौर लोकसभा क्षेत्र को मतदान के मामले में देश भर में अव्वल बनाना चाहते हैं। इसके लिए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की भी मदद ली जा रही है। शहर की मशहूर चाट-चौपाटी 56 दुकानें के व्यापारी संघ के अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने बताया कि सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच मतदान करने वाले लोगों को इस चाट-चौपाटी पर मुफ्त पोहा-जलेबी परोसी जाएगी। उन्होंने कहा, इस अवधि में वोट डालने वाले वरिष्ठ नागरिकों और अपने जीवन में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को हमारी चाट-चौपाटी पर पोहा-जलेबी के साथ आइसक्रीम भी नि:शुल्क परोसी जाएगी। इसके लिए उन्हें अपनी उंगली पर अमिट स्याही का निशान दुकानदारों को दिखाना होगा।

## बराक घाटी में नागरिकता बड़ा मुद्दा, सीएए इसे हल करने की कुंजी: परिमल

**सिलचर (असम)।** लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार और असम के मंत्री परिमल शुक्लाबैद्य ने कहा कि बराक घाटी के दो लोकसभा क्षेत्रों में नागरिकता एक बड़ा मुद्दा रहा है और सीएए इसे हल करने में काफी मदद करेगा। शुक्लाबैद्य ने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा ने एक कानून लाने के लिए कदम उठाया, जिससे बांग्लादेश से घाटी में आए लोगों को मदद मिलेगी।दोनों निर्वाचन क्षेत्र बांग्लादेश के साथ 129 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं और पड़ोसी देश से विस्थापित हिंदू बंगालियों की एक बड़ी आबादी है जो समय समय पर घाटी में आकर बस गए।आबकारी, परिवहन और मत्स्य पालन मंत्री शुक्लाबैद्य ने कहा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को संसद द्वारा एक कानून के रूप में अधिनियमित किया गया था, लेकिन नियम तैयार होने के तुरंत बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई और इस संबंध में ज्यादा काम नहीं किया जा सका।

## पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का सदस्य गिरफ्तार, आका बैठे हैं पाकिस्तान में

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे आका के निर्देश पर काम को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय और अशांति पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था।डीजीपी ने कहा कि आरोपी को पाकिस्तान में बैठे उसके आका कथित रूप से निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि खुफिया जानकारी पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस (पंजाब पुलिस), जालंधर ने सीमा पार बैठे आतंकियों द्वारा लक्षित हत्याएं करने की साजिश को नाकाम कर दिया। यादव ने पोस्ट में बताया कि आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चीन की पिस्तौल और कारतूस मिले हैं।

## इकोफी व विद्युत में साझेदारी

**मुंबई।** भारत की प्रमुख ग्रीन-ऑन्ली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनएफबीसी), इकोफी और विद्युत ने आज एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में बड़ा बदलाव लाना और परिवहन के स्थायी समाधानों को बढ़ावा देना है। विद्युत ईवी ओनरशिप का एक अग्रणी प्लेटफॉर्म है जिसे इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर को खरीदना अधिक किफायती बनाने में विशेषज्ञता प्राप्त है। एक ओर, इकोफी लोन फाइनेंस करेगा, जबकि विद्युत किफायती ईवी समाधान देने के लिए एक सब्सक्रिप्शन-आधारित बैटरी-एज़-ए सर्विस मॉडल की पेशकश करेगा। कैलाश राठी ने इस साझेदारी के बारे में कहा, यह साझेदारी स्थायी रूप से यातायात को बढ़ावा देने के प्रदूषण मुक्त समाधान को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विद्युत में को-फाउंडर क्षितिज कोठी ने कहा, हम इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाने और स्वच्छ पर्यावरण के विकास में योगदान के लिए इकोफी से साझेदारी कर बेहद उत्साहित हैं।

## यात्रियों के लिए किफायती दाम पर मांस की पेशकश कर रहा भारतीय रेलवे

नई दिल्ली। रेलवे की नई पहल के तहत अनारक्षित डिब्बो मे यात्रा करने वाले यात्रियो को अब किफायती दामो पर भोजन और नाश्ता मिल रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय रेलवे के करीब 100 स्टेशनो और लगभग 150 काउंटरो पर ए भोजन काउंटर संचालित किए जा रहा है और इस सुविध को और विस्तार दिया जाएगा। रेलवे अधिकारी ने कहा, भारतीय रेलवे, भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर यात्रियो, विशेषकर अनारक्षित डिब्बो मे मुसाफिरो की सेवा के लिए एक नई पहल कर रही है, जिसमे सस्ती कीमतो पर स्वच्छ भोजन व नाश्ते की पेशकश की जा रही है।

## प्रोफेसर भास्कर गुप्ता बने यादवपुर विश्वविद्यालय के नए कुलपति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने वरिष्ठ प्रोफेसर भास्कर गुप्ता को राज्य सरकार द्वारा संचालित यादवपुर विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया। कुलपति के रूप में गुप्ता की नियुक्ति की सिफारिश राज्य सरकार ने की थी। राज्य सरकार ने यादवपुर विश्वविद्यालय सहित राज्य के छह विश्वविद्यालयों के कुलपतियो के नाम वाली एक सूची राज्यपाल को सौंपी थी।यादवपुर विश्वविद्यालय सहित छह अन्य विश्वविद्यालयो मे अप्रैल 2023 से कुलपति के पद खाली पड़े थे।राज्यपाल ने सोमवार को गुप्ता को यादवपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया। बोस, राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयो के कुलाधिपति भी है।

# भारत 2023 में दुनिया का चौथा सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश रहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत 2023 में** 83.6 अरब डॉलर के सैन्य खर्च के साथ अमेरिका, चीन और रूस के बाद विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश था। एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट इस महीने अपनी वेबसाइट पर साझा की और कहा कि पिछले साल वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से यूक्रेन में चल रहे युद्ध और एशिया तथा ओशिनिया व पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी पांच भौगोलिक क्षेत्रों में सैन्य खर्च बढ़ गया है और सबसे अधिक खर्च वृद्धि यूरोप, एशिया और ओशिनिया तथा पश्चिम एशिया में दर्ज की गई। यह रिपोर्ट दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे इजराइल-हमास, ईरान-इजराइल और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्षों के अलावा लाल सागर क्षेत्र में अस्थिरता के बीच आई है। इसके अनुसार, विश्व सैन्य व्यय 2023 में लगातार नौवें वर्ष बढ़कर कुल 2443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। 2023 में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि 2009 के बाद से साल-दर-साल सबसे तेज वृद्धि थी और इसने वैश्विक खर्च को सिपरी द्वारा अब तक दर्ज उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। विश्व सैन्य बोझ 2023 में बढ़कर 2.3 प्रतिशत हो गया, जिसे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सैन्य खर्च की हिस्सेदारी को प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सरकारी व्यय के हिस्से के रूप में औसत सैन्य व्यय 2023 में 0.4 प्रतिशत अंक बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गया। इसमें कहा गया है कि प्रति व्यक्ति विश्व सैन्य खर्च 1990 के बाद से सबसे अधिक 306 डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2023 में 83.6 अरब डॉलर के सैन्य खर्च के साथ दुनियाभर में सैन्य खर्च के मामले में चौथे स्थान पर था।सिपरी की रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारतीयों द्वारा खर्च 2022 से 4.2 प्रतिशत और 2014 से 44 प्रतिशत बढ़ गया है।

## युद्धों को रोकने के लिए सैन्य शक्ति, क्षमताएं आवश्यक : सेना प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेना प्रमुख** जनरल मनोज पांडे ने वर्तमान भू-रणनीतिक परिदृश्य में अभूतपूर्व पैमाने व गति से बदलाव होने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि युद्धों को रोकने के लिए सैन्य ताकत और क्षमताएं जरूरी हैं। हाल के भू-राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन ने दिखाया है कि जहां राष्ट्रीय हितों का सवाल है, देश युद्ध लड़ने से संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि इन घटनाक्रमों ने सैन्य शक्ति के महत्व की फिर से पुष्टि की है। सेना प्रमुख ने एआईएमए राष्ट्रीय नेतृत्व संगोष्ठी में भाग लिया और सैन्य शक्ति : आत्मनिर्भरता के माध्यम से बलों का आधुनिकीकरण विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र का समग्र उत्थान तब हो सकता है जब उसकी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति में उल्लेखनीय और निरंतर वृद्धि होती है। सेना प्रमुख ने कहा कि आर्थिक शक्ति राष्ट्र के विकास का स्रोत है, वहीं सैन्य ताकत इसे परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता प्रदान करती है जो देश के विविध हितों की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, युद्ध को रोकने या विश्वसनीय प्रतिरोध करने के साथ-साथ संघर्ष के पूरे परिदृश्य में आवश्यकता पड़ने पर खतरों का मजबूती से जवाब देने और युद्ध जीतने के लिए सैन्य ताकत और क्षमताएं आवश्यक हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता या आत्मनिर्भरता के माध्यम से सैन्य शक्ति की क्षमताओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारकों को भी रेखांकित किया।

## यूजीसी ने 10-डेज एमबीए कार्यक्रम, डिग्री नामकरण के लिए भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी जारी की

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। अधिकारियों ने विशेष रूप से 10-डेज एमबीए पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा, कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है 10 डेज एमबीए। किसी डिग्री का नामकरण, उसके संक्षिप्त रूप, अवधि और प्रवेश योग्यता सहित, यूजीसी द्वारा केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ, आधिकारिक राजपत्र में एक अधिसूचना के प्रकाशन के माध्यम से निर्दिष्ट किया जाता है। यूजीसी सचिव ने स्पष्ट किया कि केवल केंद्रीय अधिनियम, प्रांतीय अधिनियम या राज्य अधिनियम द्वारा या उसके तहत स्थापित या निगमित विश्वविद्यालय, या संसद के अधिनियम द्वारा विशेष रूप से सशक्त विश्वविद्यालय या संस्थान के रूप में समझा जाने वाला संस्थान ही डिग्री प्रदान करने का अधिकार रखता है। जोशी ने कहा, उच्च शिक्षा संस्थानों को यूजीसी नियमों के अनुसार किसी भी ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम की पेशकश करने के लिए यूजीसी से अनुमोदन प्राप्त करना भी आवश्यक है।

# महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़ा बदलाव: राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** ऋषिकेश



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र तक में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन के दौरान मुर्मू ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि यहां के विद्यार्थियों में छात्राओं की कुल संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। पिछले सप्ताह मेरी मुलाकात भारतीय आर्थिक सेवा के अधिकारियों के बैच से हुई और उन अधिकारियों में भी लगभग 60 प्रतिशत संख्या महिलाओं की थी। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल (टर्शियरी हेल्थकेयर) जैसे क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। राष्ट्रपति ने बेटियों की भागीदारी और सफलता के लिए एम्स ऋषिकेश, छात्राओं तथा उनके परिवार के लोगों को भी विशेष बधाई दी।

# एनसीबीसी ने कर्नाटक में सभी मुसलमानों के पिछड़ी जाति के रूप में वर्गीकरण की आलोचना की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने राज्य में आरक्षण उद्देश्यों के लिए पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति के रूप में वर्गीकृत करने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम धर्म की सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी बी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। एनसीबीसी ने पिछले साल क्षेत्र का दौरा किया था और शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए राज्य की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। एनसीबीसी ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की सभी जातियोंसमुदायों को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों में माना जा रहा है और उन्हें शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और नियुक्तियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वद्वबी के तहत अलग से मुस्लिम जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। एनसीबीसी ने कहा कि पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण खासकर सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर पड़ी मुस्लिम जातियों और समुदायों के लिए सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

## प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्द बोलने वाले को घर नहीं लौटने दिया जाएगा: राणे ने दी चेतावनी

**भाषा।** मुंबई

**विपक्षी नेताओं** की एक रैली से पहले केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने चेतावनी दी है कि अगर कोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों वाली भाषा का इस्तेमाल करेगा तो घर नहीं लौट पाएगा। तटीय महाराष्ट्र की रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राणे सोमवार को सिंधुदुर्ग जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। शिवसेना में रह चुके राणे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के सांसद संजय राउत मोदी की आलोचना करते हैं लेकिन यह नहीं जानते कि वे क्या कह रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पता चला है कि विपक्षी दल जल्द ही सिंधुदुर्ग में एक रैली को संबोधित करेंगे। यह लोकतंत्र का हिस्सा है, इसलिए उनका यहां स्वागत है। लेकिन यदि कोई हमारे नेता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों वाली भाषा का इस्तेमाल करता है तो हम उस व्यक्ति को यहां से लौटने नहीं देंगे। राणे ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव कभी भी अपने पिता बाल ठाकरे की पसंद नहीं थे।

# रूस अगले साल तक भारत को एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस नई** समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद है कि सितंबर में भारत को रूस निर्मित दो युद्धपोतों में से पहले युद्धपोत तुशिल की आपूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे युद्धपोत तमाल की आपूर्ति जनवरी में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा के तहत, इन पोतों की आपूर्ति 2022 तक होनी थी लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण इसमें देरी हुई। रूस 2018 में हुए चार फ्रिगेट सौदे के तहत स्टील्थ फ्रिगेट की आपूर्ति कर रहा है। शेष दो पोतों का निर्माण भारत में हो रहा है।

## भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने मंगलवार को यहां सामरिक बल कमान के तहत मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि परीक्षण ने कमान की अभियानगत क्षमता को साबित किया है और नई प्रौद्योगिकियों को मान्य बनाया है। सूत्रों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र में अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया और यह आवश्यक मापदंडो पर खरी उतरी।



## अब भारत में आएगा एआई टीवी

**बेंगलुरु।** भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित अनबॉक्स एंड डिस्कवर इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी के एक नए युग की घोषणा की है। इस मौके पर सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की नई क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा टेलीविज़न आधुनिक जीवन के केंद्रबिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### आदिवासी, वंचित युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एनएसडीसी, इस्कॉन में समझौता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) विभिन्न राज्यो मे आदिवासी और वंचित युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के साथ गठजोड़ करेगा। एनएसडीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।इसका प्राथमिक उद्देश्य आदिवासी युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को कौशल विकास के अवसर प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ इसके गांवों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।एनएसडीसी ने बयान में कहा, संयुक्त रूप से संचालित अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को स्किल इंडिया डिजिटल हब मंच के माध्यम से उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्राप्त होंगे। इससे उनके रोजगार अवसर बढ़ेंगे। बयान के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल समापन पर कुशल युवाओं को देश में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, वे वैश्विक गतिशीलता और नियोजन व्यवस्था में विशेषज्ञता रखने वाली एनएसडीसी की अनुषंगी कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा सुविधा प्राप्त अंतरराष्ट्रीय नौकरी नियोजन के लिए पात्र होंगे।

### नूडल्स के पैकेट में छुपाए गए साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना बरामद, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपए है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने सोमवार देर रात जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया कि सप्ताहांत में चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपए मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपए के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। अधिकारी ने बताया कि बाद में यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। ।

### पर्यावरण को ध्यान में रखकर तैयार हो रहे वाहन

**बेंगलुरू।** इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एक नाम है जो अपने आधुनिक दृष्टिकोण एवं स्थायित्व के लिए प्रतिबद्धता के साथ नए बदलाव ला रहा है: भारत की सबसे तेजी से विकसित होती मल्टी-ब्राण्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल रीटेल चेन, इलेक्ट्रोराईड। गोयंका ग्रीन की शाखा इलेक्ट्रोराईड मोटरसाइकलों, तिपहिया वाहनों एवं पर्यावरण अनुकूल समाधानों सहित प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज लेकर आती है। कंपनी आफ्टरसेल्स सपोर्ट उपलब्ध कराती है और आने वाले समय में देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं डिप्लॉयमेन्ट के लिए सक्रिय योगदान देगी। तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता के दायरे से आगे बढ़कर इलेक्ट्रोराईड ऐसे उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए प्रयासरत है जो इस दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। कंपनी दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों जैसे वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, मउ, आजमगढ़, अयोध्या, मुरादाबाद, गाजियाबाद, मथुरा आदि में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रही है। ये आउटलेट व्यापक हब्स की भूमिका निभाते हैं जहां लोग अपनी सुविधानुसार इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जानकारी पा सकते हैं, इन्हें खरीद सकते हैं और खरीद के बाद हर जरूरी सहयोग पा सकते हैं।अपनी आधुनिक टेक्नोलॉजी के चलते इलेक्ट्रोराईड ने अच्छी सफलता हासिल की है

### अक्षय तृतीया को स्वर्ण बाजार तैयार

**मुंबई।** अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व नजदीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेन्ज ग्लैमडेज, जिसे दुनिया भर के डिजाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज के आभूषण आपकी रोजाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। अपनी इस नयी श्रेणी के साथ तनिष्क अपने सभी स्टोर्स में स्टाइलिंग सेशन्स का आयोजन करेगा। उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत स्टाइल और व्यक्तित्व के अनुरूप सबसे बेहतरीन, रोजाना पहनने के आभूषण चुन पाने में उपभोक्ताओं की मदद के लिए विशेषज्ञों की सलाह और मार्गदर्शन के साथ वैयक्तिकृत अनुभव उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए इन स्टाइलिंग सेशन्स को डिजाइन किया गया है। इसमें 10000 से ज्यादा अनोखे डिजाइन्स को शामिल किया गया है। हर दिन एक शानदार नया लूक बनाकर आप और आपके आभूषण मेक एवरी डे स्पार्कल कर सकती हैं।

### भाजपा ने लद्दाख से ग्यालसन को बनाया प्रत्याशी, मौजूदा सांसद नामग्याल के बगावती सुर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को केंद्रशासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को अपना प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर मे प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद है। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे है। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियो मे आए थे।नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है।स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील है।

### भारत के निर्माण क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए एकजुटता

**मुंबई।** साकेत सेवन स्टार इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड एसएसएसआईपीएल और रॉलप्लग प्रोडेक्ट एण्ड सर्विसेज इण्डिया प्रालि दो दिग्गज वैश्विक निर्माण समूह भारत के इजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए एकजुट हुए हैं। यह महत्वपूर्ण साझेदारी भारत में रॉलप्लग के आधिकारिक लॉन्च का प्रतीक है और देशभर में निर्माण और इंजीनियरिंग के भविष्य को फिर से परिभाषित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। रॉलप्लग की उत्पत्ति वर्ष 1887 में हुईए जब रॉलिंग्स ब्रदर्स एक छोटी प्लम्बिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कंपनी की स्थापना लंदन में की थी। कम्पनी को बड़ी सफलता वर्ष 1910 में मिली जब उसने दुनिया के पहले वॉल प्लग का आविष्कार कियाए जिसने निर्माण और डू इट योर सेल्फ ;डीआईवाईद्ध उद्योगों में क्रांति ला दी। वर्ष 1919 में इसका नाम बदलकर रॉलप्लग कर दिया गयाए तब से यह कम्पनी यहीं है। निर्माण उद्योग के लिए तकनीकी और उपकरणों को ठीक करने में सबसे आगे एवं उद्योग मानकों को निर्धारित करने वाले उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्तए साकेत सेवन स्टार इण्डस्ट्रीज प्राण् लिमिटेड महाराष्ट्र की शीर्ष 10 कम्पनियों में से एक हैए जो इन.हाउस के लिए जिंक और एल्युमीनियम फ्लेक कोटिंग और मैकेनिकल जिंक कोटिंग प्रदान करती है।

# ब्रिटेन की संसद ने रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दी, ऋषि सुनक ने स्वागत किया

**एपी।** लंदन

**कुछ प्रवासियों** को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंतत: सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी।

सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद रवांडा सुरक्षा विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी।

उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया।

उन्होंने एक बयान में कहा, इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है।

संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंतत: गतिरोध समाप्त हुआ और हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने हाउस ऑफ कॉमन्स की सर्वोच्चता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया।

इससे पहले सुनक ने सोमवार सुबह एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स को छोटी नौकाओं में प्रवासियों के इंग्लिश चैनल पार करने की व्यवस्था को समाप्त करने के संबंध में उनके प्रमुख प्रस्तावों में आड़े आना बंद कर देना चाहिए।

उन्होंने कहा था कि जब तक इस विधेयक को स्वीकृति नहीं मिल जाती, तब तक संसद सत्र जारी रहेगा।

विधेयक पर गतिरोध से उस योजना के कार्यान्वयन में नई बाधा पैदा हो गई थी जिसे कई अदालती फैसलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण लगातार अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों का कहना है कि यह कानून अवैध और अमानवीय है। प्रवासियों के पक्षधरों ने इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प जताया है।

सुनक ने लंदन में सोमवार सुबह संवाददाताओं से कहा था, हमारे विरोधियों ने लगभग दो साल से उड़ानों को अवरुद्ध करने और नौकाओं के प्रवेश के लिए हर तरीके का इस्तेमाल किया है। लेकिन अब बहुत हुआ।

सरकार उन कुछ लोगों को रवांडा निर्वासित करने की योजना बना रही है जो अवैध रूप से ब्रिटेन में प्रवेश करते हैं ताकि उन प्रवासियों को रोका जा सके जो नावों में यात्रा कर इस उम्मीद में अपनी जान जोखिम में डालते हैं कि ब्रिटेन पहुंचने के बाद वे शरण का दावा कर पाएंगे।

क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर टिम बेल ने कहा कि विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने के बावजूद अदालतों में चुनौतियों से निर्वासन उड़ानों में देरी हो सकती है।

सुनक ने निर्वासन उड़ानों के लिए अपने राजनीतिक भविष्य को दांव पर लगा दिया है और इस साल के अंत में होने वाले चुनाव से पहले मतदाताओं को अपने संदेश में नावों को रोकने के संकल्प को प्रमुखता से रखा है।

जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे है।

## इंग्लिश चैनल पार करते समय एक बच्चे सहित पांच की मौत

**एपी।** पेरिस

**इंग्लिश चैनल** को पार करने की कोशिश के दौरान एक बच्चे सहित पांच प्रवासियों की मौत हो गई। फ्रांसीसी मीडिया ने यह जानकारी दी।

ब्रिटेन सरकार द्वारा प्रवासी निर्वासन विधेयक को मंजूरी दिए जाने के कुछ घंटों बाद ही यह घटना सामने आई। वोइक्स डु नॉर्ड अखबार में प्रकाशित खबर में बताया गया कि उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर मंगलवार को पांच प्रवासियों के शव बरामद किए गए।

अखबार के मुताबिक, घटनास्थल पर बचाव-अभियान जारी है और इसके लिए नौका और हेलीकॉप्टर की सेवा ली जा रही है। अखबार में बताया गया कि इस हादसे में लगभग 100 प्रवासियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्हें फ्रांसीसी नौसेना के जहाज के माध्यम से बोलोग्ने बंदरगाह पर ले जाया जाएगा।

यह घटना ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कुछ अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के फैसले पर ब्रिटिश संसद द्वारा मुहर लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद सामने आई। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है। ब्रिटेन की सरकार ने उन शरणार्थियों को निर्वासित करने की योजना बनाई है, जो छोटी नौकाओं के जरिए देश में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं।

ए प्रवासी ब्रिटेन में अवैध रूप से अपनी जान जोखिम में डालकर आते हैं। मानवाधिकार आयोग ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और यूरोप परिषद दोनों ने मंगलवार को ब्रिटेन सरकार से अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान किया क्योंकि उनका मानना है कि इस फैसले के कारण वैश्विक प्रवासी संकट से निपटने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभावित हो सकता है।

प्रवासी छोटी नौकाओं में सवार होकर इंग्लिश चैनल (ब्रिटेन और उत्तरी फ्रांस को अलग करती है) को पार करने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर या तो वे डूब जाते हैं या फिर उन्हें अन्य घातक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ब्रिटेन सरकार के आंकड़ों के अनुसार साल 2023 में अनुमानित 30,000 लोगों ने इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश की।

# ताइवान में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए



**एपी ।** ताइपे

**ताइवान में** मंगलवार तड़के भूकंप के कई झटके महसूस किए गए जिनमें से सबसे शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 6.1 थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी।

भूकंप में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन उन दो बहुमंजिला इमारतों को और नुकसान हुआ है, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में द्वीप में आए 7.4 तीव्रता के भूकंप के बाद खाली करा लिया गया था। उस समय भूकंप के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी और।,000 से अधिक लोग घायल हुए थे।

यह ताइवान में पिछले 25 वर्ष में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था और इसके पश्चात भूकंप बाद के सैकड़ों झटके महसूस किए गए। मंगलवार को आए भूकंप को भी उसी कड़ी में माना जा रहा है।

यूएसजीएस के अनुसार, मंगलवार को आए 6.1 तीव्रता के भूकंप का केंद्र हुआलियन शहर से 28 किलोमीटर दक्षिण में और 10.7 किलोमीटर की गहराई पर था। आधा दर्जन अन्य भूकंप की तीव्रता 4.5 से लेकर छह दर्ज की गई और ए सभी भूकंप हुआलियन के निकट आए।

ताइवान के भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, शुरुआती भूकंप की तीव्रता 6.3 थी। अलग-अलग निगरानी स्टेशन द्वारा दर्ज की गई तीव्रता में मामूली अंतर आम बात है।

ताइवान केंद्र के अनुसार, उनमें से सबसे शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 6.0 और 6.3 मापी गई जो सोमवार देर रात क्रमश: दो बजकर 26 मिनट और दो बजकर 32 मिनट पर आए।

प्रशासन ने उन लोगों को जिनके घरों को पिछले भूकंप में नुकसान पहुंचा था, के लिए भूकंप बाद के झटकों के कम होने तक अपने घरों से दूर रहने को कहा है। कुछ लोगों ने तब तक घरों से बाहर अपनी कार में रुकने का फैसला किया है।

ताइवान में 1999 में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से 2,400 लोग मारे गए थे।

# फिलीपीन के सैनिकों ने हिंसक झड़प में 12 संदिग्ध मुस्लिम विद्रोहियों को मार गिराया

**एपी।** मनीला

**दक्षिण फिलीपीन** में एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है। ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया कि मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु सऊद्दी अम्पातुआन शहर के एक अंदरूनी इलाके में सोमवार को बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं।



कगारा ने बताया कि विद्रोही समूह का एक प्रमुख कमांडर मोहिदेन अनिमबांग, उसका भाई सागा अनिमबांग और 10 अन्य संदिग्ध विद्रोही मुठभेड़ में मारे गए।

घटनास्थल से लगभग एक दर्जन हथियार बरामद किए गए। क्षेत्रीय सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल डेनिस अल्मोरेतो ने टेलीफोन पर एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यह समूह लंबे समय से बमबारी, सेना और पुलिस चौकियों पर हमला करने और बस कंपनियों से जबरन वसूली जैसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए कुख्यात था। हमने आखिरकार उन्हें मार गिराया। अल्मोरेतो ने बताया कि सेना के अधिकारियों ने अनिमबांग के समूह को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी थी लेकिन उसने सरकार के साथ संघर्ष जारी रखने का फैसला किया।

# एरिजोना में हुए सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों के बीच टक्कर होने से दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। पेरिया पुलिस के अनुसार, स्टेट रूट- 74 के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई।

पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई।

उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

**भाषा।** सिंगापुर

**भारतीय मूल** के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर धक्का दे दिया था जिससे चोट लगने से उसकी मौत हो गई थी।

एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की अन्य पुरुषों के साथ संबंध होने को लेकर गुस्से में आकर उसकी पिटाई की थी। मल्लिका की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी।

टुडे अखबार की खबर के अनुसार 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया।

न्यायाधीश वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध मामले के बाद) वादा किया था कि वह सुधर जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार जारी रखा।

कृष्णन की पत्नी ने नवंबर 2015 में उसे और उसकी प्रेमिका को कमरे में एक साथ देखा था और दोनों शराब पी रहे थे, लेकिन उसने उस समय इस आशंका से कृष्णन से माफी मांग ली कि कहीं वह गुस्से में आकर उस पर शराब की बोतल ना फेंक दे।

मल्लिका की मौत से पहले तक कृष्णन और मल्लिका रिश्ते में रहे। अदालत के दस्तावेजों में बताया गया है की कृष्णन ने 2017 में मल्लिका की एक छोटी सी बात पर पिटाई की थी। टुडे की खबर के अनुसार, मल्लिका द्वारा कई पुरुषों के साथ यौन संबंध होने की बात स्वीकार किए जाने के बाद दोनों के संबंध खराब होने लगे।

15 जनवरी, 2019 को मल्लिका और कृष्णनन जब घर में शराब पी रहे थे तो उसी दौरान मल्लिका ने अन्य पुरुषों के साथ यौन संबंध होने और उसे धोखा देने की बात कबूल की, जिससे नाराज होकर कृष्णनन ने अपनी प्रेमिका की पिटाई की और उसे धक्का दे दिया जिससे उसका सिर अलमारी से टकराया और उसकी मौत हो गई।

# मलेशिया में प्रशिक्षण के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 की मौत

**एपी।** कुआलालंपुर

**मलेशियाई नौसेना** ने कहा कि मंगलवार को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उनमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई।

नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे।

नौसेना की 90वीं वर्षगांठ अगले महीने है। बयान के मुताबिक, दोनों हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

नौसेना ने बयान में बताया कि मृतकों की पहचान के लिए शव अस्पताल भेज दिए गए हैं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टर कम उंचाई पर फोर्मेशन में उड़ रहे थे कि तभी एक हेलीकॉप्टर दूसरे विमान के रोटर से टकरा गया, जिस वजह से दोनों हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए।



स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वीडियो फुटेज बिल्कुल असली है।

पुलिस के मुताबिक, हेलिकॉप्टर इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका।

पुलिस ने बताया कि बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे में छानबीन भी की। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।

प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली इस घटना पर पूरे देश ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नौसेना दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच करेगी।

नौसेना ने बताया कि समुद्री अभियानों में इस्तेमाल होने वाले हेलीकाप्टर एडब्ल्यू139 में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस हेलीकॉप्टर को अगस्तावेस्टलैंड ने बनाया था, जो इटली के रक्षा ठेकेदार लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। बयान के मुताबिक, दूसरे हेलीकॉप्टर में चालक दल के तीन सदस्य सवार थे और ए एक हल्का फेनेक हेलीकॉप्टर था, जो एयरबस द्वारा निर्मित था।

स्थानीय मीडिया की खबर के मुताबिक, एडब्ल्यू 139 नौसैना अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जबकि फेनेक पास के एक तरणताल से टकराया

# ब्रिटेन ने यूक्रेन को 62 करोड़ डॉलर की नई सैन्य सहायता देने का वादा किया

**एपी।** वारसा

**ब्रिटेन ने** यूक्रेन के लिए नई सैन्य आपूर्ति के तहत 62 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि देने का मंगलवार को वादा किया। ब्रिटेन ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में है और पूर्वी सीमा पर रूसी सेनाओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए यूक्रेन संघर्ष कर रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सहायता की पुष्टि करने के लिए मंगलवार सुबह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की और ٰरूस की क्रूर एवं विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन का उन्हें आश्वासन दिया। सुनक के कार्यालय ने यह जानकारी दी। सुनक यूक्रेन के लिए और सहायता के संबंध में बातचीत की खातिर विभिन्न नेताओं से मुलाकात के लिए वारसा की यात्रा कर रहे हैं। उनकी यात्रा से पहले, ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि सुनक नई सैन्य आपूर्ति में 50 करोड़ पाउंड (62 करोड़ डॉलर, 58 करोड़ यूरो) की घोषणा करेंगे। इसमें 400 वाहन, 60 नौका और अन्य साजोसामान शामिल हैं। इसमें लंबी दूरी की ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो मिसाइल भी शामिल होंगी, जिनकी रेंज लगभग 150 मील है और रूसी लक्ष्यों पर निशाना साधने में प्रभावी साबित हुई है। सुनक के कार्यालय ने कहा, ٰराष्ट्रपति जेंलेंस्की ने ब्रिटेन के लगातार समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि नई सैन्य सहायता से, अपने देश की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में लड़ रहे आम यूक्रेनी के लिए महत्वपूर्ण अंतर आएगाٰ।

# रईसी और पाक सेना के प्रमुख ने सीमा सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**ईरान और** पाकिस्तान द्वारा एक दूसरे के कथित आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले किए जाने के कुछ महीने बाद ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और पाकिस्तान की सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सीमा सुरक्षा पर चर्चा की। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि जनरल मुनीर ने ईरान के राष्ट्रपति रईसी से मुलाकात की और आतंकवादियों के खिलाफ बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। रईसी आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पाकिस्तान की यात्रा करने वाले किसी भी देश के पहले राष्ट्राध्यक्ष हैं।

जनरल मुनीर ने पाकिस्तान-ईरान सीमा को शांति और दोस्ती की सीमा बताया और आतंकवादियों को दोनों पड़ोसी देशों के बीच भाईचारे के पुराने संबंधों को खतरे में डालने से रोकने के लिए सीमा पर बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।

बयान में कहा गया है कि दोनों गणमान्य व्यक्तियों के बीच बातचीत आपसी हित के मामलों, क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सीमा सुरक्षा पर केंद्रित रही।

आईएसपीआर के बयान में कहा गया, दोनों पक्ष क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक समृद्धि के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

ईरानी राष्ट्रपति मंगलवार सुबह लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने उनका स्वागत किया।

विदेश कार्यालय ने पहले कहा था कि रईसी लाहौर एवं कराची का दौरा करेंगे और प्रांतीय नेताओं से मुलाकात करेंगे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से मुलाकात कर राजनीतिक, आर्थिक, व्यापार व सांस्कृतिक स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की थी।

# चुनाव नतीजों से साफ हुआ कि संप्रभुता, स्वतंत्रता पर मालदीव के लोग क्या चाहते हैं : मुइज्जू

**भाषा।** माले

**मालदीव के** संसदीय चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब पता चल गया होगा कि विशेष रूप से संप्रभुता और स्वतंत्रता के मुद्दे पर इस देश के लोग क्या चाहते हैं। चीन समर्थक मुइज्जू का यह बयान चुनावी जीत से जुड़े एक समारोह के दौरान सोमवार को आया था।

उनके नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने रविवार को हुए चुनाव में 93 में से 68 सीट पर जीत हासिल की, जबकि उसके गठबंधन सहयोगियों मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने एक और मालदीव डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) ने दो सीट जीतीं।

इस तरह पीएनसी और उसके सहयोगी दलों को संसद (पीपुल्स मजलिस) में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल हुआ है।

भारत समर्थक नेता माने जाने पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को केवल 15 सीट पर जीत मिली।

संसद में बहुमत मिलने का मतलब है कि मुइज्जू की पार्टी का न केवल सांसदों पर बल्कि विधायिका पर भी नियंत्रण होगा जो कानूनों का अनुमोदन करती है। इसमें अब तक दो परस्पर विरोधी गठबंधन थे और सरकार एवं विधायिका के बीच टकराव के कई उदाहरण देखने को मिले हैं।

संसदीय चुनाव में पीएनसी को मिले प्रचंड बहुमत को मुइज्जू की चीन समर्थक विदेश नीति को मजबूत समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है।

हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित इस द्वीपीय राष्ट्र के चुनाव नतीजों पर भारत और चीन, दोनों देश करीबी नजर रखे हुए थे।

मुइज्जू (45) देश से भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के अपने वादे के सहारे सत्ता में आए और नवंबर 2023 में पदभार संभालने के बाद चीन का दौरा किया तथा बीजिंग के साथ रक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में माले के संबंध प्रगाढ़ किए।

संसदीय चुनाव से पहले, सोलिह की पार्टी एमडीपी ने भारत के साथ संबंध बहाल करने की हिमायत की थी।

मुइज्जू ने कहा, हम एक गौरवशाही राष्ट्र हैं जो संप्रभुता और स्वतंत्रता से प्रेम करता है जिसे हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष भी प्रदर्शित किया है।

मुइज्जू ने मालदीव को उपहार में दिए तीन विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात 88 भारतीय सैन्य कर्मियों की स्वदेश वापसी के लिए दबाव बनाया। तीन में दो बैच मालदीव से जा चुके हैं।

सनडॉटएमवी समाचार पोर्टल के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि संसदीय चुनाव यह भी साबित करता है कि मालदीव विदेशी बल प्रयोग के बिना अपने भविष्य को चुनने के लिए स्वायत्तता चाहता है।

राष्ट्रपति ने कहा, गुप्त एजेंडा रखने वालों के लिए भी स्पष्ट हो गया है कि मालदीव क्या चाहता है।

उन्हें अधाधुडॉटकॉम ने उद्धृत करते हुए कहा, मालदीव के बाहर हर कोई...अंतरराष्ट्रीय समुदाय में सभी के लिए यह अब स्पष्ट हो गया है कि हम अपने मुद्दों को खुद से करना चाहते हैं। उन्होंने अपने विजय भाषण में किसी देश का नाम नहीं लिया था।

# रुतुराज पर भारी पड़े स्टोइनिस, लखनऊ का दिखा दम

## ● चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से हराया



**भाषा।** चेन्नई

**लखनऊ सुपरजायंट्स** (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को छह विकेट से हराया। सीएसके को चार विकेट पर 210 रन पर रोकने के बाद एलएसजी ने तीन गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।एलएसजी के लिए मार्कस स्टोइनिस ने 63 गेंद में 124 रन की नाबाद पारी खेल कर टीम को यादगार जीत दिलाई। सीएसके के लिए मथीस पथिराना ने 35 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद शतकीय पारी और शिवम दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंद में 104 रन की शानदार पारी के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां चार विकेट पर 210 रन बनाए। गायकवाड़ ने 60 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए दुबे ने 27 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में सात छक्के और तीन चौके लगाए। दोनों की शानदार साझेदारी से टीम पावर प्ले में धीमी बल्लेबाजी (दो विकेट पर 49) से उबरने में सफल रही। पारी के पहले ओवर में अजिंक्य रहाणे (एक) के आउट होने के बाद गायकवाड़ ने एक छोर संभाले रखा और रन गति को ज्यादा कम नहीं होने दिया। हेनरी की गेंद पर विकेट के पीछे कप्तान लोकेश राहुल ने रहाणे का शानदार कैच लपका। गायकवाड़ ने अपनी पारी में ताकतवर शॉट लगाने की जगह टाइमिंग से गेंद को गैप में खेल कर लगातार अंतराल पर चौके लगाए। उन्होंने इस दौरान 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। गायकवाड़ ने इससे पहले डेरिल मिचेल (11) और रविंद्र जडेजा (16) के साथ पारी को संवारने का काम किया। खराब लय में चल रहे रचिन रविंद्र की जगह टीम में शामिल हुए मिचेल चार रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाने में नाकाम रहे। जडेजा भी 19 गेंद की पारी में प्रभाव नहीं छोड़ सके। दुबे के क्रीज पर आने के बाद गायकवाड़ के कंधे से दबाव कम हुआ। दुबे ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कुछ बड़े शॉट लगाए। बाए हाथ के इस बल्लेबाज ने 13वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ टीम का पहला छक्का लगाया। गायकवाड़ ने भी ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला के खिलाफ अपना पहला छक्का जड़ा। दुबे ने यश ठाकुर के खिलाफ हैट्रिक छक्का लगाकर टीम की रन गति को तेज किया। गायकवाड़ ने 18वें ओवर में यश की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का और फिर चौका लगाकर आईपीएल का अपना दूसरा शतक पूरा किया। अगले ओवर में दुबे ने मोहसिन के खिलाफ चौका और छक्का लगाकर 22 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह अंतिम ओवर की चौथी गेंद पर रन आउट हुए। क्रीज पर आए महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद चार) ने आखिरी गेंद पर चौका जड़कर स्कोर को 210 रन तक पहुंचा दिया।

### स्कोरबोर्ड

**सीएसके पारी:** रहाणे का राहुल बो हेनरी 01, गायकवाड़नाबाद 108, मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर 11,जडेजा का राहुल बो मोहसिन 16,दुबे रन आउट 66,धोनी नाबाद 04,**अतिरिक्त:** 04,**कुल योग:** (20 ओवर में चार विकेट पर) 210 रन,**विकेट पतन:** 1-4, 2-49, 3-101, 4-205,**गेंदबाजी** :हेनरी 4-0-28-1,मोहसिन 4-0-50-1,बिश्नोई2-0-19-0,यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

# पंत की कप्तानी पर रहेंगी नजरें

## ● टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद




**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए। सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी लेकिन पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया।

### हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत: वार्नर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नही है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नही बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नही है। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे। इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्एक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते है तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर बनाएं और इसका बचाव करें।

### लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट 26 अप्रैल से

**लखनऊ।** लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन लामार्टिनियर एसडीएस टेनिस अकादमी में आगामी 26 से 28 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। क्ले कोर्ट पर होने वाले इस मुकाबले में पुरुष सिंगल्स व डबल्सए महिला सिंगल्स व डबल्स के साथ अंडर-12, अंडर-14 व अंडर-16 आयु वर्ग में बालक व बालिकाओं के लिए टेनिस स्पर्धाएं होंगी। टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 21 हजार रुपए की ईनामी राशि दांव पर होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नरू 9795987356 पर संपर्क कर सकते हैं।

### भारतीय टीम मालिक पर लगा श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो।** अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे है। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया।

### लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घरेलू मैदान पर होगा आईएसएल फाइनल

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने मंगलवार को कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही।

### ओलंपिक ट्रायल में शॉटगन निशानेबाज को दी गई अनुमति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के चयन ट्रायल के मानदंडो को लेकर आदलती लड़ाई लड़ रहे भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने हाल ही में एक निशानेबाज के लिए नियमो में बदलाव किया है, जिसे कम स्कोर के बावजूद ट्रायल में भाग लेने की अनुमति मिल गई है। ट्रैप निशानेबाज करण शॉटगन चयन ट्रायल के लिए एनआरएआई के मानदंड से दो अंको से चूक गए, लेकिन उन्हें प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई।

# टी-20 विश्व कप में धीमी होंगी पिचें : मिलर

## ●काफी अधिक रन बनने की उम्मीद नहीं करें



**भाषा।** नई दिल्ली

**दक्षिण अफ्रीका** और गुजरात टाइटंस के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। सनराइजर्स हैदराबाद जैसी टीमों ने तीन मौकों पर 260 से अधिक का स्कोर बनाया। लेकिन मिलर को लगता है कि दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। मिलर ने यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है। उन्होंने कहा, हम इसके बारे में चिंतित नहीं हैं (200 रन का आंकड़ा पार करना)। हम सनराइजर्स के खिलाफ खेले हैं और उन्हें हराया है। मुझे लगता है कि यह अलग-अलग मैदानों के लिए अलग-अलग परिस्थितियां हैं। हमने आठ में से चार मैच जीते हैं इसलिए हम मुकाबले में बने हुए हैं। हम इसमें नहीं फंसना चाहते कि दूसरी टीमें क्या कर रही हैं। हम अपनी ताकत के अनुसार खेलेंगे। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि

### नारायण ने टी20 विश्व कप के लिए वापसी से इनकार करते हुए कहा, वह दरवाजा अब बंद हो चुका है

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नारायण कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपने संन्यास के फैसले को वापस नही लेंगे और उन्होंने जोर देकर कहा कि वह दरवाजा अब बंद हो चुका है। वेस्टइंडीज के लिए 2019 में टी20 के रूप में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 35 साल के नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए नारायण को टी20 विश्व कप में खिलाने के लिए मनाने की कोशिशें चल रही थी। नारायण ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगो को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापसी करने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।

### मुंबई के खिलाफ जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लेबाजी की: लारा

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया। जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हरा दिया। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हां, खूबसूरत। लेकिन सच तो यह है कि वह अपना समय ले रहा है, गेंद के पीछे आकर खेल रहा है और वह उचित क्रिकेट शॉट खेल रहा है। उसके पास सभी चीजे है, उसे इसके बारे मे चिंता करने की ज़रूरत नही है। लारा ने कहा, जब आप गेंदबाजो पर हावी हो जाते है, यशस्वी के बारे मे मुझे यही पसंद है। यह अच्छा समायोजन था, शानदार क्रिकेट शॉट, उन्होने पूरी पारी का अच्छी तरह प्रबंधन किया। उन्होंने कहा, उसने बहुत जिम्मेदारी, काफी परिपक्वता दिखाई है और मै उसकी वापसी से बेहद खुश हूं।

### केकेआर में मुझे ज्यादा मार्गदर्शन नहीं मिलता था लेकिन अब परिपक्व हो गया हूं: कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। कुलदीप ने कहा, मै जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नही है। अब मै अपनी समझ से चीजे नियंत्रित करता हूं। माही भाई (महेन्द्र सिंह धोनी) ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई। अब अनुभव के साथ मै चीजों को बेहतर तरीके से समझने लगा हूं। मुझे अब भी केकेआर (2016-2020 तक) में अपने समय पर पछतावा है और मुझे लगता है कि मैं अब जो कुछ भी कर रहा हूं, काश मै इसे पहले ही कर पाता। उन्होंने यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, मुझे अब भी दुख होता है कि अगर मैने उस समय उन कौशलो पर काम किया होता, तो मै और भी अधिक प्रभावी हो सकता था।

### मनिका को पछाड़कर नंबर एक टेटे खिलाड़ी बनी श्रीजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलो की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग मे करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई।नवीनतम रैंकिंग मे श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वे पायदान पर खिसक गई। स साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूर्नामेंट में क्रमशः जनवरी और मार्च मे खिताब जीते। वह गोवा मे डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची।श्रीजा ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलो में अनुभवी अचंता शरत कमल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता था।यशस्विनी घोरपड़े और अर्चना कामत क्रमशः 99वें और 100वें स्थान पर बरकरार है। शरत रैंकिंग मे 37वें स्थान के साथ शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी है। जी साथियान और मानव ठाकर ने क्रमशः 60वे और 61वें स्थान पर एक दूसरे की जगह ली है।कुछ महीने पहले शीर्ष रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई नवीनतम सूची में और नीचे 64वें स्थान पर खिसक गए है।भारत पहले ही पेरिस ओलंपिक की टीम स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई कर चुका है।

### सचिन तेदुंलकर होंगे हाफले के ब्राण्ड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** 100 साल से अधिक की अंतरराष्ट्रीय विरासत के साथ इंटीरियर सॉल्यूशंस सेगमेंट में एक ग्लोबल लीडर हाफले ने अपनी भारतीय सहायक कम्पनी के ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी दो विरासतों के एक साथ आने का प्रतीक है जो अपनी सटीकता, गुणवत्ता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के भगवान के रूप में सम्मानित और 20 वर्ष के कैरियर में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दुनिया भर में पहचाने जाने वाले, तेंदुलकर, उत्कृष्टता, अखण्डता और पूर्णता के लिए निरंतर प्रयास का प्रतीक हैं और उनके यही मूल्य जो हाफ्ले के साथ गहराई से मेल खाते हैं। एक ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में, सचिन ब्राण्ड के उद्देश्य को बढ़ाने, मैक्सिमाइजिंग द वैल्यू ऑफ़स्पेस हाफ्ले के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। ग्राहकों को हाफले के अत्याधुनिक इंटीरियर समाधानों के साथ अपने स्थान का उच्चत्तम मूल्य के लिये प्रेरित करेंगे। सचिन का स्वागत करते हुए हाफ्ले दक्षिण एशिया के प्रबन्ध निदेशक फ्रैंक लोएडर ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे ब्राण्ड के लिए सचिन बिल्कुल उपयुक्त हैं, खासकर खाना पकाने और अपनी रसोई में व्यंजन तैयार करने के उनके जुनून को देखते हुए। हमारे समकालीन आंतरिक समाधानों को सबसे आगे लाने और उनकी कुशल कार्यक्षमता, अत्याधुनिक तकनीक और प्रेणात्मक सौंदर्य को उजागर करने के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है। उन्होने आगे कहाए इसके अलावा, उनकी दृढ़ता और विस्तार पर ध्यान हमारे ब्राण्ड वेल्यू के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। सचिन के साथ हम प्रेरणा और नवीनता की इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्सुक हैंए जिससे लोगों के मैक्सिमाइजिंग द वैल्यू ऑफ़स्पेस में क्रांतिकारी बदलाव आएगा । सचिन तेंदुलकर ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि मैं हाफ्ले के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं। हमने यह यात्रा इसलिए शुरू की क्योंकि हमें लगा कि हमारी टीमों के बीच बहुत बढ़िया तालमेल है।

### टोयोटा देगा स्पीड को रफ्तार

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी-मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है। फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन अपने भिन्न स्टाइल तत्वों और अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के साथ अलग दिखता है। गतिशील फ्रंट और रियर बम्पर स्पॉइलर की विशेषता वाला यह वाहन साहस और परिष्कार की आभा प्रदर्शित करता है, जिससे नेतृत्व का वास्तविक सार दिखाई देता है। फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन की मुख्य विशेषताओं में से एक इसका प्रमुख डुअल-टोन एक्सटीरियर है, जो काले, सफेद और स्पष्टता के पैलेट में उपलब्ध है। इंटीरियर में डुअल-टोन सीटें हैं जो बेजोड़ आराम और सुंदरता प्रदान करती हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाता है। आलीशान असबाब से लेकर एर्गोनोमिक डिज़ाइन तक, प्रत्येक विवरण को सावधानीपूर्वक तैयार करने के साथ, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन हर यात्रा को अद्भुत अनुभव से भर देता है। इसकी परफेक्ट स्टाइलिंग के अलावा, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन सुविधा, सुरक्षा और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई उन्नत सुविधाओं की एक श्रृंखला से युक्त है। वायरलेस चार्जर और टीपीएमएस (टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम) से लेकर ऑटो-फोल्डिंग मिरर तक, इस वाहन का उद्देश्य महत्वाकांक्षी ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करना है।

### खेल को बढ़ावा देगा, जीतेगा तो जिएगा

**मुंबई।** एक जिंदगी, एक आदमी और एक मंत्र - जीतेगा तो जिएगा! भारत की पहली अत्यधिक खेल एक्शन कहानी। सुपरस्टार जिसे भारत में एक्शन के साथ सम्बोधित किया जाता है, विद्युत जम्मवाल के साथ जीतेगा तो जिएगा को देखने के लिए तैयार हो जाओ, जब वह दुनिया के सबसे खतरनाक खेल क्षेत्र में जीतने के लिए निकलता है। जैसे ही यह यात्रा एक नई धमाका हर मोड़ पर खोलती है, क्या प्रतिस्पर्धा और जीतने का उद्देश्य प्रतिशोध की इच्छा में बदल जाएगा? सबसे अद्भुत एक्शन हीरो विद्युत जम्मवाल के साथ अभिनय कर रहे हैं, बी-टाउन का रफ़्तार से गुज़रा हुआ प्रतीक अर्जुन रामपाल, और प्रतिभाशाली डिवा - नोरा फतेही और ऐमी जैक्सन, जो इसे एक सभी में एंटरटेनर बनाते हैं जो आपको अपनी सीटों के किनारे पर बाँधे रखेगा। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा उत्पादित, यह उच्च दाँव वाली एक्शन फिल्म 26 अप्रैल, 2024 से डिज्नी हाटस्टार पर स्ट्रीम करने के लिए तैयार है। फिल्म में सिद्धार्थ दीक्षित की भूमिका निभाने वाले विद्युत जम्मवाल ने कहा, जीतेगा तो जिएगा एक फिल्म है जिसे पूरे देश के लोग देखने का आनंद लेंगे। यह बिल्कुल ही अत्यधिक खेल फिल्म है। मुझे अपने स्टंट्स करने का अच्छा लगता है और मैं उन्हें करने के लिए उत्सुक हूँ, लेकिन पहली बार, मुझे अपने स्टंट्स करने से पहले तनाव की चिंता हुई क्योंकि इन एक्शन दृश्यों की तेजी से भरपूर गतिविधियों के लिए। इसने मेरी सीमाओं को बढ़ाया खासकर उड़ान और बाइक स्टंट्स के साथ, और ये कुछ ऐसा था जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा था! अर्जुन रामपाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना कुछ था जिसे मैं बहुत समय से इंतजार कर रहा था और हमने बाहर स्क्रीन पर एक बढ़िया यारी का अनुभव किया।

### भारतीय एथलीट एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में अपनी क्षमता दिखाने के लिए तैयार

**दुबई।** प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से यहां शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग मे अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्ईय टीम का चयन किया है। एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप से खिलाड़ियों को पेरू के लीमा मे 27-31 अगस्त को होने वाली विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने का मौका मिलेगा। कोरिया के एचिओन में एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता के पिछले सत्र (2023) में भारतीय दल ने छह स्वर्ण सहित 19 पदक जीते थे।

# हमने शुरु में ही मुश्किल में डाल लिया : पंड्या



**भाषा।** जयपुर

**मुंबई इंडियन्स** के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज और गेंदबाजों दोनों मुकाबले में अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रहे। मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवालपंड्या ने मैच के बाद कहा, हम शुरुआत में ही खुद को मुसीबत में डाल लिया लेकिन तिलक और निहाल जिस तरह खेले, वह शानदार था। हमने पारी का अंत उम्मीद के मुताबिक नहीं कर पाए और इसलिए हमने 10 से 15 रन कम बनाए।

### डेथ ओवरों में योजनाओं को लागू करना और अच्छी गेंदें फेंकना महत्वपूर्ण: संदीप

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने के बाद जोर देते हुए कहा कि डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में गेंदबाजी करते समय आपको अपनी योजनाओ को लागू करने का प्रयास करते समय बड़ा दिल रखना होगा। चोट के कारण तीन सप्ताह के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए 30 साल के संदीप ने सोमवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 18 रन देकर पांच विकेट चटकाए। संदीप ने मुंबई के खिलाफ रॉयल्स की नौ विकेट की जीत के बाद कहा, इस साल के आईपीएल में बल्लेबाज बड़े स्कोर बना रहे है। इंपेक्ट प्लेयर नियम के कारण एक अतिरिक्त बल्लेबाज है इसलिए मैच मे काफी रन बन रहे है। आपको डेथ ओवरो मे गेंदबाजी करते समय बड़ा दिल रखना होगा और अपनी योजनाओ को लागू करने का प्रयास करते हुए अच्छी गेंदे फेंकनी होगी। आईपीएल मे नई गेंद से शुरुआत करने वाले संदीप ने मौजूदा सत्र मे रॉयल्स के लिए अब तक खेले तीन मैच मे डेथ ओवरो मे गेंदबाजी की है।

### हसरंगा को खरीदने का मतलब था कि चहल को नहीं खरीद सकते: हेसन

**नई दिल्ली।** युजवेंद्र चहल को टीम मे नही रखने का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को लंबे समय तक अफसोस रहेगा और फ्रेंचाइजी के पूर्व क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि आईपीएल की पिछली नीलामी मे गलत आकलन के कारण वे इस लेग स्पिनर को अपने साथ बरकरार रखने मे विफल रहे। सोमवार को चहल ने आईपीएल मे 200 विकेट लेने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया।हेसन ने जियो सिनेमा पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा से बात करते हुए कहा, युजी (चहल) एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे लेकर मै तब तक निराश रहूंगा जब तक कि मै अपना करियर खत्म नही कर लेता और शायद उसके बाद भी। वह एक उत्कृष्ट गेंदबाज है। मुझे लगता है कि जब हर चक्र की बात आती है तो आपको यह तय करना होता है कि आप किसे रिटेन (अपने साथ जोड़े रखना)करना चाहते है।अगर आप केवल तीन खिलाड़ियो को रिटेन करते है तो आप नीलामी मे चार करोड़ रुपए अतिरिक्त लेकर जाते है।

# टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव: कास्परोव

**भाषा।** नई दिल्ली



**रूस के** महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है। सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बधाई होउ टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे। टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है। ग्रैंड चेस टूर ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को फिडे कैंडिडेट्स में उनकी जीत के लिए बधाई,उन्होंने विश्व चैंपियनशिप मैच में चैलेंजर के रूप में अपनी जगह पक्की की है। हम उत्सुकता से हमारे ग्रैंड शतरंज टूर कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी का इंतजार कर रहे हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं।

# आशी, स्वप्निल ने थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया

## ● दोहा में ट्रैप निशानेबाज लड़खड़ाए

**भाषा।** नई दिल्ली



**आशी चौकसी** और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफलापिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस कोटा धारक श्रीयंका सदांगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। निश्चल ने भी श्रीयंका के बराकर स्कोर किया लेकिन कम इनर 10 के स्कोर से पीछे रह गईं। पुरुषों के थ्रीपी वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां स्वप्निल ने पहले नीलिंग और प्रोन पोजीशन में 199 के दो शानदार स्कोर के साथ दूसरों को पीछे छोड़ा। उन्होंने कुल 592 अंक बनाए। सेना के अनुभवी चैन सिंह 591 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण प्रोन में 200 अंक के बावजूद 589 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज कुमार और ऐश्वर्य तोमर क्रमशः 579 और 576 के स्कोर के साथ आखिरी दो स्थानों पर रहे। इस बीच दोहा में खेली जा रही ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप से भारत के ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को दौड़ से बाहर हो गए। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमान 119 अंक के साथ 23वें स्थान पर रहे। विवान कपूर 56वें (116 अंक) और जोरावर सिंह संधू निराशाजनक 82वें (114 अंक) स्थान पर रहे।

# स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार, जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को ब्रेकथ्रू पुरस्कार मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया।

# सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ी

**सेविले ( स्पेन )।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।